CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 30 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 349 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा की मौजूदा सरकार 'नंबर एक' : अखिलेश यादव पेज 2



स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन किए पूरे खेल टाइम्स



वनों का कटान एक गंभीर समस्या सम्पादकीय



पानी को हथियार बना रहा भारत: शेरी रहमान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने ऋण निपटान मामले में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि ये छापेमारी इंदरजीत सिंह यादव, उनके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अन्य संबंधित संस्थाओं से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। तलाशी में पता चला कि यादव द्वारा कॉरपोरेट घरानों और निजी वित्तदाताओं के बीच ऋण निपटान की सुविधा के लिए एक वेबसाइट/पोर्टल विकसित और संचालित किया गया था। इसके अलावा अभियान के दौरान यह भी पता चला है कि धन शोधन की आय का उपयोग करके यादव और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर विभिन्न चल और अचल संपत्तियां अर्जित की गई है। ईडी ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज की गई 15 से अधिक प्राथमिकी और आरोपपत्र के आधार पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू की।

### नौसेना का स्वदेशी पाल नौकायन पोत ओमान रवाना

**नई दिल्ली।** नौसेना के पारंपरिक तरीके से सिले हुए स्वदेशी पाल नौकायन पोत आईएनएस कौंडिन्य ने सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान सल्तनत के मस्कट के लिए अपनी पहली विदेशी समुद्री यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पोत को बनाने वाली टीम को बधाई देते हुए इसके चालक दल को सुरक्षित और यादगार यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह ऐतिहासिक अभियान जीवंत समुद्री यात्रा के माध्यम से भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने, समझने और उसे मनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हो रहा है।

### PDUNASS और ICCFG के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्था पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस) ने आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस (आईसीसीएफजी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से सोमवार को बताया गया कि पीडीयूएनएएसएस के क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त-प्रथम राम आनंद और आईसीसीएफजी के महासचिव शांति नारायण ने यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पीडीयूएनएएसएस के निदेशक कुमार रोहित ने इस साझेदारी की रणनीतिक अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि भारत के सामाजिक सुरक्षा परिदृश्य में परिवर्तनकारी सुधारों के बीच ईपीएफओ की जिम्मेदारियां बढ़ रही हैं, ऐसे में हमारे अधिकारियों को न केवल प्रक्रियात्मक दक्षता बल्कि नैतिक योग्यता की भी आवश्यकता है।

# सेना के आधुनिकीकरण के लिए 79000 करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- भारत की सैन्य शक्ति में होगा बड़ा इजाफा: रक्षा मंत्री
- रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं की आवश्यकताओं पर मंथन के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किए गए इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई। वायुसेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-2 मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई। लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक प्रहार के लिए किया जाता है, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार की, कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उनका पीछा करने में सक्षम होते हैं। लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट प्रणाली की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाएंगे, जिससे लक्ष्यों पर प्रभावी प्रहार संभव होगा। उन्नत रेंज वाला इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 सामरिक युद्ध क्षेत्र और हिन्टरलैंड में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। नौसेना के लिए खरीदा जाने वाला बोलार्ड पुल टग्स की तैनाती से नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों को बंदरगाहों और संकरे जल क्षेत्रों में बर्थिंग, अनबर्थिंग और संचालन में सहायता मिलेगी। यह एक विशेष तरह की टगबोट होती है, जो जहाजों को खींचने में सक्षम होती है। हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो बोर्डिंग और लैंडिंग अभियानों के दौरान लंबी दूरी की सुरक्षित संचार व्यवस्था को मजबूत करेगा।

### सीबीआई ने टीवीके के दो नेताओं के बयान दर्ज किए

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के महासचिव अधर्व अर्जुन और पार्टी पदाधिकारी निर्मल कुमार सोमवार की सुबह सीबीआई के सामने पेश हुए और अधिकारियों के सामने अपने बयान दर्ज कराए। सीबीआई ने स्थानीय पुलिस से मामला अपने हाथ लिया है। वह इससे जुड़े व्यक्तियों को तलब कर उनकी भूमिका की जांच कर रही है। इसी प्रक्रिया के तहत अधर्व अर्जुन और निर्मल कुमार को बुलाया गया था। दोनों नेताओं ने कहा कि जांच में पूरा सहयोग करेंगे और संबंधित सभी जानकारी जानकारी साझा करेंगे।

# कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका

## शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत आदेश पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी।

यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में कानून के कई महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हुए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर जमानत पर रिहा हुए व्यक्ति को सुने बिना उसके आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती, लेकिन इस मामले के तथ्य 'असाधारण' हैं। न्यायालय ने -शेष पृष्ठ दो पर

**उन्नाव दुष्कर्म कांड**





**कोर्ट ने सेंगर को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया**

### अरावली केस: सुप्रीम कोर्ट का अपने ऑर्डर पर स्टे

- कोर्ट ने पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को दी थी मंजूरी, अब रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी। अदालत ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पीठ ने टिप्पणी की कि हम यह आवश्यक समझते हैं कि समिति की सिफारिशों और इस अदालत के निर्देशों को स्थगित रखा जाए।

# असम ही नहीं, पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान: शाह

## गृह मंत्री ने असम में कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

- अमित शाह ने घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया।

बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का गायन-बयान (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां गुरु आसन पूजनीय संत की सीट रखी है। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला सबसे पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था। इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना (आविर्भाव क्षेत्र), महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने एक भारत का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। अमित शाह ने दावा किया कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए, इन समझौतों की 92 फीसदी शर्तें पूरी हो चुकी हैं। शाह ने कहा कि बीजेपी पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है। क्या यह सही था कि शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे? मैं हिमंत बिस्वा सरमा को यहां से घुसपैठियों को हटाने और नामघर को फिर से स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं। एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन घुसपैठियों से आजाद कराई गई है।

# ललित मोदी ने वायरल वीडियो पर मांगी माफी

- लिखा: मैं भारत सरकार से माफी मांगता हूं

**नई दिल्ली।** भारत में आर्थिक अपराधी घोषित ललित मोदी का 22 दिसम्बर को वीडियो सामने आया था। इसमें वो भगोड़े विजय माल्या के साथ नजर आए थे।

इसमें ललित ने खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कहा था। अब ललित ने अपने वीडियो पर माफी मांगी है। एक्स पोस्ट में ललित ने लिखा कि मेरे बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हों, खासकर भारत सरकार की, तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं। बयान का आशय वैसा नहीं था, जैसा उसे समझा गया। किसी भी गलतफहमी के लिए फिर से माफी मांगता हूं।

# आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में लगी आग, एक की मौत, दो कोच जले

**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम से करीब 66किमी दूर येलमंचिली में टाटानगर- एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच



गई थी। जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को बी1 कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है।

# उप्र में अब 15 जनवरी को खुलेंगे स्कूल

- दो दिन पहले हो गई जाड़े की छुट्टियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के प्राथमिक स्कूलों में आज से शीतकालीन अवकाश शुरू हो गए हैं। यह अवकाश 31 दिसम्बर से होते थे। सीएम के आदेश के बाद वह सोमवार से शुरू हो गए।

परिषदीय विद्यालयों में इस साल दो दिन पहले ही जाड़े की छुट्टी हो गई है। इससे बच्चों के साथ शिक्षकों को भी राहत मिली है। हालांकि, कुछ जिलों ने इस दौरान शिक्षकों को बुलाने का आदेश दिया था, लेकिन निदेशालय की सख्ती के बाद उन्हें अपना आदेश संशोधित करना पड़ा। परिषदीय विद्यालयों में जाड़े की छुट्टियां वैसे तो 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक होती हैं, लेकिन इस बार भीषण शीतलहर को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने 29 दिसम्बर से एक जनवरी तक 12वीं तक के विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। अब स्कूल सीधे 15 जनवरी को खुलेंगे। अमेठी, प्रतापगढ़ जैसे कुछ जिलों ने छुट्टियों में शिक्षकों को विद्यालय आने और आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए थे। मामला बेसिक शिक्षा निदेशालय के संज्ञान में आया और वहां के कड़े निर्देश के बाद इन जिलों ने भी अपने यहां संशोधित आदेश जारी कर दिया।

### 125 से अधिक उड़ानें रद्द, आठ दूसरे शहरों में भेजी गईं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण सोमवार सुबह को 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं और आठ उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए रवाना करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक विभिन्न एयरलाइंस की यहां से जाने वाली 64 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा, दूसरे शहरों से यहां आने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द रहीं।

# ऐंजल चकमा हत्याकांड में राहुल गांधी की एंट्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या नफरत का नतीजा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा के साथ हुई बर्बरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश में फैल रही नफरत का ताजा उदाहरण है।

श्री गांधी ने दोनों भाईयों को न्याय देने की मांग करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देहरादून में अंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ वह एक भयानक घृणा से उपजा अपराध है। नफरत रातोरात पैदा नहीं होती। अब वर्षों से इसे रोजाना -विशेष रूप से युवाओं को-जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना आख्यानों के माध्यम से नफरता का जहर खिलाया जा रहा है और सत्तारूढ़ भाजपा के नफरत फैलाने वाले नेतृत्व द्वारा इसे सामान्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण बंधुत्व, समानता और प्रेम आधारित है तथा एकता पर हुआ है। भय और दुर्व्यवहार के लिए इस माहौल में कहीं काई जगह रही नहीं है।

### रिटायर सैनिकों को प्राइवेट अस्पतालों में इलाज नहीं मिलता: राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी में रिटायर सैनिकों से मुद्दे उठाए। संसद में आयोजित बैठक में राहुल ने कहा कि रिटायक सैनिकों को जब प्राइवेट अस्पतालों में रैफर किया जाता है, तो उन्हें वहां इलाज नहीं मिलता। राहुल ने बैठक में कहा है कि पूर्व सैनिकों की भर्ती और पुनर्वास में कमी है। बड़ी संख्या में रिटायर सैनिकों को रोजगार और तय सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। दरअसल, राहुल गांधी रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सदस्य हैं। आज की बैठक का एजेंडा पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनके लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों की समीक्षा करना था।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी बलात्कारियों को बचाने के पक्ष में

**लखनऊ।** उन्नाव रेप केस में सजायाफ्ता कुलदीप सेंगर की जमानत के हाईकोर्ट के फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाजवादी पार्टी ने स्वागत किया है और कहा कि कमजोर पैरवी की वजह से कुलदीप सेंगर को जमानत मिल गई थी। बीजेपी का चरित्र सामने आ गया है, वो हमेशा बलात्कारियों के पक्ष में खड़ी रहती है। उन्नाव रेप केस में कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक लगने पर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि बीजेपी का चरित्र सामने आ गया है। कहीं वो बलात्कारियों की सजा माफ करती है, तो कहीं बलात्कारियों के पक्ष में खड़ी रहती है और कुलदीप सेंगर के मामले में तो जब से ये शुरू हुआ, तब से हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही मुकदमा लिखा गया और कार्रवाई हुई। सपा नेता ने कहा कि कमजोर पैरवी की वजह से हाईकोर्ट से उसे जमानत मिल गई थी, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है।

### सेंगर के समर्थन में उतरा पुरुष आयोग

**लखनऊ।** उन्नाव रेप केस में दोषी कुलदीप सेंगर के समर्थन में पुरुष आयोग आ गया है। आयोग की अध्यक्ष बरखा त्रेहन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले रविवार को मीडिया में यह बयान दिया था कि बलात्कार जैसे मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पीड़िता को लेकर भी सवाल उठाया था कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से न्याय नहीं मिलेगा। बरखा त्रेहन ने कहा कि हमें अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए, इसीलिए वे कुलदीप सेंगर के समर्थन में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने गईं थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि जो लोग संविधान की किताब लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, क्या उन्हें कोर्ट के फैसले का सम्मान नहीं करना चाहिए, कोर्ट ने उन्हें निर्दोष नहीं किया।

### मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

# यूपी के कई शहर भीषण ठंड की चपेट में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ एक जनवरी तक 12वीं तक स्कूल बंद करने के आदेश, आगरा, सहारनपुर में दृश्यता शून्य

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। वाराणसी, कानपुर शहर, प्रयागराज, गाजीपुर, शाहजहांपुर, हरदोई और आसपास के जिलों में दिन के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इस बीच योगी सरकार ने एक जनवरी तक 12 तक के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए सोमवार और मंगलवार को घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रह सकती है। रविवार को लखनऊ में इस मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान गिरकर 15.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 5.8 डिग्री कम रहा। इससे पहले 19 दिसम्बर को अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार, पिछले साल दिसम्बर में लखनऊ का न्यूनतम दिन का तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए लखनऊ में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, दिन में कोल्ड डे की स्थिति और सुबह के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान करीब 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश के अन्य शहरों में भी दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। शाहजहांपुर और हरदोई में सबसे कम 12.5 डिग्री, वाराणसी एयरपोर्ट और गाजीपुर में 13.5 डिग्री, वाराणसी बीएचयू में 13.9 डिग्री और बरेली में 14 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। आजमगढ़ और हमीरपुर में 14.2, कानपुर शहर में 14.3, उरई और मुजफ्फरनगर में 14.4, गोरखपुर और बलिया में 14.5 तथा प्रयागराज में 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति भी बनी रह सकती है।

### ठंड में भी जारी रहा सीएम का जनता दर्शन

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचंड ठंड में भी गोरखपुर में सोमवार को जनता के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे और सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीघ्ति व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कोडीनयुक्त कफ सिरप की पैरेलल सप्लाई चेन ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सीएम के निर्देश पर एफएसडीए का बड़ा एक्शन

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में अवैध नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। सूत्रों की मानें तो अगले माह एसआईटी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप सकती है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) को कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय- विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। विभाग ने कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन को लेकर देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। इस दौरान झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में विवेचना की गई और यूपी के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबा. री रिश्तों के सबूत जुटाए। इसके बाद प्रदेश में क्रैक डाउन शुरू हुआ, जिसने सिरप के अवैध डायवर्जन की परतें उधेड़ दीं। एसएसडीए की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए एक्शन शुरू किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाने को सही ठहराते हुए 22 मामलों में आरो. पियों की रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने 22 मामलों में आरोपियों द्वारा अरेस्ट स्टे की रिट याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। एफएसडीए ने पिछले तीन माह में कोडिनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर कुल 52 जनपदों में 332 से अधिक थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान प्राप्त अभिलेखीय एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 36 जनपदों की कुल 161 फर्मों/संचालकों के विरुद्ध बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# यूपी वालों का जनवरी में कम आएगा बिजली का बिल!

■ यूपीपीसीएल ने नए साल पर किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी में नए साल पर बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ा तोहफा दिया गया है। बिजली विभाग ने साल 2026 के जनवरी महीने में बिजली के बिल पर 2.33 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं का नए साल पर बिजली का बिल कम रहेगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

दरअसल उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी यूपीपीसीएल ने ईंधन अधिभार शुल्क को लेकर आदेश जारी किया है। जिसके तहत जनवरी महीने में बिजली के बिल में 2.33 प्रतिशत छूट रहेगी और एक महीने के लिए बिजली की दरें कम हो जाएंगी। इससे करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं का नए साल के पहले महीने का बिल कम आएगा। उत्तर प्रदेश में यूपीपीसीएल प्रत्येक महीने विद्युत का फ्यूल सरचार्ज निर्धारित किया जाता है। आदेश के तहत अक्टूबर महीने के ईंधन अधिभार का समायोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा। जिसका लाभ बिजली के सभी तरह के उपभोक्ताओं को मिलेगा और प्रदेश के उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये का सीधा लाभ होगा। इससे पहले सितंबर 2025 का ईंधन अधिभार दिसंबर में 5.56 प्रतिशत की दर से लिया गया था, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 264 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था।

# भ्रष्टाचार में भाजपा सरकार नंबर-1: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बन गया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है और भ्रष्टाचार के मामले में मौजूदा सरकार 'नंबर एक' बन चुकी है।

सोमवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशाई हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन अब 'लूट का मिशन' बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में अवैध कारोबारों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूरे उत्तर प्रदेश में नशे और अवैध धंधों का जाल फैला हुआ है। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं। जनता से किए गए वादे पूरे करने में सरकार विफल रही है और भ्रष्टाचार रोकने के उसके दावे खोखले साबित हुए हैं। कन्नौज जनपद के छिबरामऊ का उदाहरण देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि चार दिन में करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क उखड़ गई। भाजपा सरकार में सड़कें नहीं बनतीं, बल्कि 'कमीशनखोरी की सड़कें' बिछाई जाती हैं। तहसील और थाने भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं, जहां आम आदमी को अपने ही काम के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण आम जनता बुरी तरह परेशान और त्रस्त है। सपा जनता की आवाज बनेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा भ्रष्टाचार को सड़क से सदन तक उजागर करती रहेगी।

### कश्मीर के तंगमर्ग जंगलों में ट्रेकिंग पर पुलिस की पाबंदी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र के ऊपरी वन क्षेत्रों में ट्रेकिंग को लेकर सख्त प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए गैर-स्थानीय पर्यटकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जबकि स्थानीय निवासियों को जंगल क्षेत्रों में जाने से पहले पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। पुलिस ने इस बावत एक सुरक्षा परामर्श जारी किया है और इसे गत 21 दिसम्बर को डनवास वन क्षेत्र में हुई एक अनधिकृत ट्रेकिग की घटना के बाद जारी किया गया है। पुलिस ने कहा कि जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी तरह की सुरक्षा संबंधी गलतफहमी से बचने के लिए स्थानीय निवा. सियों को ऊपरी वन क्षेत्रों में प्रवेश से पहले संबंधित स्थानीय अधिकारियों से आवश्यक अनुमति लेनी होगी तथा स्थानीय पुलिस या प्रशासन को इसकी जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि गैर-स्थानीय पर्यटकों के लिए ऊपरी वन क्षेत्रों में प्रवेश और ट्रेकिग सभी परिस्थितियों में सख्त रूप से प्रतिबंधित रहेगी।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# ऑटो और आईटी कंपनियों के शेयर टूटे

**मुंबई, वार्ता**



■ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक गिरकर बंद हुए

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग डेढ़ सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 345.91 अंक (0.41 प्रतिशत) टूटकर 84,695.54 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबार दिवस पर लाल निशान में बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 100.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,942.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 18 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन खुलते ही दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। हालांकि कुछ ही देर बाद वे एक बार फिर गिरावट में आ गए। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, आईटी, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी और सार्वजनिक बैंकों के सूचकांकों में तेजी दर्ज की गई। एनएसई में कुल 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,185 के शेयरों में गिरावट और 1,022 में बढ़त रही। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में रहे। अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.22 प्रतिशत टूट गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 फीसदी और पावरग्रिड में 1.85 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.36 प्रतिशत, बीईएल का 1.26 और भारती एयरटेल का 1.14 प्रतिशत गिर गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 1.83 फीसदी और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी और जापान का निक्केई 0.44 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.04 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.02 प्रतिशत नीचे था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 फीसदी की बढ़त थी।

# चांदी 2.43 लाख किलो हुई, तो सोना 1.38 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन ऑलटाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 205 रुपए बढ़कर 1,38,161 पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,37,956 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 1,53,76 रुपए महंगी होकर 2,43,483 किलो हो गई है। इससे पहले ये 2,28,107 रुपए पर थी। इस साल सोना 61,999 रुपए और चांदी 1,57,466 रुपए महंगी हो चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,999 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,38,161 रुपए हो गया है। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई है, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल, चीनी और दालें रहीं मजबूत खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई, जबकि गेहूं के दाम टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा भी 30 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 161 रुपये और तुअर दाल 165 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 133 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल 92 रुपये और उड़द दाल 44 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 40 रिंगिट की गिरावट के साथ 4049 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत टूटकर 49.05 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 63 रुपये, सोया तेल की 53 रुपये और सरसों तेल की 52 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति का भाव 110 रुपये, मूंगफली तेल का 84 रुपये और सूरजमुखी तेल का 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। गुड़ के औसत भाव में 43 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चीनी की कीमत भी 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल चना 7814.33 रुपये, मसूर काली 8148.03 रुपये, मूंग दाल 10089.91 रुपये, उड़द दाल 10357.58 रुपये, तुअर दाल 10581.51 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्र गेहूं दड़ा 2853.64 रुपये और चावल 3850.88 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3293.77 रुपये प्रति क्विंटल। खाद्य तेल : सरसों तेल 17883.03 रुपये, मूंगफली तेल 17883.03 रुपये, सूरजमुखी तेल 15776.27 रुपये, सोया तेल 13796.77 रुपये, पाम ऑयल 12420.68 रुपये और वनस्पति 14450.39 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# उत्तर प्रदेश बना देश में सर्वाधिक पर्यटकों के आगमन वाला राज्य

**लखनऊ।** एक दशक पहले तक ताजमहल समेत कुछ अन्य ऐतिहासिक धरोहरें उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं मगर हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के चलते पर्यटन क्षेत्र को अभूतपूर्व रफ्तार मिली है और घनी आबादी वाले राज्य में प्रयागराज, काशी, मथुरा, अयोध्या समेत अन्य जिलों में स्थित धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल आज देश दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक स्थलों के नवीनीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास से यूपी ने घरेलू पर्यटन में देश में प्रथम तथा विदेशी पर्यटन में चौथा स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि 3.66 लाख विद. ेशी पर्यटकों ने प्रदेश की यात्रा की। इसकी सबसे बड़ी वजह प्रयागराज में आयोजित दिव्य-भव्य महाकुंभ-2025 रहा, जहां रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुलदीप सेंगर को...**

जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में सीबीआई ने एक विशेष अनुमति याचिका दायर 26 दिसम्बर, 2025 को दायर की थी। इसमें 23 दिसम्बर के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने सेंगर की अपील लंबित रहने के दौरान उनके आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। सेंगर को दिसम्बर 2019 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया था और 25 लाख रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सेंगर ने जनवरी 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी और बाद में मार्च 2022 में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उच्च न्यायालय ने 23 दिसम्बर को अपने आदेश में सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उनकी अपील के निपटारे तक कुछ शर्तों के अधीन उन्हें जमानत दे दी। हालांकि सेंगर अभी भी जेल में बंद है, क्योंकि वह पीड़िता के पिता की गैर-इरादतन हत्या से संबंधित एक अलग सीबीआई मामले में 10 साल की सजा काट रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन्नाव पीड़िता व परिजनों की जीत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के उन्नाव दुष्कर्म मामले में उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह फैसला पीड़िता और उसके साथ खड़े लोगों की जीत है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि आज उच्चतम न्यायालय के फैसले ने उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दी गई थी। उच्चतम न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि नाबालिग से दुष्कर्म और उसके परिजनों की हत्या का दोषी भाजपा का पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर जेल से बाहर नहीं आएगा। यह पीड़िता, उसके परिवार और उसके साथ खड़ी हर आवाज की जीत है। मगर यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि श्री मोदी कहते थे कि नाबालिग के दुष्कर्मियों को दोषी साबित होते ही फांसी दी जाएगी, लेकिन सभी ने देखा कि कैसे दुष्कर्मी और अपराधियों को बचाया जा रहा है। सेंगर का मामला अब उच्चम न्यायालय पहुंच चुका है। कुलद. ीप सिंह सेंगर हो, अंकिता भंडारी के दोषी हों या बिलकिस बानो के दोषी हों, मोदी और उनकी सरकार हर मामले में बेनकाब हुई है। आज न्याय की जीत हुई है।

### कांग्रेस ने अरावली पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा बदलने के केंद्र सरकार के प्रयासों पर उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का स्वागत किया है। पार्टी ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जिस तरह के तर्कों से इस बदलाव को सही ठहरा रहे थे, न्यायालय ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार के अरावली की परिभाषा बदलने के प्रयासों पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पार्टी स्वागत करती है।

# अगले सत्र में विधायकों को बिल पढ़कर आना होगा

■ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बोले- 19 को लखनऊ में होगा सम्मेलन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विधानसभा के सदस्य अपने सवालों को रखने के लिए परेशान रहते हैं। कभी-कभी उत्ते. जित भी हो जाते हैं, इस सत्र के दौरान एक ही दिन में 11 बिल पारित हुए हैं।

विधायकों को अगले सत्र में सदन में बिल पढ़कर आना होगा। किसी भी विधायक को रैंडम बोलने के लिए कहा जा सकता है। ये बातें सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कही। विधानसभा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मैंने सभी सदस्यों से कहा था कि एक बात को रिपीट न किया जाए, उसे मैं कार्यवाही में शामिल नहीं करूंगा। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करने के बाद कई पूर्व विधायक मेरे पास आए। पुराने सदस्य सदन की कार्यवाही की प्रशंसा कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर के 2 साल पूरे हो रहे हैं। विधायकों को इस बार अयोध्या ले जाएंगे, अगले विधानसभा सत्र में यह प्रयास करूंगा कि मैं किसी विधायक से कह दूंगा कि इस बिल पर आप बोलिए, चाहे वह हाथ उठाएं या न उठाएं. इससे कम से कम विधायक बिल को पढ़कर सदन में आएंगे। कम से कम उन्हें पता तो रहेगा कि बिल आखिर किस चीज के लिए है। अध्यक्ष ने कहा कि मैं सभी सदस्यों को सदन की कार्यवाही में भागीदारी कराने के लिए प्रयास करूंगा। वंदे मातरम पर भी इस बार चर्चा हुई। कई विधायकों को टीस रह गई कि उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला।

# वसुन्धरा रेजीडेंसी के मकान में सिलेण्डर फटने से महिला सहित तीन जिन्दा जले

## मौके पर फटा सिलेण्डर और अंगीठी मिली

**■ जिलाधिकारी, एसएसपी व दमकल विभाग मौके पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सोमवार की शाम मंडी क्षेत्र के वसुंधरा रेजीडेंसी स्थित एक मकान में अचानक सिलेण्डर फटने से घर में लगी भयंकर आग में महिला सहित तीन लोग जिन्दा जल गए, जबकि उनको बचाने पहुंचा राहगीर भी आग में बूरी तरह झुलस गया। कुछ ही देर में आग ने यहां भंयकर रूप धारण कर लिया था और एक के बाद एक फटे दो सिलेण्डरों की गूंज से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। सूचना के बाद नई मंडी पुलिसऔर दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी ने टीम की मदद से ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर यहां पड़े तीनों शवों को अस्पताल पहुंचाया। इस समय एक महिला और दो बच्चे नीचे कुत्ते को घूमा रहे थे जिसके चलते उनकी जान बची। घटना के बाद जिलाधिकारी व एसएसपी मौके पर पहुंच गए और उन्होने घटना की छानबीन की।

मूलरूप से जनपद शामली के निवासी अमित गौर पुत्र राम मोहन उम्र 50 वर्ष दो माह से नई मंडी क्षेत्र के अन्तर्गत वसुन्धरा रेजीडेंसी फेज-3 में अरविंद शाह के मकान में किराये पर रहते थे।

अमित गौर कस्बा देवबंद में कानूगो थे और वह सोमवार की शाम अपने परिवार की महिला 68 वर्षीय सुशीला पत्नी राममोहन गौर और नितिन गौर पुत्र राममोहन गौर 45 वर्ष के साथ ऊपरी मंजिल पर थे जबकि अमित की पत्नी रीचा और दो बच्ची अक्षिका व आराध्या नीचे कुत्ते को घुमा रहे थे।

अचानक ही अमित गौर के मकान में बम जैसा धमाका हुआ तो यहां आस-पासके लोगों के दिल दहल उठे और दहशत फैल गई। कुछ ही देर में मकान की दूसरी मंजिल पर आग की लपटे इधर-उधर फैलने लगी जहां नीचे घूम रही रीचा व बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी बीच इधर से गुजर रहे गुलशन पंवार पुत्र फुल सिंह निवासी सुजडू बचाव के लिए ऊपर पहुंचा तो आग ने उसको भी घेर लिया।

गुलशन ने नीचे पहुंचकर अपनी जान बचाई। उधर सूचना मिलने के बाद एसपी सिटी और दमकल विभाग की गाडियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। बताया जाता है कि जिस समय एसपी सिटी और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा उस समय यहां पर तीन शव पडे हुए थे जिनकी पहचान अमित गौर, नितिन गौर और सुशीला के रूप में हुई। मौके पर दो फटे हुए सिलेण्डरऔर एक अंगीठी भी शव के पास पडी हुई थी। पुलिस का अनुमान था अंगिठी से सिलेण्डर में आग लगी और सिलेण्डर फटने से घटना हुई है। सूचना के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और उन्होने घटना की छानबीन की इस समय यहां पर चारो ओर दहशत का माहौल था यदि समय रहता दमकल विभाग की गाडियां न पहुंची तो यहां भारी नुकसान हो सकता था। उधर घायल गुलशन पंवार को जिला अस्पताल से मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है। डीएम व एसएसपी ने इस घटना की जानकारी परिवार के अन्य लोगों को दे दी है जो शामली व आसपास के क्षेत्र से मौके पर पहुंच रहे है।





# बाइक सर्विस की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा क्षेत्र के हलवाइयांन मस्जिद के निकट आशु फरीदी ने बाइक रिपेयरिंग की दुकान खोल रखी है। अचानक आशु की दुकान से जब धुंआ उठतादिखा तो आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गए। दमकल विभाग की गाडियों ने आग पर काबू करे के लिए पानी की बौछार की। बताया जाता है कि इस दुकान के पास ही सैनेटरी की दुकान है और यहां पर ज्वलनशील सामाग्री भी रखी थी। दमकल विभाग ने कुछ देर बाद ही आग पर काबू पाया और बड़ी घटना होने से बचाई, लेकिन आशु की दुकान में रखा सामान व खडी बाइके पूरी तरह जल चुकी थी। आशु फरीदी का कहना है कि इस आग में उसे कई लाख का नुकसान हुआ है और उसके लिए रोजी रोटी का साधन भी पूरी तरह तबाह हो गया है। पीडित ने प्रशासन से सहायता की मांग की है। आशु ने यह भी बताया कि पांच बाइके व कीमती सामान भी था और आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।



मुजफ्फरनगर: लॉटरी से ड्रा निकालकर चयनित हुए गरीबों के घर, मंत्री ने सौंपी चाबी।

## थाने के बाहर शव रखकर आर्थिक सहायता की मांग

**मुज़फ्फरनगर/तितावी।** हाईवे के तितावी क्षेत्र मे ग्रामीण की हुई मौत के बाद गुस्साएं ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को थाने केसामने रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक केपरिजनों को पांच लाख की आर्थिक सहायता ओर तीस हजार रूपये का मुआवजा दिया जाए।

शव मुख्य मार्ग पर रखा होने के कारण दोनो और लम्बी कतारे लग गई और मौके पर पहुंची सीओ ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अडे रहे। बता दे कि तितावी थाना क्षेत्र के गांव अटाली निवासी 25 वर्षीय अजय पुत्र बिट्टू रविवार की शाम साढ़े छह बजे अपने गांव से बघरा सीएचसी आ रहा था।

सूत्रों का कहना है कि अजय की पत्नी प्रसव पीडा के चलते बघरा सीएचसी में थी जब वह बाइक द्वारा बाइपास पुल नसीरपुर कट के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकोरौंद डाला जहां पुलिस द्वारा उसको अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीण और परिजन शव को लेकर थाने के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान धरने पर भाकियू नेता धीरज लाटियान, सुमित कश्यप, प्रवेश प्रधान, रमन प्रधान, धर्मेन्द्र प्रधान, नीरज प्रधान मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी दावे तो करते है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतू कोई जमीनी प्रयास नहीं कर रहे जिस कारण ग्रामीणों की जान जा रही है।

# भाजपा सरकार में साकार हुआ गरीबों का सपना: कपिल

## 42 पात्रों को सौंपी गई आशियाने की चाबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बनाए गए आवास लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवंटित किए गए। सोमवार को मेरठ रोड स्थित विकास प्राधिकरण (एमडीए) कार्यालय में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप लाभार्थियों को उनके पक्के आवास के दस्तावेज और प्रतीकात्मक चाबियाँ प्रदान करते हुए भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी नीति और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर हमें यह याद दिलाता है कि सरकारी योजनाएं सही दिशा में लागू हों, तो किसी भी गरीब और जरूरतमंद परिवार का जीवन बदल सकता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाले समय में भी हर पात्र व्यक्ति को आवास योजना का लाभ मिले।जिससे उनका जीवन स्थायित्व और सम्मान के साथ आगे बढ़ सके।प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कुल 197 डूडा पात्र आवेदकों ने आवेदन किया था, जिनमें से तीन आवेदकों ने पहले ही अपने आवेदन वापस ले लिए थे। इसके बाद कुल 194 पात्र आवेदक शेष रहे। इनमें से लॉटरी प्रणाली के माध्यम से 42 भवनों का आवंटन किया गया। योजना में वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के लिए दो भवन आरक्षित थे, लेकिन इस श्रेणी में कोई आवेदन प्राप्त न होने के कारण कुल 42 भवनों का ही आवंटन संभव हो सका। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों में आवंटन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सीडीओ कमलकिशोर कंडारकर, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी वभाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पति ने दिया तलाक, प्रेमी ने बीच राह छोड़ा

**■ दो बच्चों की मां ने अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** पहले जीवन साथी बनाने के वादे किये, लेकिन कुछ दिन बाद ही उनके बीच जाति की दीवार सामने आ गई जिसके चलते महिला एक बार फिर अकेली पड गई। प्रेमी साथी के मिलने के बाद वो यह समझ रही थी कि अब उसको और उसके दो बच्चों को जीने का सहारा मिल गया है, लेकिन उसकी जिन्दगी एक सपना बनकर रह गई। जिन्दगी भर साथ निभाने का वादा करने वाले युवक ने यह कहकर साथ छोड दिया कि तुम दलित हो। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि यह दो बच्चों की मां की हकीकत है पहले पति ने तलाक देकर उसे और उसके दो बच्चों को बेसहारा करके छोड दिया था और अब प्रेमी ने भी अपनाने से इंकार कर दिया अब पीडिता न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रही है।

बताया जाता रहा है कि जनपद के थाना मंसूरपुर के एक गांव की रहने वालीयुवती की शादी 2014 में नई मंडी क्षेत्र के समीपवर्ती एक गांव में हुई थी किसी बात को लेकर पति और पत्नी के बीच अनबन शुरू हुई और मामुली से यह मनमुटाव तलाक तक पहुंच गया। पति ने तलाक देकर महिला को हमेशा के लिए छोड दिया इस समय उसके सामने सबसे बडी समस्या उसके दो बच्चों के पालन पोषण की थी इसी बीच 2023 में महिला की मुलाकात जनपद मेरठ के रहने वाले युवक से हुई। उक्त युवक मुजफ्फरनगर में एक होटल चलाता है और मुलाकात प्यार में बदली और दोनो के बीच शादी के वायदे हुए। तलाकशुदा महिला को लगा कि अब उसको दो बच्चों के पालन पोषण के लिए सहारा मिल गया है और वह उक्त युवक के साथ रहने लगी। शादी से लिव-इन का का सफर भी एक सपना बनकर रह गया। काफी समय तक दोनो साथ रहे, लेकिन जब दो बच्चों की मां विवाहिता ने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो वह उससे दूरियां बनाने लगा। महिला अपने बच्चों के साथ मंडी क्षेत्र के एक गांव में किराये के मकान में रहने लगी ओर उक्त युवक भी उसके साथ पति-पत्नी की तरह रहा, लेकिन जब भी शादी की बात आई तभी वह महिला को टालता रहा। हालात यहां तक आ गए कि महिला ने जब शादी का दबाव बनाया तो फोन पर बाते भी बंद हो गई। आरोप तो यह है कि विवाहिता दलित परिवार की है और युवक के सामने यही जाति की दीवार आई तो युवक ने साफ कह दिया कि वह दलित युवती को अपनी पत्नी नहीं बना सकता। कुल मिलाकर एक बार फिर विवाहिता अकेली पड गई और उसने अधिकारियों से इंसाफ मांगा है। उधर सीओ मंडी ने बताया कि महिला के बयान दर्ज कर लिए गए और एसएसपी के आदेश पर इस मामले की जांच चल रही है।

# मनुस्मृति के अपमान के विरोध में दलित व पिछड़े मजदूर-किसानों का प्रदर्शन

**■ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने धरना भी दिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**मुजफ्फरनगर।** हिन्द मजदूर किसान समिति के बैनर तले सैंकड़ों दलित एवं पिछड़े वर्ग के मजदूर प्रदर्शनकारियों ने मनुस्मृति का अपमान करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई ।

सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान समिति के पदाधिकारियों के साथ मजदूरों और किसानों ने धरना भी दिया। धरने को संबोधित करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर मनुस्मृति को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है और इसे मानवता विरोधी बताने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति के प्रथम अध्याय के श्लोक 110 और 111 में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि प्रत्येक मनुष्य जन्म से समान होता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि मनुस्मृति जातिभेद का समर्थन नहीं करती। इस दौरान हिन्द मजदूर किसान समिति के सरपंच राजपाल ने कहा मनुस्मृति और सनातन संस्कृति को भ्रष्ट राजनीति का शिकार बनाया गया है, जबकि मनुस्मृति को मानव समाज का पहला विधान माना जाता है, जिसका मूल स्वरूप मानवतावादी है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ऐसे ग्रंथों का अपमान समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हिन्द मजदूर किसान समिति ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मनुस्मृति का अपमान करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि समाज में सौहार्द बना रहे। इस दौरान उपसरपंच दीपक, मोरना ब्लाक अध्यक्ष पदम सिंह, पुरकाजी ब्लाक अध्यक्ष विकास, जानसठ ब्लाक अध्यक्ष नवीन, सदर ब्लाक अध्यक्ष विनोद, खतौली ब्लाक अध्यक्ष सुनील, शाहपुर ब्लाक अध्यक्ष तपेंद्र, बघरा ब्लाक अध्यक्ष कार्तिक, बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष पंकज, चरथावल ब्लाक अध्यक्ष प्रवीन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और दलित एवं पिछड़ा वर्ग के लोग रहे।

# टिंकू की बरामदगी को पुलिस कार्यालय पर प्रदर्शन

## 8 दिसम्बर से गायब है सोहजनी का रविकांत, मांगेराम त्यागी ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर के सोंहजनी के लापता टिंकू उर्फ रविकांत की बरामदगी न होने से नाराज ग्रामीणों ने भूमिहार त्यागी समाज के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी के धरना देकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि पुलिस के डर से पहले मां ने खुदकुशी की और बाद में बेटा गायब हो गया। एसएसपी संजय वर्मा के कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र के सोंहजनी गांव का टिंकू उर्फ रविकांत आठ दिसंबर से गायब है।

टिंकू का आखिरी लोकेशन जयपुर मिला था। पुलिस उसकी तलाश में गई थी, लेकिन वो नहीं मिल सका। टिंकू के परिवार के साथ हुई अनहोनी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। सोमवार को सॉहजनी के ग्रामीणों ने भूमिहार त्यागी समाज के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में एसएसपी आफिस पहुंचकर प्रदर्शन किया।

मांगेराम त्यागी ने आरोप लगाया कि एक मामले में पुलिस ने टिंकू के परिवार को प्रताड़ित किया। यही नहीं उनसे पैसे भी वसूले गए। गुलिस कार्रवाई के डर से टिकू की मां ने अपनी जान दे दी, जबकि टिंकू गायब हो गया।

इतना लंबा समय बीतने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। किसान नेता त्यागी की मांग थी कि टिंकू को अविलंब बरामद करने के साथ दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो अपनी मां पर अडिग रहे। बाद में मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी संजय वर्मा से मिलकर अपनो बात रखी। कप्तान ने वर्मा ने पूरी बात सुनने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और लापता टिंकू को सकुशल बरामद करने के लिए टीम गठित करने का भरोसा दिलाया। इस आश्वासन पर ग्रामीण वापस लौट गए।



मुजफ्फरनगर: सोमवार को दोपहर के वक्त भी छाया रहा कोहरा।

# 32 लाख के खोए मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे

**■ बिहार, राजस्थान, दिल्ली और यूपी से बरामद हुए मोबाइल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा के निर्देशन और एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जनपद पुलिस के खोए हुए 171 स्मार्टफोन बरामद करते हुए उनके स्वामियों के सुपुर्द किए है। इनकी कीमत 32 लाख रूपये आंकी गई है और यह मोबाइल बिहार, राजस्थान, दिल्ली और यूपी से बरामद किए गए है।

बता दे कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में नागरिकों के गुम व खोए हुए मोबा. इल फोनो की बरामदगीके लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें एसपी क्राइम के निर्देशन और सर्विलांस के सहयोग से गुम हुए कीमती मोबाइलों को बरामद किया जा रहा है।

सरकार ने संचालित पोर्टल एंव आधुनिक सर्विलांस तकनीक की सहायता से चार माह से खोए हुए मोबाइलों को बरामदगी के लिए कार्यवाही की जा रही थी। पुलिस लगातार छानबीन और मोबा. इल बरामदगी की कार्यवाही में लगी रही और करीब चार माह बाद पुलिस ने 171 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने मोबाइल बरामदगी के बाद सभी मोबाइल स्वामी पीडितों को बुलाया और उनके खोए हुए मोबाइल उनके सुपुर्द किए।



मुजफ्फरनगर: सर्विलांस के जरिए बरामद मोबाइलों को सौंपते एसएसपी।

# निजी यूनीपोल पर कब्जे से जाट महासभा की हो रही है निंदा

**■ चौधरी चरण सिंह के नाम का दुरुपयोग कर धमकी का आरोप**

मुजफ्फरनगर। सत्यप्रकाश रेशू ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें डराने-धमकाने तथा 'मिटी में मिला देने' जैसे बयान सार्वजनिक रूप से दिए गए, जो निंदनीय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चौधरी चरण सिंह उनके भी प्रेरणास्रोत हैं और वे समाज की समरसता के प्रहरी रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की रोजी-रोटी से जुड़े निजी यूनिपोल पर बिना अनुमति फ्लेक्स लगाए गए हैं। रेशू ने मांग की कि जिन लोगों ने फ्लेक्स लगाए हैं, वे स्वयं उन्हें तत्काल हटाएं तथा गलत बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि चौधरी चरण सिंह की नीतियों और विचारों का सम्मान बना रहे। रेशू ने कहा कि धार्मिक व सामाजिक




समरसता के प्रतीक चौधरी चरण सिंह के नाम पर किसी की निजी संपत्ति पर कब्जा कर चौक का नामकरण करना उनकी नीतियों के विरुद्ध है। उनका कहना था कि बिना विश्वास में लिए "रेशू चौक" का नाम बदलकर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह चौक करना गलत है। यदि चौधरी साहब के नाम पर चौक का नाम रखना ही था तो मेरठ चुंगी, मेरठ वाई-पॉइंट या पिन्ना चौक जैसे सार्वजनिक स्थलों को चुना जाना चाहिए था, जहां प्रतिदिन हजारों लोग नमन कर पाते। उन्होंने जाट समाज के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि इस समाज ने देश को संत, किसान, सैनिक, प्रशासक, जनप्रतिनिधि और उद्योगपति दिए हैं तथा समाज हमेशा देश की एकता और भाईचारे के साथ खड़ा रहा है। कुछ चंद लोगों द्वारा जाट महासभा व चौधरी चरण सिंह के नाम का दुरुपयोग करना समूचे जाट समाज की छवि को ठ नुकसान पहुंचाने का प्रयास है, जिसकी सर्व समाज द्वारा निंदा की जा रही है। रेशू विहार चौक स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता में सत्यप्रकाश रेशू ने कुछ लोगों पर जाट समाज को बदनाम करने, निजी यूनिपोल पर जबरन कब्जा करने और सार्वजनिक मंच से धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सत्यप्रकाश रेशू ने बताया कि उन्होंने यह विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, सांसद चंदन चौहान सहित कई जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के समक्ष रखा था। इस से पर आश्वासन दिया गया था कि 24 दिसंबर 2025 को यूनिपोल से फ्लेक्स हटवा दिए जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह की नीतियों के विरुद्ध कार्य करने वालों की सच्चाई सामने लाने और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए यह आवाज उठाई जा रही है, जिसमें सर्व समाज के समर्थन की अपेक्षा है। वार्ता में कोटद्वार कण्व आश्रम से विश्वपाल जयंत, हिंदू जागरण मंच से नरेंद्र पंवार, क्रांति सेना से ललित मोहन शर्मा, शिवसेना से मनोज सैनी, जाट समाज से गजेंद्र राणा, आर्य समाज से मुकेश आर्य, ठाकुर समाज से अरुण प्रताप सहित अनेक गणमान्य लोग रहे।

# हर कामयाबी में मकतब की अहमियत

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**शाहपुर।** कारी ज़ाकिर हुसैन साहब क़ासमी, जनरल सेक्रेटरी ज़िला मुज़फ्फरनगर के निर्देश पर तहसील बुढ़ाना की खानक़ाह आलिया क़ादरिया सिफ़तुल फ़ुक़रा, मौज़ा कसेरवह में आयोजित हुई। यह बैठक खानक़ाह के सरपरस्त जनाब कारी आमिर साहब, सदर तहसील बुढ़ाना के आयोजन में तथा मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी, तहसील जनरल सेक्रेटरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर मे महमाने खुसूसी मुफ़्ती आदिल साहब, सेक्रेटरी ज़िला मुज़फ्फरनगर ने अपने बयान में कहा कि मकतब हमारे लिए सांस की तरह होने चाहिए। जिस प्रकार जीवन के लिए सांस लेना ज़रूरी है, उसी प्रकार हमारी कामयाबी के लिए मकतबों का क़ायम होना ज़रूरी है। कारी आमिर साहब ने कहा कि हर कार्य में इख़लास और अख़लाक़ होना ज़रूरी है। यदि इख़लास के साथ थोड़ा भी काम किया जाए तो इंशा अल्लाह उसका बड़ा असर होता है। इस जमाअत की बुनियाद ही इख़लास पर रखी गई थी, इसलिए हम भी इख़लास के साथ कार्य करेंगे। मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी साहब ने जमीयत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जमीयत उलमा हिंद के बहुत से विभाग हैं, जिनमें एक मजबूत विभाग यूथ क्लब भी है, जिसके माध्यम से देश और समाज के नौजवानों को मज़बूत बनाया जाता है। उमरपुर जामा मस्जिद के इमाम व ख़तीब मौलाना फ़ारूक़ साहब ने कहा कि जहां मुसलमानों की संख्या कम है, उन इलाक़ों की चिंता करना भी ज़रूरी है। नंगला से मौलाना ज़ाहिद साहब, सदर ब्लॉक बुढ़ाना ने कहा कि जो मकतब क़ायम किए जाएं, उनकी निगरानी भी होनी चाहिए। ब्लॉक बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ अय्यूब त्यागी ने कहा कि इस्लाहे मुआशरा भी एक अहम विभाग है, जिसमें समाज की सुधार के लिए आपसी नसीहत और भलाई का हुक्म व बुराई से रोकने का काम किया जाता है।

इस बैठक में माशाअल्लाह नौ (9) मकतबों की स्थापना अमल में आई, जिनकी सरपरस्ती में मौलाना फ़ारूक़ उमरपुर, मौलाना ज़ाहिद नंगला, मौलाना अब्दुल हक़ लोई सराया आदि कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेरू मुफ़्ती आदिल (ज़िला सेक्रेटरी), कारी आमिर (तहसील सदर), मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी (तहसील जनरल सेक्रेटरी), नायब सुदूर मौलाना अब्दुल हक़ लोई, मौलाना फ़ारूक़ उमरपुर, मौलाना तौसीफ़ कल्याणपुर, मौलाना ख़ालिद दब्हेड़ी, तहसील सेक्रेटरी हाफ़िज़ हुसैन, एम.जे. पब्लिक स्कूल शोरम के कारी ज़ाकिर, के.पी. स्कूल शाहपुर के मास्टर हुसैन ख़ाज़न, कारी अरमान किसरोह, ब्लॉक सदर मौलाना ज़ाहिद नंगला, ब्लॉक जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ अय्यूब त्यागी, मौलाना साबिर शोरम, हाजी शाहिद बुढ़ाना, मौलाना हुसैन शाहपुर, मौलाना फ़ारूक़ किसरोह, मौलाना सरताज किसरोह, हाफ़िज़ मुस्तक़ीम शोरम, कारी इरफ़ान हुसैनपुर, हाफ़िज़ सज्जाद बुढ़ाना एवं अन्य उलमा, इमाम और ज़िम्मेदारान।

# जन नेता और महान कवि थे वाजपेयी:रामकुमार शर्मा

**मोरना।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सप्ताह में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को मोरना के जे पी एस स्कूल में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भाजपा के सौजन्य से एक संगोष्ठी एवं लघु कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला संयोजक रामकुमार शर्मा एवं सह संयोजक पंकज शर्मा द्वारा स्कूल की छात्राओं कशिश ,सिमरा, अदिति, छवि एवं कनिष्का को स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की रचनाएं पढ़ने पर पटका एवं मोतियों की माला पहना कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर युवा कवि पंकज शर्मा ने देश और अमर शहीदों के जीवन से जुड़ी रचनाएं सुना कर मन मोह लिया। गगन में लहरता है भगवा हमारा चमकता रहे पूज्य भगवा हमारा। जिला संयोजक रामकुमार शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के व्यक्तित्व पर आधारित रचना नाम अटल और काम अटल तत्पर रहे अटलता से जीवन सरल सात्विक रखा शासन किया सफलता से सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को अटल जी से जोड़ दिया। शिक्षक एवं कवि मा.के पी सिंह ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर शानदार रचना पढ़ी । स्कूल के डायरेक्टर के के शर्मा ने अपने संबोधन में वाजपेयी के सुशासन ,उपलब्धियों और कवि हृदय का वर्णन किया। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह , मनोज कुमार ,अनुज गोयल, रवि आर्य ,डा अनिल प्रजापति एवं स्कूल से शिक्षिकाएं अपूर्वा,दीपांशी,विनीता शर्मा ,शिवानी शर्मा, तनु धीमान उपस्थित रहे।

# लाखों की संपत्ति ठगने के बाद भी बाज नहीं आए ठग

## अब अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांगे एक लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दो ठगों ने एक परिवार से पहले तो सोने और चांदी के लाखों रुपये की कीमत के जेवरात ठगे। फिर उसके बाद परिवार की एक महिला के अश्लील फोटो वायरल करने के नाम पर एक लाख रुपये की मांग कर डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना गांव निवासी एक व्यक्ति ने फुगाना पुलिस को बताया कि मेरे लड़के की पत्नी के मोबाइल पर इंस्टाग्राम से एक नम्बर से चौट द्वारा वार्ता होने लगी तो उसने अपना नाम शहजाद बताया और कहा कि हम पैसा एक महीने में डबल कर देते हैं तो मेरी पुत्रवधु ने कहा कि मेरे पास पैसे नही हैं।

जिस पर उसने कहा कि तुम्हारी शादी हो गयी तो उसने कहा कि हां मैं शादीशुदा हूं तो उसने कहा कि हम आभूषण भी डबल कर देंगे और वह बीती 7 दिसम्बर को गाडी से हमारे घर आये। जिसमें से चालक ने अपना नाम रूपेश और उसमें बैठी एक महिला ने अपना नाम दीपाली निवासीगण फरीदाबाद सेक्टर 75 का बताकर मेरी पुत्र वधु से एक मंगलसुत्र करीब 7 ग्राम का, एक अंगुठी वजनी करीब 4 ग्राम सोने की, पायजेब करीब 10 तोले चांदी की, चैन व पैंडल चांदी के वजन करीब 4 तोले के और हथ फूल चांदी का वजन करीब 5 तोले के लेकर चले गये। उसके बाद उसकी पुत्रवधू की मामी सुनीता पत्नी विक्रम सिंह निवासी विजय नगर कालोनी बडौत बागपत से उनके फोन से वार्ता कर एक एक हजार रूपये कार्तिक खण्डेलवाल निवासी हजरतगंज रोड़ नया बाजार ग्वालियर के एसबीआई के खाते में ले लिये और जब हमने अपने पैसे के बारे में जानकारी करनी चाही तो कहने लगे कि हमने बात करके तुम्हारी बहु वंशिका के कुछ गलत फोटो बना लिये हैं। अब आप उन आभूषण को तो भूल जाओ और हमे एक लाख रूपये और दो नही तो हम तुम्हारी हत्या कर देंगे। पीडित ने फुगाना पुलिस को तहरीर दी और बताया कि वो इस घटना से डरा हुआ है। इसलिए आरोपियों से उनके रुपये व कीमती गहने दिलाए जाएं।

### संक्षिप्त समाचार

**हिंदी ऑलंपियाड में मेपल्स अकादमी की कामयाबी**

**खतौली।** मेपल्स अकादमी, खतौली ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ऑलंपियाड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय के 96 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल और रैंक सर्टिफिकेट जीतकर संस्था का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक हासिल किए। इसके साथ ही 17 विद्यार्थियों को रैंक सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। वहीं कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 8 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतने के साथ 10 रैंक सर्टिफिकेट अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में विशेष उपलब्धि प्राप्त करते हुए कक्षा 3 के अक्ष पूनिया, कक्षा 4 की साक्षी, कक्षा 5 की परी सोम, कक्षा 8 की एंजल शर्मा एवं वैष्णवी, कक्षा 9 के यथार्थ निवती तथा कक्षा 10 के ऐश्वर्य, सूर्यांशी और परिधि ने द्वितीय चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अब ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह व विद्यालय प्रबंधन समिति के विपिन सिंघल एवं सोनम सिंघल ने भी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय विशेष रूप से हिंदी शिक्षिका सीमा सिंह को देते हुए उनके समर्पण, परिश्रम और सतत मार्गदर्शन की सराहना की, जिनके प्रयासों से विद्यार्थियों ने यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया।

**बस शुरू करा कर ग्रामीणों की समस्याओं का कराया हल।**

**जानसठ।** सोमवार की सुबह भारतीय गौ सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में राजपुर तिलोरा से मुजफ्फरनगर मार्ग पर एक विशेष गाड़ी (बस सेवा) का संचालन शुरू किया गया है। जिसके शुभारंभ से पूर्व गाड़ी को गेंदें के पुष्पो से सजाया गया और उसके बाद पंडित के द्वारा विधि-विधान से पूजन करा कर गाडी का संचालन शुरू कराया गया,इस अवसर पर भारतीय गौ सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया, कि इस सेवा को क्षेत्र के विद्यार्थियों और बुजुर्गों को आवागमन में होने वाली भारी असुविधा से निजात दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है । क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा, कि लंबे समय से राजपुर तिलोरा और आस-पास के ग्रामीणों को शहर तक पहुँचने के लिए उचित साधनों के अभाव का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शहर जाने वाले बुजुर्गों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। जनहित में गौरव चौधरी ने इस समस्या का संज्ञान लिया और निजी प्रयासों से इस गाड़ी को चलवाने का निर्णय लिया। भारतीय गौ सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गाड़ी प्रतिदिन सुबह 8 बजे राजपुर तिलोरा से प्रस्थान करेगी। यात्रियों की संख्या और सुविधा को देखते हुए यह गाड़ी दिन भर में कुल 4 चक्कर (राउंड) लगाएगी, ताकि सुबह जाने और शाम को वापस लौटने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो। इस बस सेवा के शुरू होने से राजपुर तिलोरा सहित मार्ग में पड़ने वाले कई गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों ने गौरव चौधरी के इस कदम की सराहना की है।

# गन्ना ओवरलोड वाहनों के जाम को लेकर भाजपाइयों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की सड़कों पर गन्ने के ट्रकों एवं ट्रॉलियों के कारण लगने वाले जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक की। बैठक में जाम की समस्या के समाधान को सभी ने अपने सुझाव देते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने की बात कही। कस्बे के बड़ौत रोड पर करण फार्म हाउस में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक ब्रजपाल सहरावत व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक आदि ने कहा कि गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक और ट्रॉलियों के कारण एंबुलेंस और स्कूल बसे घंटो फंसी रहती हैं। इस समस्या का स्थाई समाधान बाईपास का निर्माण है। कस्बे के बाहर से नया मार्ग निकाला जाए जिससे भारी वाहन नगर के भीतर प्रवेश ना करें। वक्ताओं ने कहा



कि अस्थाई तौर पर ये समाधान हो सकता है कि गन्ने के भारी ओवरलोड वाहनों का कस्बे से निकलने का समय देर शाम से सुबह तक रखा जाए। जिससे आमजन को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस दोनो मांगो के लिए संबंधित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर उन्हें अवगत कराया जायेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, मुकेश उकावली, हिमांशु संगल, भारत ठाकुर, कुलदीप बागड़ी, तेजेंद्र, अनु तरार और सोनू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# अतिरिक्त दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

## पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता हिना पुत्री नफीस निवासी इस्लामाबाद भूड़, खतौली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब दस वर्ष पूर्व साजिद पुत्र अल्ताफ निवासी इस्लामाबाद भूड़, खतौली के साथ हुई थी। विवाह के बाद उसके दो बच्चे हुए, नौ वर्षीय पुत्री मोईन और छह वर्षीय पुत्र साद, जो वर्तमान में उसके साथ मायके में रह रहे हैं।

हिना ने आरोप लगाया कि शादी में उसके परिजनों द्वारा हैसियत से अधिक दान-दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। पति साजिद, सास शहनाज, ससुर अल्ताफ और दोनों देवर आफताब व राजा अतिरिक्त दहेज में मारुति कार की मांग को लेकर लगातार उसके साथ मारपीट, गाली-गलौच और मानसिक उत्पीड़न करते रहे।

पीड़िता के अनुसार करीब छह वर्ष पूर्व दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गंभीर मारपीट की गई, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसके पिता उसे ससुराल से मायके लेकर आए थे। तभी से वह अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रह रही है।

आरोप है कि कुछ दिन पूर्व जब पीड़िता के पिता ने साजिद और अल्ताफ से हिना को ससुराल वापस ले जाने की बात कही, तो दोनों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक चार पहिया कार का इंतजाम नहीं होगा, तब तक लड़की को वापस न भेजा जाए और भविष्य में संपर्क न करने की चेतावनी दी। घटना के बाद से पीड़िता का परिवार भयभीत बताया जा रहा है।

पुलिस ने हिना की शिकायत पर पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के कैंपस प्लेसमेंट में 27 छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड ने राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के विभिन्न विभाग जिसमें एमबीए, बीसीए, बीबीए एवं बीकॉम आदि पाठ्यक्रमों के 27 छात्र-छात्राओं का कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से चयन किया। कम्पनी प्रतिनिधियों नितीश शर्मा जनरल मैनेजर-सेल्स एवं मिस पायल धीमान एच0आर0 का राम ग्रुप ऑफ कोलेजेज, मुजफ्फरनगर के निदेशक डॉ0 एस0 एन0 चौहान तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के चीफ कोर्डिनेटर आशीष चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

टाटा मोटर्स समूह के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के चीफ कोर्डिनेटर ने बताया कि कम्पनी ने छात्रों के चयन हेतु दो चरणों की प्रक्रिया अपनाई जिसमें प्रथम चरण में टैक्निकल साक्षात्कार और दूसरे चरण में एचआर साक्षात्कार का आयोजन किया गया।



प्रथम चरण में 84 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, इनमें से 42 छात्र दूसरे चरण साक्षात्कार में सम्मिलित हुए। कम्पनी ने अन्तिम रूप से 27 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनित हुऐ छात्रों में बीबीए से प्राची प्रजापति, गुढन शर्मा, अक्षय मौर्य, रोहित कुमार तथा बीकॉम से छवि, सुमन, अमन कुमार रहे।

राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के संस्थापक चेयरमेन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने कैंपस प्लेसमेंट हेतु आई कंपनी, चयनित छात्र-छात्राओं और संस्थान के शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

चयन होने पर छात्रों ने इसका श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। महाविद्यालय के सेकेट्री संकल्प कुलश्रेष्ठ ने बताया जो विद्यार्थी टाटा मोटर्स में चयनित नहीं हो पाए हैं, ऐसे छात्र हतोत्साहित न होकर कड़ा परिश्रम करें उन्हें संस्थान की ओर से भविष्य में भी अवसर प्राप्त होते रहेंगे।

संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान ने बताया कि राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में इस वर्ष कई कम्पनियों ने छात्र/छात्राओं का वृहद स्तर पर चयन किया तथा निकट भविष्य में लगभग 10-15 कम्पनियां संस्थान में प्लेसमेंट कराने हेतु प्रतीक्षारत हैं। निदेशक डॉ0 अशोक कुमार ने सभी कम्पनी प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट किये। संस्था के चीफ ट्रैनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट कॉर्डिनेटर प्रो0 आशीष चौहान ने कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया

# महिला पुत्री के साथ सकुशल ससुराल पहुंची

**बुढ़ाना।** एक महिला किसी कारण से बिना बताए अपनी ससुराल से चली गयी थी। उधर पुलिस भी महिला की तलाश में लगी थी। आज उक्त महिला नाटकीय ढंग से बुढ़ाना कोतवाली पहुंची तो बुढाना पुलिस से उसने अपनी ससुराल में ही जाने की इच्छा जताई। मिली जानकारी के अनुसार रेखा पत्नि पप्पू निवासी गांव बड़ौदा की निवासी हूं। में बीती 12 दिसम्बर को अपनी मर्जी से हरियाणा राज्य के जनपद सोनीपत में चली गयी थी। आज सोमवार के दिन में अपनी पुत्री के साथ बुढाना वापस आ गयी हूं। अब में अपनी मर्जी से अपने पति पप्पू, ससुर किशन और अपने पिता राजू के साथ अपनी ससुराल बड़ौदा खुशी से जा रही हूं। मेरे पर किसी का भी कोई दबाव नहीं है। उधर पुलिस ने लिखापढ़ी करने के बाद रेखा को उसकी ससुरालियों के सुपुर्द कर दिया। चर्चा है कि रेखा विगत दिवस किसी कारण से घर से अपनी बच्ची को लेकर चली गयी थी। जिसकी गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी गयी थी।

# पुरकाजी में मनाया गया प्रकाश उत्सव

**■ सनसाईन एकेडमी से शुरू हुई नगर कीर्तन यात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** सोमवार को नगर में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव मनाया गया जिसमें खादर क्षेत्र से भी सिख समाज के काफी लोगों ने हिस्सा लिया सनशाइन एकेडमी पुरकाजी मैं इकट्ठा होकर वहां से नगर यात्रा जो कि उत्तराखंड तक के लिए प्रारंभ हुई नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहब की पालकी गत्ते वाली पार्टी शामिल थी नगर यात्रा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत हुआ सभी धर्म जाति के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया गोदना गांव के प्रधान अफसर अली ने खादर तिराहे पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया वह चाय और हलवे का प्रसाद वितरण हरी नगर में



नेपाल प्रधान नवनिर्मित जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश गौतम ने नगर यात्रा का स्वागत किया बढीवाला में दलित समाज के प्रधान देशराज जी ने यात्रा का स्वागत किया जगह-जगह पर सभी समुदाय के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया इस दौरान सतविंदर सिंह बेदी गुरमेल सिंह बाजवा अफसर अली प्रधान जयकुमार शर्मा फैयाज प्रधान यूसुफ हाजी भोजाहेड़ी आस मोहम्मद मुमताज सुभाष लियाकत प्रधान सलीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# लॉकअप की सुरक्षा पर सवाल: बंदी के पास कैसे पहुंचा मोबाइल

**खतौली।** खतौली कोतवाली पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था उस समय कटघरे में आ गई, जब लॉकअप के भीतर से बनाई गई एक वीडियो रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि पूरी तलाशी के बाद लॉकअप में बंद किए गए आरोपी के पास मोबाइल फोन मौजूद रहा, जिससे उसने अंदर और बाहर की गतिविधियों को रिकॉर्ड कर लिया।

**तलाशी के बावजूद आरोपी के पास रहा मोबाइल:** पुलिस ने एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार उसकी तलाशी ली थी। आमतौर पर आरोपी से मोबाइल, नकदी, बेल्ट, कड़ा व अन्य सामान उतरवा लिया जाता है, ताकि कोई अनहोनी न हो सके। इसके बावजूद पुलिस की सतर्कता में चूक रह गई और आरोपी मोबाइल छिपाकर लॉकअप के भीतर ले जाने में सफल हो गया।

**लॉकअप के भीतर और बाहर की गतिविधियां कैमरे में कैद:** आरोपी ने लॉकअप के अंदर मौजूद अन्य बंद मुल्जिमों के साथ-साथ बाहर डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की भी वीडियो बना ली। कुछ ही समय में यह रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई।

**सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल:** इस घटना ने पुलिस की कथित सख्त सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। लॉकअप जैसी संवेदनशील जगह पर मोबाइल का पहुंचना न केवल लापरवाही दर्शाता है, बल्कि भविष्य में इससे गंभीर सुरक्षा खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। जांच के संकेत, कार्रवाई की उम्मीद मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कराए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# तहसील मुख्यालय पर भाकियू अराजनीतिक ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले सोमवार को तहसील मुख्यालय पर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। रामराज खादर क्षेत्र के ग्राम छिल्लौर माजरा अहलूवाला के किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील अध्यक्ष अंकित जावला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष प्रदर्शनकारियों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत के कारण उन्हें अपनी ही जमीन पर खेती करने से रोका जा रहा है।

पैमाइश के बावजूद बुवाई पर पाबंदी का आरोप लगा कर धरने पर बैठे किसानों का कहना था कि लगभग चार महीने पहले हल्का लेखपाल ने संबंधित जमीन की पैमाइश कर जमीन



किसानों को बुलाई के लिए सौंप दी थी। नियमानुसार किसान उस जमीन के हकदार हैं, लेकिन अब जब वे खेत पर बुवाई करने के लिए पहुंचते हैं, तो रामराज पुलिस और कुछ स्थानीय लोग उन्हें काम करने से रोक रहे हैं। भाकियू (अ) के नेताओं ने सीधा आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर रामराज और दबंगों के बीच सांठगांठ है, जिसके चलते किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

**एसडीएम को जमीन पर बैठाया, समाधान पर अड़े किसान:** आक्रोशित भाकियू (अ) ने अपनी मांगों को लेकर इस कदर अड़े थे कि उन्होंने एसडीएम जानसठ, राजकुमार भारती को अपने बीच धरने पर ही बैठा लिया। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि विवादित भूमि की दोबारा निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर बुलाया और पूरे मामले की जानकारी ली।पुरा मामला जानने के बाद एसडीएम राजकुमार भारती ने किसानों को शांत करते हुए एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान प्रदर्शनकारियो को आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर टीम मौके पर जाकर पुन: पैमाइश करेगी और किसानों की समस्या का वैधानिक समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी किसान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा।

एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि यदि दो दिन में समाधान नहीं हुआ, तो वे फिर से उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मोनू पावर (प्रदेश सचिव), विपिन त्यागी, रवि कुमार, आदेश कुमार, इजरान, हाशिम और वसीम शामिल रहे। तो वहीं महिलाओं ने भी इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें तरुणाम जहां, मो. निका, अंजू रानी, सरिता, संगीता, सीमा, वैशाली और रीना आदि प्रमुख रूप शामिल रही ।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सावन व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गए हैं। हमारे साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इसलिए मैने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रविन्द्र पुत्र जवाहरू**
**निवासी- 408 ग्राम जडौदा,**
**थाना-मन्सूरपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# लखनऊ के बाद खतौली में भी चोरी की शर्मनाक घटना

## कार सवारों ने सब्जी फड़ को बनाया निशाना, सीसीटीवी में कैद



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखनऊ यात्रा के बाद राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल से फूलों के गमले चोरी होने की घटना अभी लोगों के जेहन से उतरी भी नहीं थी कि अब खतौली कस्बे से चोरी की एक और हैरान कर देने वाली वारदात सामने आ गई। यहां कार सवार अज्ञात लोगों ने जीटी रोड स्थित एक सब्जी विक्रेता के फड़ से बेखौफ होकर सब्जियां चोरी कर लीं। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

यह अजीबोगरीब चोरी खतौली के घंटाघर क्षेत्र, जीटी रोड की बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि सफेद रंग की एक कार सड़क किनारे आकर रुकती है। इसके बाद कार में सवार लोग उतरते हैं और पास खड़े सब्जी विक्रेता के फड़ से सब्जियां उठाकर कार में डाल लेते हैं। कुछ ही पलों में वे मौके से फरार हो जाते हैं।

खास बात यह है कि पूरी वारदात को अंजाम देते समय चोरों के चेहरे पर न डर था और न ही जल्दबाजी। पीड़ित दुकानदार की पहचान होली चौक निवासी प्रदीप पुत्र सुरेंद्र के रूप में हुई है। प्रदीप ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी दुकान से अब तक तीन बार हजारों रुपये की सब्जियां चोरी हो चुकी हैं। हर बार चोरी का तरीका लगभग एक जैसा रहा है, रात के समय कार सवार आते हैं और मौका पाकर सब्जियां ले जाते हैं।

दुकानदार का कहना है कि यदि जीटी रोड पर सीसीटीवी कैमरे न लगे होते तो इस अनोखी चोरी का खुलासा शायद कभी नहीं हो पाता। फुटेज सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट हुआ कि चोरी पैदल नहीं, बल्कि कार सवार लोगों द्वारा की जा रही है। घटना के बाद से व्यापारी वर्ग में भारी नारा. जगी और भय का माहौल है। गौरतलब है कि हाल ही में लखनऊ के राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद वहां लगे फूलों के गमले और पौधों को कार सवारों द्वारा चोरी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसने पूरे प्रदेश में नागरिक जिम्मेदारी और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा पर बहस छेड़ दी थी। अब खतौली की यह घटना भी उसी सोच और मानसि. कता की ओर इशारा कर रही है। नगरवासियों का कहना है कि जब सब्जी के फड़ तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम आदमी खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करे। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और कार नंबर व आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने का दावा किया जा रहा है।

## बंदरों ने महिला पर किया हमला, छत से गिरकर हुई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छत पर रखे टैंकर को तोड़ने का प्रयास कर रहे उत्पाती बंदरों को भगाने गयी महिला पर ही बंदरों ने हमला बोल दिया। जिसमें महिला छत से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गयी। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला बाबा पीर शाह विलायत निवासी बाबू कुरैशी के मकान की छत पर पानी का बडा टैंकर रखा हुआ है। लगभग आधा दर्जन उत्पाती बंदर पानी से भरे हुए उक्त टैंकर को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे कि बाबू की पत्नि नफीसा को इसका आभास हुआ तो वे एक डंडा लेकर अकेली ही छत पर चली गयी और बंदरों को डंडा दिखाकर भगाने का प्रयास करने लगी लेकिन बंदरों ने उल्टे ही महिला को घेरकर उस पर हमला बोल दिया। तब महिला शोर मचाती हुई उत्पाती बंदरों के घेरे से निकलकर भागी तो वह असंतुलित होकर छत से जीने के सहारे नीचे गिर गयी। जिसमें उसको काफी चोटें आई। महिला का शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर आए और बंदरों को भगाया। महिला को एक हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उधर इसी मौहल्ले के सभासद राशिद भूरु कुरैशी ने बताया कि बंदरों ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। नगर पंचायत ने पिछले दिनों बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया था लेकिन फिर दोबारा से बंदरों की संख्या में इजाफा हो गया। सभासद राशिद ने चौयरपर्सन उमा त्यागी, ईओ आलोक रंजन से इन उत्पाती बंदरों को पकड़ने का अभियान फिर से चलाए जाने की मांग की है।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर नगर में गूंजा गुरु महिमा का स्वर



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सिख धर्म के दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा नगर में लगातार दूसरे दिन भी श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में महिला, पुरुष, बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में बच्चों ने सहभागिता की और शब्द-कीर्तन व गुरु वाणी के मधुर गायन से पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

सोमवार प्रात: प्रभात फेरी का शुभारंभ गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, रेलवे क्रॉसिंग से अरदास के बाद किया गया। प्रभात फेरी जानसठ रोड ओवरब्रिज के नीचे से होते हुए रेलवे रोड, सैनी नगर, गुर्जर कॉलोनी और पोस्ट ऑफिस वाली गली से गुजरती हुई गुरुद्वारा माता राम मूर्ति विधि वादा पहुंची। मार्ग भर श्रद्धालु 'जो बोले सो निहाल, सत अकाल' के जयघोष करते हुए गुरु महिमा का गुणगान करते रहे, जिससे नगर का वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। पोस्ट ऑफिस वाली गली में सरदार वीरेंद्र सिंह बिल्लू द्वारा अपने आवास पर प्रभात फेरी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यहां संगत पर पुष्पवर्षा की गई। इसके पश्चात गुरुद्वारा माता राम मूर्ति में ज्ञानी सोहन सिंह द्वारा भावपूर्ण शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर संगत भाव-विभोर हो उठी। इस अवसर पर सरदार महेंद्र सिंह व उनके परिवार की ओर से श्रद्धालुओं को चाय व नाश्ते का प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, जानसठ रोड खतौली पहुंची, जहां इसे विश्राम दिया गया।

गुरुद्वारा परिसर में ज्ञानी जनक सिंह ने शब्द-कीर्तन के साथ गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और उनके त्याग व बलिदान पर प्रकाश डाला। अंत में अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रभात फेरी के दौरान नगर में शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला। सिख समाज के लोगों ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व तक प्रतिदिन प्रभात फेरियां निकालकर गुरु की शिक्षाओं और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## खतौली में समाजसेवियों ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**■ सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन की पहल**




**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शीतलहर के प्रकोप के बीच जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन (ट्रस्ट), खतौली द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बुढ़ाना रोड स्थित एकता जूनियर हाई स्कूल परिसर में संपन्न हुआ, जहां नगर के विभिन्न वार्डों से आए बुजुर्गों, विधवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लोगों को गर्म कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के संरक्षक प्रो. डॉ. नसीर अहमद खान ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए ट्रस्ट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आया है। उन्होंने कहा कि इस मानवीय कार्य में नगर के कई समाजसेवियों एवं जागरूक नागरिकों का सहयोग मिला, जिससे सही समय पर सहायता पहुंचाई जा सकी।

ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर ने कहा कि सर्दी के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें राहत पहुंचाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। वहीं महासचिव अमीर अंजुम ने बताया कि सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

कार्यक्रम में मोहम्मद मोहसिन, कोषाध्यक्ष मोहम्मद ज़िशान, ट्रस्टी आदिल मोहसिन सहित अनेक पदा. धिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष की झलक साफ दिखाई दी।

## रसूलपुर दभेड़ी से हुई दो दुधारु भैंसे चोरी

**■ पशुपालकों में दहशत, पुलिस से लगाई गुहार**

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने लाखों रूपयों की कीमत की दो दुधारू भैंसें चोरी कर अन्य पशु पालकों में हडकम्प मचा दिया। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दे दी गयी है। बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी शहवाज अहमद पुत्र जाहिद अली ने अपने मकान के सामने स्थित एक अन्य मकान में अपने पशुओं को बांधा हुआ था। तब रात्रि में किसी समय अज्ञात चोरों ने वहां से दो दुधारु भैंसें चोरी कर ली। जिनकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। इस घटना का पता सुबह के समय तब लगा जब पशु पालक उनको घास पानी देने के लिए आया तो पशु पालक शहवाज घबरा गया और उसने इधर उधर भैंसों को कुछ देर तक तलाश करने के बाद इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध दो भैंसें चोरी होने की तहरीर पशु पालक से लेते हुए कार्रवाई शुरु कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी को तलाक देकर पति ने की गंदी वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** एक युवक ने पहले तो एक नवयुवती को अपने जाल में फंसाते हुए उससे लव मैरिज कर ली और फिर उसकी कई महीनों तक अस्मत लूटता रहा। फिर मौका पाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे आठ माह बाद ही तलाक देकर उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दी। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढाना पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री ने 8 माह पूर्व सहारनपुर जिले के देवबन्द क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी सद्दाम पुत्र अहसान से कोर्ट मैरिज की थी। दोनों कुछ दिन तक अच्छे से रहे। उसी समय सद्दाम ने उसकी पुत्री की अपने मोबाइल से निवस्त्र वीडियो बना ली। तभी से सद्दाम उसकी पुत्री को यातनायें देने लगा। बात यहां तक पहुंची कि सद्दाम ने उसकी पुत्री को बीते 26 नवम्बर को एक समझोते के तहत अलग अलग रहने के लिए तलाक दे दिया। उसके बाद उसने उसकी पुत्री की अश्लील निवस्त्र वीडियो उसके पुत्र, दूसरी पुत्री, अन्य दामाद व अन्य लोगों को सोशल मीडिया पर भेज दी। उसका पुत्र सऊदी अरब में है। उसे सद्दाम ने धमकी दी है कि जब तक मुझे 5 लाख रुपये नही दोगे तब तक में तेरी बहन की वीडियो सब जगह वायरल करता रहूंगा। पीड़िता ने बुढ़ाना पुलिस को सबूत के तौर पर अपनी पुत्री की अश्लील वीडियोज देते हुए आरोपी सद्दाम के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जंगली जानवर के हमले मे तीन घायल

**भोपा।** रात मे गन्ना कोल्हू मे सो रहे मजदूर परिवार पर जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर आये ग्रामीणों ने जंगली जानवर को भगाया। घायलों का भोपा अस्पताल मे उपचार किया गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा निवासी सुशील कुमार के गन्ना कोल्हू मे भोकरहेडी निवासी परिवार ईंधन जलाने का काम करता है।रविवार की रात महिला मीनाक्षी व नईमा युवक टिक्कू कोल्हू मे ही आराम कर रहे थे कि अचानक बिज्जू नामक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर कोल्हू मे काम कर रहे अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और बिज्जू को वहां से भगाया।और घायल नईमा, मीनाक्षी टिक्कू को 108 एंबुलेंस द्वारा भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायलों का उपचार किया गया।

### गाड़ी चालक के विरुद्ध महिला ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** एक महिला ने उसके पति को गाड़ी की टक्कर मारकर घायल करने वाले गाडी चालक के खिलाफ बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उक्त आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दीपा शर्मा पत्नी शैलेन्द्र निवासी गंगानगर मेरठ ने बताया कि बीती 03 नवम्बर को उसके पति, मैं, बेटी व परिवार के अन्य लोग जेठ की पुत्री की सगाई में शामिल होने बुढाना कस्बे के बडौत रोड पर स्थित केशव फार्म में गये थे। दोपहर साढे 12 बजे जब उसके पति केशव फार्म के बाहर कच्चे में खड़े होकर हमारा आने का इंतजार कर रहे थे तभी एक गाडी का चालक गाडी बड़ी तेजी व लापरवाही से चलाकर बडौत की तरफ से आया और उसने कच्चे में उतरकर मेरे पति को जोरदार टक्कर मार दी।घजिस में मेरे पति को गंभीर रूप से चोटें आयी। टक्कर मारने के बाद गाडी मौके पर ही रुक गयी। दुर्घटना के तुरन्त बाद उन्हें हस्पिटल ले गये जहां से उन्हें मेरठ रैफर कर दिया गया। उसके पति नौ दिनों तक मेरठ भर्ती रहे। अब भी उनके पति का इलाज चल रहा है। महिला ने चालक के विरुद्ध तहरीर देते हुए बुढ़ाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने गाडी चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है।

### छठे दिन भी नहीं लगा समीर का कोई सुराग

**बुढ़ाना।** आज सोमवार को छठे दिन भी बुढ़ाना कस्बे के समीर का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है और उधर परिजन बहुत ही परेशानघ बताए गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मण्डी दक्षिणी चन्धेडी रोड गली नम्बर तीन से सलीम अहमद पुत्र बशीर ने विगत दिवस एक तहरीर बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस को देते हुए बतलाया था कि उसका 15 वर्षीय भतीजा समीर अहमद पुत्र शमशाद चन्धेडी रोड गली नम्बर तीन बुढ़ाना बीती 24 दिसम्बर को दुकान पर जाने के लिए घर से निकला था लेकिन दोपहर को लंच के लिए घर नहीं आया और ना ही दुकान पर गया। बुढ़ाना पुलिस ने भी तहरीर लेकर रख ली और पीड़ित परिवार से किसी भी तरह का संपर्क अभी तक नहीं किया है और ना ही बच्चा जहां से गायब हुआ है उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी चौक नहीं किए। पीड़ित जब नगर पंचायत कार्यालय में कैमरे चेक करवाने गया तो उसे वहां भी यह कहकर टरका दिया गया कि नगर पंचायत के सीसीटीवी कैमरे खराब हैं। उधर दूसरी और उक्त पीड़ित परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। परिवार वाले अपने गायब बच्चे को जगह जगह पर तलाश कर रहे हैं लेकिन आज छठे दिन भी बच्चे का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है।

## मांगी गई बाइक चोरी

**तितावी।** एक युवक को बाइक मांगना उस वक्त भारी पड़ गया जब कोहरे के चलते बाइक चोरी हो गई। बाइक स्वामी ने तितावी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। तितावी थाना क्षेत्र के गांव धोलरा निवासी दीपक पुत्र राजेन्द्र तितावी के मोनू पुत्र श्याम सिंह के साथ ट्रैक्टर-ट्रक्ली पर मजदूरी का कार्य करता है। गत रविवार दीपक मोनू से उसकी एचएफ डीलक्स बाइक संख्या यूपी 19 एफ-7812 मांगकर ले गया था। बताया गया है कि दीपक रविवार रात्रि बाइक को अपने घर के सामने खड़ी करके सो गया, जबकि देर रात्रि उसकी आंख खुली तो उसने बाहर देखा तो बाइक गायब मिली। सुबह होने पर मोनू बाइक लेने के लिए धोलरा पहुंचा तो उसे बाइक चोरी होने का पता चला। मोनू व दीपक ने बाइक को आसपास क्षेत्र में काफी तलाश किया लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। मोनू ने तितावी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## नीरज जैन की पुस्तक का अखिलेश यादव ने किया विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के नीरज जैन की संकलित एक किताब का विमोचन विगत दिवस नई दिल्ली में स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हजारों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया।

नीरज जैन कस्बा बुढ़ाना के निवासी हैं जो अब दिल्ली में रह रहे हैं।

यह कार्यक्रम सुप्रसिद्ध शायर वसीम बरेलवी की रचनाओं के हिंदी संकलन की पुस्तक के विमा. `चन पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, अभिषेक मनु सिंघवी और डॉक्टर अम्मार आदि गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## सभासद ने चलाया अपने वॉर्ड में विशेष सफाई अभियान

**■ प्रदेश की सबसे अच्छी नगर पंचायतों में गिनी जाती है बुढ़ाना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोमवार को नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर दस के सभासद गुलफाम खान ने अपने वॉर्ड के चन्दहेड़ी रोड, भारत सिनेमा पंचौक, शिव मोबाइल शाप और पारसी बस स्टैंड तक के नालों का विशेष सफाई अभियान चलाया। गौरतलब है कि सभासद गुलफाम खान अपने वार्ड की किसी भी समस्या चाहे वह एसआईआर अभियान हो, सफाई व्यवस्था हो या फिर लाइटों को लगवाने की बात हो इन सभी समस्याओं को लेकर बहुत ही गम्भीर रहते हैं और तुरन्त तुरन्त समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास में रहते हैं। बीती 15 दिसम्बर को भी उन्होंने अपने प्रयास से मौहल्ला शाहवाडा में सत्यनारायण मन्दिर के बराबर वाले नाले पर टूटे हुए स्लैब और टूटी हुई सड़क को ठीक करवाया था।

आज सोमवार के दिन भी सभासद गुलफाम खान ने अपने वार्ड के चन्दहेड़ी रोड पर भारत सिनेमा से लेकर लालू की डेरी तक और शिव मोबाइल से लेकर के पारसी बस स्टैंड तक सफाई नायक विकास को अटे पड़े नाले के बारे में अवगत कराया था। जिसका सफ़ाई नायक विकास ने अपनी टीम को लेकर तुरन्त अभियान छेड़ दिया। उधर वॉर्ड वासियों ने इस सफाई अभियान को लेकर अपने वार्ड के सभासद गुलफाम खान और चौयरपर्सन उमा त्यागी के कार्य के प्रति खुशी जाहिर की है।

## बीएलओ और वार्ड 10 के लोगों की हुई मीटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मण्डी में स्थित प्राथमिक विद्यालय नम्बर एक में एसआईआर अभियान के समापन पर बीएलओज के द्वारा बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस के सभासद गुलफाम खान और कई जिम्मेदार व्यक्तियों को आमंत्रित करते हुए ड्राफ्ट सूची का अवलोकन करवाया गया।

इस दौरानघ सभासद गुलफाम खान ने बतलाया कि उनके वार्ड नंबर दस के सभी बीएलओज ने पूरी लगन और मेहनत से अपने कार्य को तनाव के बीच अंजाम दिया है इसके लिए ये बधाई के पात्र हैं और वे स्थानीय प्रशासनघ से भी उम्मीद करते हैं कि सभी मेहनती बीएलओज को प्रशासनिक स्तर पर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए ताकि उनका हौंसला बरकरार रहे। उन्होंने ये भी बताया कि कल बुधवार के दिन 31 दिसम्बर को ड्रॉफ्ट सूची भी जारी करवा दी जायेगी।

उसके बाद दावे और आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और फिर आगामी फरवरी के महीने में फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बीएलओ आबाद कुरैशी, बीएलओ विनय कुमार, राकेश देवी, प्रवेश कुमार और जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे युवा एआईएमआईएम नेता सैय्यद बाबर सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## सभासद के प्रस्ताव पर चैयरपर्सन ने कराया काम शुरु

**■ वार्ड के लोगों में दौड़ी जबरदस्त खुशी की लहर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नम्बर दस के निर्वाचित सभासद गुलफाम खान के विगत दिवस नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में हुई बोर्ड की मीटिंग में सभी सभासदों की सहमति से पास हुए प्रस्ताव पर वार्ड नंबर 10 में आज सोमवार के दिन चन्धेडी रोड पर एक गली की आरसीसी और दोनों तरफ की नालियों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वैसे तो बीती रविवार के दिन से ही कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मण्डी दक्षिणी चन्धेडी रोड पर गली नम्बर तीन में आरसीसी गली का निर्माण कार्य शुरू हो गया था। इसी सम्बन्ध में सभासद गुलफाम खान ने बताया कि उनके वार्ड नंबर दस की चन्धेडी रोड पर गली नम्बर तीन में बरसात के मौसम में पानी भर जाता था और तालाब का रूप धारण हो जाता था। तब उनके द्वारा नगर पंचायत बुढ़ाना की बोर्ड की मीटिंग में इसका प्रस्ताव रखा गया था। जिसमें मिर्ज़ा की चक्की से लेकर इरफान टीकरी के मकान तक आरसीसी गली और नालियों के निर्माण कार्य की मांग की गई थी। जिसमें बीते रविवार के दिन ही कार्य शुरू हो गया था। वही इस कार्य के लिए वार्डवासियों ने अपने वार्ड के सभासद गुलफाम खान के साथ साथ बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन मति उमा त्यागी कौशल का भी आभार व्यक्त किया है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त हुआ भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना

32 गांवों की भूमि पर वन विभाग के दावे के विरोध में किसानों ने तहसील परिसर में दिया था धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विधानसभा कैराना के 32 गांवों की भूमि पर वन विभाग द्वारा अधिकार जताए जाने के विरोध में तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। एसडीएम द्वारा किसानों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाने और राहत की घोषणा के बाद धरनारत किसान वापस लौट गए।

भाकियू ने वन विभाग व प्रशासन की कथित हठधर्मिता के विरोध में यह धरना शुरू किया था। किसानों का कहना था कि वे दशकों से जिस भूमि पर खेती कर रहे हैं, उस पर वन विभाग द्वारा दावा किया जा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। धरने के दौरान बड़ी संख्या में किसान तहसील परिसर में मौजूद रहे। किसानों के समर्थन में कैराना की सांसद चौधरी इकरा हसन भी धरनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में वह किसानों के साथ हैं और यह लड़ाई सड़क से संसद तक मजबूती से लड़ी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की जमीन छीनकर पूंजीपतियों को देना चाहती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया और जरूरत पड़ने पर न्यायालय में भी किसानों के पक्ष में लड़ाई लड़ने की बात कही। धरने को संबोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष शांता प्रधान ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की आवाज नहीं सुनी गई तो कार्यालयों में तालाबंदी तक की जाएगी। वहीं अब्बास ने चकरोड पर अवैध कब्जों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकारी चकरोड पर किसी प्रकार का स्टे नहीं होता, प्रशासन स्पष्ट करे कि कब्जे कब हटाए जाएंगे। कपिल खटियान, कुलदीप पंवार सहित अन्य नेताओं ने भी किसानों की मांगों का समर्थन किया। धरने के अंत में भाकियू ने जिलाधिकारी के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम कैराना को सौंपा गया। देर शाम किसानों के बीच पहुंचीं एसडीएम निधि भारद्वाज ने वार्ता कर भरोसा दिलाया और दो गांवोंकृबल्हेड़ा व पठेड़कृकी खसरा-खतौनियों पर लगी रोक समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि खसरा-खतौनी से किसी भी किसान का नाम नहीं हटाया जाएगा और पैमाइश के दौरान पहले किसानों की भूमि को पूरा किया जाएगा, उसके बाद वन विभाग की भूमि देखी जाएगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया।

## किसानों की जमीन पर चोरी-छुपे कब्जे की साजिशः चौ. इकरा हसन



**कैराना।** कैराना विधानसभा क्षेत्र के 32 गांवों में किसानों की भूमि पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे दावों को लेकर विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। किसानों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचीं सांसद चौधरी इकरा हसन ने प्रदेश सरकार, प्रशासन और वन विभाग पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि यह पूरी कार्रवाई सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। वन विभाग केवल एक बहाना है, जबकि असली मंशा किसानों की उपजाऊ भूमि को हड़पने की है। सांसद ने कहा कि जिन जमीनों को आज वन भूमि बताया जा रहा है, उन पर वर्षों पहले जमींदारी उन्मूलन अधिनियम लागू हो चुका है। इन जमीनों पर दो-दो बार चकबंदी की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और कई किसानों ने इन्हें वैधानिक रूप से खरीदा-बेचा भी है। इसके बावजूद अचानक दशकों पुराने अभिलेखों का हवाला देकर किसानों को बेदखली का डर दिखाना सरासर अन्याय है। यदि कभी राजस्व विभाग से कोई गलती हुई है, तो उसकी सजा किसानों को नहीं दी जा सकती। अन्नदाता पहले ही महंगाई, प्राकृतिक आपदाओं और बाजार की मार झेल रहा है, ऐसे में उसकी जमीन छीनने की कोशिश अमानवीय है। सांसद ने स्पष्ट कहा कि सरकार किसानों को कमजोर समझने की भूल न करे। सांसद इकरा हसन ने आरोप लगाया कि जिस तरह अरावली क्षेत्र के जंगलों के नाम पर जमीनें उद्योग. पतियों को देने की कोशिशें हुईं, उसी तरह अब कैराना क्षेत्र में भी वही मॉडल लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल किसानों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। यदि आज किसान की जमीन छीन ली गई, तो कल आम नागरिक की बारी आएगी। किसानों की आवाज सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाई जाएगी और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।




# थानाभवन में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने मनाया धर्म रक्षा दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी श्रद्धानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला, थानाभवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्म रक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शालू राणा, जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना भारत भूषण शर्मा, जिला मठ-मंदिर प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने रखी। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि धर्म रक्षा दिवस तभी सार्थक होगा जब प्रत्एक सनातनी समाज के विरुद्ध होने वाले किसी भी कृत्य का विरोध करे। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने बच्चों और घर की महिलाओं को मंदिर, संगठन और समाज से जोड़कर ही एक सशक्त व जागरूक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र कुमार, प्रांत सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वामी श्रद्धानंद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्एक वर्ष 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक देशभर में धर्म रक्षा दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदू समाज के जागरण के लिए उनके नेतृत्व में 127 सम्मेलन, 156 पंचायतें तथा छोटे-बड़े 81 सहभोज आयोजित किए गए। इन प्रयासों के माध्यम से अन्य धर्मों में चले गए लोगों की सनातन धर्म में वापसी कराई गई। उन्होंने यह भी बताया कि स्वामी श्रद्धानंद द्वारा शुद्धि समाचार नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता था, जिसके लगभग 14 हजार पाठक थे। कार्यक्रम में स्वामी श्रद्धानंद जी के विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप जिंदल ने की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के साथ तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर संजय कश्यप, सुनील कुमार, पंकज गोयल, राजेंद्र कुमार, राम भूल फौजी, संदीप कुमार, गगन बांगा, बब्बू कंबोज, अजय, मोहित सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल में घर के बाहर खेल रही एक मासूम बालिका तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया।सोमवार को मोहल्ला खैल निवासी रहमान की 7 वर्षीय पुत्री राकीबा अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक तेज गति से आ रहा मोटरसाइकिल सवार अचानक वहां पहुंचा और बालिका को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।बालिका की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से घायल बच्ची को तुरंत कस्बे के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।बताया जा रहा है कि घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार युवक मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

### दवा के साथ ली नशा छोड़ने की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पंचायत के दौरान चार युवकों ने नशे के खिलाफ साहसिक कदम उठाया। डॉक्टर की मौजूदगी में अर्जुन, अनिरुद्ध, राजा और गगन ने नशा छोड़ने की शपथ ली। इन युवकों को नशा छुड़ाने से संबंधित दवाइयां भी दी गईं। युवकों ने ग्रामीणों के सामने भरोसा दिलाया कि वे अब कभी नशे की ओर नहीं लौटेंगे और अन्य युवाओं को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने दवाइयों का खर्च उठाकर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाई।

### दुल्लाखेड़ी में चलाया नशामुक्ति अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढीपुख्ता के गांव दुल्लाखेडी में पुलिस द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने व नशा कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। पुलिस ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाता है, बल्कि उसके पारिवा. रिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत के कारण व्यक्ति अपराध, हिंसा एवं अवैध गतिविधियों की ओर अग्रसर हो जाता है, जिससे समाज की शांति एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने नशा छोडने के लिए परामर्श, पुनर्वास, सहयोग एवं हेल्पलाइनों की भी जानकारी दी। साथ ही अपील की कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को दें। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### दहेज हत्या में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आदर्श मंडी पुलिस ने गांव टिटौली में हुई दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव टिटौली में एक विवाहिता की दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी गई थी। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों के खिलाफ आदर्श मंडी थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को पुलिस ने मामले में वांछित एक आरोपित रोहित पुत्र जयपाल निवासी गांव टिटौली को गिरफ्तार कर लिया।

### 85 लोगों ने कराई कैंसर की जांच, दो पॉजीटिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली सिनर्जी द्वारा निशुल्क कैंसर जांच शि. विर का आयोजन नगर पालिका सभागार में किया गया। शिविर में 85 लोगों ने निशुल्क कैंसर की जांच कराई जिसमें दो मरीज कैंसर से ग्रसित मिले। दोनों मरीजों को समय रहते उपचार कराने की सलाह दी गई। जानकारी के अनुसार सोमवार का लायंस क्लब शामली सिनर्जी द्वारा नगर पालिका सभागार में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। शिविर में 85 लोगों ने कैंसर की जांच कराई जिनमें से दो लोगों में कैंसर के लक्षण मिले। शिविर में राजीव गांधी कैंसर संस्थान दिल्ली की मेडिकल टीम में शामिल चिकित्सकों ने दोनों मरीजों को समय रहते अपना उपचार कराने की सलाह दी। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और कैंसर जैसे गंभीर रोग के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रीजन चेयरमैन लायन जेएस शर्मा ने कहा कि कैंसर की समय से पहचान से न केवल जीवन बचाया जा सकता है बल्कि उपचार भी अधिक प्रभावी हो जाता है। इस अवसर पर शिवम अरोडा, विश्वास कुमार, भारत संगल, डा। अजय वर्मा, रूचिर गोयल, निशांत गर्ग, तुषार धवन, अनंत गुप्ता, प्रियंक गोयल आदि भी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सवेरा के तहत कैराना में नशा-मुक्ति की जलाई अलख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम एनपी सिंह, पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश तथा सुमित शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। महिला उपनिरीक्षक शिल्पी चौधरी ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। इससे पढ़ाई, करियर, पारिवारिक जीवन और सामाजिक प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि नशे की लत से एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे भविष्य अंधकारमय हो सकता है। साथ ही नशा अपराध, हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं का भी एक बड़ा कारण है, जिससे समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ती है। नशे के चलते परिवारों को आर्थिक और मानसिक संकट का सामना करना पड़ता है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को गलत संगत से दूर रहने, पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गति. विधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को नशा-मुक्त समाज के निर्माण की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## नशे के खिलाफ खोड़समा में हुंकार

# पंचायत ने दिया कारोबारियों को अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के खोडसमा गांव में रविवार को नशे के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए कश्यप मोहल्ला स्थित बारातघर में एक बड़ी पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी ने साफ संकेत दे दिया कि अब गांव में नशे को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बढ़ते नशा कारोबार और उसमें फंसती जा रही युवा पीढ़ी को लेकर ग्रामीणों में लंबे समय से आक्रोश था, जो इस पंचायत में खुलकर सामने आया।

पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि चौसाना क्षेत्र के कई गांवों में नशा खुलेआम बिक रहा है।

इसका सबसे बुरा असर युवाओं पर पड़ रहा है, जो नशे की गिरफ्त में आकर अपने भविष्य के साथ-साथ परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। खोडसमा में हालात लगातार बिगड़ रहे थे, इसी को देखते हुए गांव के जिम्मेदार लोगों ने एकजुट होकर पंचायत बुलाने का फैसला लिया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव में नशा बेचने वालों को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। इस अवधि में यदि किसी ने भी नशा बेचने का प्रयास किया तो उसे ग्रामीण स्वयं पकड़कर पुलिस के हवाले करेंगे। पंचायत ने यह भी साफ किया कि अब चुप बैठने का समय खत्म हो चुका है और गांव की सामाजिक एकता के बल पर नशे को जड़ से खत्म किया जाएगा।

पंचायत को और प्रभावी बनाने के लिए नशा छुड़ाने से संबंधित दवाइयों की व्यवस्था भी की गई। इसके लिए डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया, ताकि नशे की लत छोड़ने के इच्छुक युवाओं को तुरंत मदद मिल सके। ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने दवाइयों का पूरा खर्च वहन किया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की।

पंचायत में यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक गांव से नशा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक हर रविवार को इसी तरह पंचायत आयोजित की जाएगी। ग्रामीणों ने इसे सामाजिक आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया। पंचायत में अरविंद कुमार, सुल्तान सिंह, धर्मेंद्र, आदेश, इकबाल, सागर, सोपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि नशा मुक्त खोडसमा ही उनकी प्राथमिकता है।

# एलम में विद्युत विभाग के विरोध में धरना सातवें दिन भी रहा जारी, ठंड से दो लोग बीमार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आबादी के बीच से हाईटेंशन विद्युत लाइन बिछाए जाने के विरोध में ग्रामीणों का धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बीच चल रहे इस धरने में अब तक दो लोग बीमार पड़ चुके हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि जब तक आबादी के ऊपर से लाइन हटाने का निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहे गा।करीब एक पखवाड़ा पूर्व मोहल्ला उत्तरी विकास नगर में विद्युत विभाग द्वारा आबादी के बीच से एचटी लाइन खींचने का कार्य शुरू किया गया था। इससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश फैल गया था। लोगों ने जिला प्रशासन और सदर विधायक से शिकायत करते हुए हादसों की आशंका जताई थी और लाइन को दूसरी जगह से ले जाने की मांग की थी।आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विद्युत विभाग ने कार्य बंद नहीं किया,जिसके बाद मोहल्ले के लोग भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने चेतावनी दी थी कि यदि आबादी के बीच से हाईटेंशन लाइन नहीं हटाई गई तो अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।धरने में ग्रामीण दिन-रात डटे हुए हैं। विगत रविवार को धरने पर बैठे ग्रामीण वीरसेन की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। वहीं सोमवार को धरने का समर्थन कर रहे 85 वर्षीय सुरेंद्र उर्फ साधु सिंह भी ठंड की चपेट में आ गए, जिन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग को आगामी एक जनवरी तक का समय देते हुए समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। साथ ही आंदोलन की आगे की रणनीति तय करने के लिए पांच सदर्स्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम धरने को लेकर आगे की कार्ययोजना तैयार कर रही है। सोमवार को धरने के सातवें दिन समर्थन कर रहे लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन व विद्युत विभाग की होगी। इस दौरान प्रभात मलिक, अंकित पवार, कृष्ण, संतोष पाल, ओमपाल, मोनू पवार, सहित आदि मौजूद रहे।

# जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक महिला ने अपने पुत्रवधू के भाई पर पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है।और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी महिला हनीफा पत्नी वकील ने बताया कि उसने अपने पुत्र आशु की शादी चार महा पूर्व शामली के मोहल्ला सरवर पीर निवासी युवती के साथ की थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी पुत्रवधू ने पीड़िता के पुत्र व उसके परिवार पर कई गंभीर आरोप लगाकर शामली के महिला थाने पर उनकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद दोनों पक्षों का विगत 25 दिसंबर को महिला थाने पर समझौता हो गया था। आरोप है कि समझौता होने के बाद भी उसकी पुत्रवधू का भाई समीर पीड़िता व उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सघन मत्स्य पालनः एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना को ऑन लाइन आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in दिनांक 24.7.2025 से दिनांक 31.8.2025 तक खोला गया योजना में पर्याप्त आवेदन न प्राप्त होने व लाभार्थियों को बैंक-आउट होने के कारण योजना में ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल पुन 29.12.2025 से 7.1.2020 तक पुनः खोला जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण शामली शहजाद अहमद ने कहा कि योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर देखा जा सकता है। यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रविधान इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य विकास भवन मुजफ्फरनगर व मण्डलीय कार्यालय उप निदेशक मत्स्य, गन्ना भवन, सहारनपुर से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## खेत पर पेड़ लगाने को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गांव हाजीपुर दुग्ड्डा निवासी महिला रुकैया पत्नी फारूक पुत्र तौसीफ व पति सहित अपने खेत पर पॉपुलर के पेड़ लगा रही थी। आरोप है कि जेठ नौशाद सहित उसके पुत्र अफ्फान व शाद भी मौके पर पहुंच गए और खेत की मेढ की बराबर मे पॉपुलर का पेड़ लगाने को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब महिला व उसके पुत्र ने विरोध किया तो उसके जेठ के दोनों पुत्रों ने पीड़िता व उसके पुत्र के साथ डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। महिला के पुत्र तौसीफ ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# संगम ने बच्चों में देश के प्रति अलख जगाने के लिए फिल्म का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली द्वारा आयोजित सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल मुडेट में नए वर्ष के आगमन पर संभाजी शिवाजी के पुत्र की जीवन गाथा बड़े पर्दे पर दिखाई गई। जिसमें संगम ने बच्चों में देश के प्रति अलख जगाने के लिए फिल्म का आयोजन किया। मूवी का शुभारंभ मीनू संगल प्रबंधक सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल शामली,संरक्षक यशपाल पवार, संरक्षक मुकेश गर्ग एडवोकेट ,पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगम को शुभकामनाएं जो सभी को देश के प्रति जिन वीरों ने लड़ाई लड़ी उसको दिखाया। शिवाजी के पुत्र संभाजी कि यह है जीवन गाथा है। उन्होंने कितना बड़ा संघर्ष किया। और औरंगजेब को पछाड़ा। देश की उन्नति के लिए मर मिटें। सदस्यों ने परिवार सहित मूवी को देखा। हमारे देश को जिंदा रखने के लिए ऐसी मूवी बार-बार दिखाएं। अध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि अरविंद संगल चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली हमारे संरक्षक के सानिध्य में मूवी का आयोजन किया। सभी के लिए पॉपकॉर्न, चाय ,मूंगफली, एवं स्वादिष्ट भोजन का प्रबंध किया गया। सभी ने आनंद उठाया। सचिव मनीष भटनागर, कोषाध्यक्ष वैभव संगल, अजय गर्ग, विनय जैन, मनोज गोयल, विकास कौशिक,सुभाष सगल, संदीप कौशिक, डॉ अजय चौधरी, राकेश शर्मा, रवि संगल, मनोज सैनी, बृजपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शीतलहर के चलते बढ़ी ठंड से लोगों का जीना हुआ मुहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इन दिनों पूरा जिला कोहरे व कडाके की ठंड से जूझ रहा है। आलम यह है कि रात के समय शुरू हुआ कोहरा अगले दिन दोपहर तक दिखाई देता है। कोहरे के साथ-साथ कडाके की ठंड व शीतलहर ने जीवन को मुहाल करके रख दिया है। सोमवार को भी कोहरा व शीतलहर का दौर जारी रहा।

जानकारी के अनुसार जिले में लोगों को कोहरे से निजात नहीं मिल रही है। आलम यह है कि रात से शुरू हुआ घना कोहरा अगले दिन दोपहर तक छाया रहता है जिस कारण जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कडाके की ठंड व शीतलहर से भी लोग कंपकंपा रहे हैं। रविवार की देर रात घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को मुसीबतों का सामना करना पडा। कोहरे में दृश्यता कम होने से वाहनों को लाइट जलाकर रेंगते हुए चलना पडा। सोमवार की सुबह भी घने कोहरे व कडाके की ठंड से लोग कंपकंपाते रहे। दोपहर के समय कुछ समय के लिए बेहद हल्की धूप निकली लेकिन लोगों को कोई राहत नहीं मिली। जगह-जगह लोग अलाव पर हाथ सेंकते दिखे। दोपहर के समय हल्की धूप भी गायब हो गई और आसमान में फिर से कोहरा नजर आने लगा। कोहरा और शीतलहर चलने से मौसम में लगातार ठिठुरन बनी हुई है। ठंड के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। बाजारों में भी ग्राहकों की भीड कम ही नजर आ रही है जिस कारण दुकानदार भी खाली बैठे हुए हैं।

## घने कोहरे के कारण असंतुलित हुई कार खाई में पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इन दिनों पड रहा घना कोहरा वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। रविवार की देर रात टिटौली के निकट करनाल बाईपास पर घने कोहरे के कारण एक कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे खाई में उतर गई, हादसे में कार सवार लोगों की जान बाल-बाल बच गई। सुबह के समय ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के माध्यम से कार को खाई से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार करनाल निवासी राजेश और रमन रविवार की रात अपनी कार में सवार होकर किसी काम से करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। जब वे गांव टिटौली स्थित करनाल बाईपास पर पहुंचे तभी अचानक घने कोहरे के चलते उनका कार से नियंत्रण हट गया जिस कारण कार असंतुलित होकर सडक किनारे एक खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दोनों युवक बाल-बाल बच गए। दोनों युवकों ने कार को खाई से बाहर निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन विफल रहे। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे जब कुछ किसान अपने खेतों पर जा रहे थे तो उन्हें खाई में गिरी कार नजर आई। इस हादसे में कार को भी क्षति पहुंची। बाद में किसानों ने अपने ट्रैक्टर के माध्यम से किसी तरह कार को खाई से बाहर निकाला जिसके बाद दोनों युवक हरिद्वार के लिए रवाना हो गए।



## छोटे भाई पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला सलेकचंद विहार निवासी एक युवक ने अपने छोटे भाई पर घर में घुसकर गाली गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

शहर के मौहल्ला सलेकचंद विहार निवासी मौहम्मद शाहिद सोमवार को अपने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रविवार की रात वह अपने घर पर परिवार के साथ बैठा हुआ था, इसी दौरान उसका छोटा भाई घर पर आया तथा उनके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

शोर होने पर उसका पुत्र फैसल व बहनों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उनके साथ भी बुरी तरह मारपीट की। शोर शराबा होने पर मौहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे जिस पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पीडित ने पुलिस से आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है।

# अयोग्य अधिवक्ताओं को लाटरी पद्धति से कर दिया चैम्बरों का आवंटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली कलेक्ट्रेट के दो अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन पर उन्हें बिना सूचित किए अयोग्य अधिवक्ताओं को लाटरी पद्धति द्वारा चैम्बरों का आवंटन करने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए डीएम से चौम्बर आवंटन की प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने महिला अधिवक्ताओं को भी बैठने के लिए चौंबर दिलाए जाने की मांग की।

जानकारी के अनुसार शामली कलेक्ट्रेट के दो अधिवक्ताओं नीरज कुमार व प्रीति चौधरी ने सोमवार को डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वे शामली बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। 26 दिसम्बर का शामली जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने लाटरी पद्धति द्वारा जो चौम्बर आवंटित किए हैं, यह प्रक्रिया पूरी तरह दोषपूर्ण एवं न्याय के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस लाटरी पद्धति के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही उन्हें व अन्य अधिवक्ताओं को चौम्बर का आवंटन किया गया। लाटरी की इस प्रक्रिया में अयोग्य अधिवक्ताओं को चैंबरों का आवंटन किया गया है जिनमें अधिकांश अधिवक्ताओं के पास सीओपी भी नहीं है जबकि विधिक व्यवसाय करने के लिए सीओपी कानूनन आवश्यक है।

अधिवक्ताओं अधिवक्ताओं को दो-दो चौंबरों का आवंटन कर दिया गया जिनके पास जिला बार शामली में रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। कुछ अधिवक्ता लेखपाल के पास रहकर कार्य कर रहे हैं जिन्हें विधिक ज्ञान भी नहीं है, न ही किसी कोर्ट में कोई वकालत कार्य करते हैं। 26 दिसम्बर को दोषपूर्ण लाटरी पद्धति तीन चरणों में की गई जबकि इसे एक बार में ही किया जाना था।

एसडीएम जो कमेटी के सदस्य बना गए थे, वे बीच में ही इसे छोडकर चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं की लिस्ट बनाकर इस प्रक्रिया को आनन-फानन में अपूर्ण व दोषणपूर्ण न्याय विरुद्ध पद्धति को पूर्ण कर दिया। दोनों अधिवक्ताओं ने डीएम से चौम्बर आवंटन की प्रक्रिया को निरस्त करने तथा योग्य अधिवक्ताओं व महिला अधिवक्ताओं को चौंबर आवंटन की मांग की।

## एक नजर

### झाड़खेड़ी में चोरों का कहर, सात ट्यूबवैलों से केबल-स्टार्टर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों में बने सात टड्ूबवेलों को निशाना बनाते हुए बिजली के केबल, स्टार्टर समेत अन्य कृषि उपकरण चोरी कर लिए। घटना के बाद से किसानों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार गांव झाड़खेड़ी निवासी किसान पालेराम सैनी, सेवाराम, गोपीराम, बृजपाल सैनी, कृष्णपाल सैनी, कर्मवीर और नीटा सैनी के ट्यूबवैल कमरों में चोरों ने कहीं दीवार में नकब लगाकर तो कहीं ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सोमवार सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी की जानकारी हुई। किसानों का आरोप है कि चोरों ने खेतों में ही केबल जलाकर उनमें से तांबे के तार निकाले और शेष सामान ले गए। घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पीड़ित किसानों ने रात्रिकालीन पुलिस गश्त न होने पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### युवक के खाते से निकाली गई 7400 रुपये की राशि वापस कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन साइबर सेल ने युवक के खाते से निकाली गई 7400 रूपए की धनराशि को पीडित के खाते में वापस करा दिया। पीडित ने साइबर सेल व थानाभवन पुलिस का आभार जताया है। जानकारी के अनुसार कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला करीबबख्श निवासी मोबीन ने थानाभवन थाने स्थित साइबर सेल में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके भारतीय स्टेट बैंक में खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 7400 रूपए की नकदी निकाल ली गई। उसने ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर खाते से निकाली गई 7400 रूपए की धनराशि को वापस पीडित के खाते में वापस करा दिया। पैसा वापस आने पर युवक ने साइबर सेल व थानाभवन पुलिस का आभार जताया है।

### एक वारंटी गिरफ्तार



**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा माननीय न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार। 29.12.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राकेश पुत्र भागमल निवासी ग्राम झाल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण

**नजीबाबाद।** बूथ संख्या 281, तातारपुर लालू शिव मंदिर के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 129वां एपिसोड प्रसारित किया गया। यह वर्ष 2025 का अंतिम 'मन की बात' कार्यक्रम था। इस अवसर पर भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता और किसान मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, क्षेत्रीय सदस्य राजकुमार, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कोहली और विपुल चौधरी, जिला मंत्री अंकित चौधरी, भाजपा मंत्री बलराज त्यागी और मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय सहित कई प्रमुख नेता मौजूद थे। इनके अतिरिक्त, रितेश सेन, ईशम सिंह, किसान मोर्चा के अनिल चौधरी, धूम सिंह प्रधान, मनोज प्रधान, पत्रकार मनोज शर्मा, प्रधान परेंद्र ततारपुर लाल, हरेंद्र राजपूत और सुशील चौहान व भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक किसान मोर्चा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवधेश कुमार थे।

### जागरूकता अभियान चलाया

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला जाफतागंज में पुलिस द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुभाष राणा, हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल प्रीति और महिला कांस्टेबल अनीता शामिल थीं। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त अभियान, साइबर क्राइम से बचाव और विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसका उद्देश्य उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान कई कल्याणकारी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान शामिल थे। उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। इनमें वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102 और 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 प्रमुख थे।

# ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर




## कैराना पुलिस ने चलाया नशामुक्ति अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत थाना कैराना पुलिस द्वारा समाज को नशा-मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त, प्रेरणादाई एवं जन-जागरूकता से परिपूर्ण नशा-मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के सशक्त निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में थाना कैराना पुलिस द्वारा आज दिनांक 29.12.2025 को ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पंजीठ, कस्बा कैराना में एक व्यापक एवं प्रभावशाली नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं बालिकाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशा-मुक्त, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान थाना कैराना पुलिस द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, बल्कि उसके शैक्षिक विकास, पारिवारिक जीवन एवं सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी दूरगामी नकारात्मक प्रभाव डालता है। छात्राओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य निर्माण की दिशा में अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई व नशा एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं निर्णय क्षमता को कमजोर कर मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है व नशे की लत व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में धकेल देती है, जिससे शिक्षा एवं करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है व नशा अपराध, हिंसा एवं सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनकर समाज में असुरक्षा की भावना उत्पन्न करता है व नशा पारिवारिक विघटन एवं आर्थिक संकट को जन्म देता है, जिससे पूरे परिवार का सामाजिक व मानसिक ताना-बाना प्रभावित होता है व नशा-मुक्त जीवनशैली ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज की आधारशिला है, जिसमें युवाओं एवं छात्राओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है थाना कैराना पुलिस द्वारा छात्राओं को गलत संगत से दूर रहने, किसी भी प्रकार की नशा-संबंधी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर देने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्राओं, बालिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ को नशा-मुक्त समाज के निर्माण की सामूहिक शपथ दिलाई गई। थाना कैराना पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# भट्टी एवं बॉयलर पर ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कारखानों में भट्टी एवं बायलर पर ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम अनिवार्य किए जाने को लेकर सोमवार को जिले की उद्यमियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बोर्ड के दिशा निर्देशों को लेकर विचार विमर्श किया गया।



जानकारी के अनुसार सोमवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कारखानों में भट्टी एवं बायलर पर ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (ओसीईएमएस) अनिवार्य किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। विशाल गुप्ता ने बताया कि बैठक का उद्देश्य जनपद के उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की स्पष्ट जानकारी देना तथा ओसीईएमएस से संबंधित सभी तकनीकी, संचालनात्मक एवं अनुपालन विषयों पर एक ही छत के नीचे सरल एवं व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था, जिससे उद्योगों को किसी प्रकार की असुविधा या भ्रम का सामना न करना पड़े। बैठक में बाहर से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ द्वारा भट्टी एवं बॉयलर पर ओसीईएमएस सिस्टम की अनिवार्यता, उसकी स्थापना प्रक्रिया, सुचारु संचालन, डेटा की निरंतरता, ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल से कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी प्रदान की गई। बैठक में उद्यमियों की विभिन्न शंकाओं, तकनीकी समस्याओं व व्यवहारिक कठिनाईयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महासचिव तुषार कुच्छल, मयंक जैन, कुलदीप शर्मा, विनीत गोयल, मयंक प्रणव जैन, अमर जैन, निर्मल जैन, गौरव गर्ग सहित जनपद के अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

## जलसे में चार छात्रों की दस्तारबंदी

**धामपुर।** मदरसा हुसैनिया कासिमुल उलूम में सालाना दीनी इजलास का आयोजन किया गया। दीनी संस्था मे इल्म हासिल करने वाले छात्रों की दस्तारबंदी कर हौसला अफजाई कर मुल्क की तरक्की ओर अमन के लिए दुआ कराई गई। मौहल्ला पहाडी दरवाजा स्थित मदरसे में आयोजित जलसे का आगाज कलाम पाक की तिलावत से किया गया। अमरोहा के नोगांव से आए हजरत मौलाना अब्दुल रहमान ने मुसलमान से बुराई से बचकर हल रिस्क से अपने बच्चों की परवरिश व तालीम दिलाने पर जोर दिया फुल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में जो बुराइयां फैली है, उनसे बचकर दीन और अल्लाह के नबी की बातों पर अमल कर अपनी जिंदगी को गुजारे, यही जिंदगी का असल मकसद है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला ने इंसान को अपने इबादत के लिए दुनिया में भेजो है। मदरसे में तालीम हासिल करने वाले बच्चों मोहम्मद सादान, मौहम्मद नोमान, अबू शहमा, मौहम्मद जकी के सरो पर पगड़ी बांधकर उनकी दस्तारबंदी कर हौंसला अफजाई की। कारी शराफत हुसैन, मुफ्ती इफ्तिखारुल हसन, कारी मौहम्मद इकराम, मौलाना मरगूबुररहमान, कारी नसीर अहमद, कार्य रशीद हमीदी, तहसीन अली, फैजान अंसारी, कारी इरशाद अक्की, मौहम्मद इस्माइल, मौहम्मद इस्माइल, मुफ्ती खालिद मुफ्ती दानिश आदि रहे।

## नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान में दो पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में 2 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 185 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रूपए) बरामद किए हैं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान हऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह चलाया जा रहा है ।

इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 28.12.2025 की रात्रि में थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्कर मुस्तफा पुत्र अलीमुद्दीन निवासी ग्राम हथछौया थाना झिंझाना जनपद शामली, रिहान उर्फ काला पुत्र खुर्शीद निवासी घण्टे वाला मन्दिर कस्बा थाना थानाभवन जनपद शामली को अवैध 185 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रूपए) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गढ़ीपुख्ता पर मु0अ0सं0 134/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण मुस्तफा, रिहान उर्फ काला उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है। अभियुक्त मुस्तफा पुत्र अलीमुद्दीन निवासी ग्राम हथछौया थाना झिंझाना जनपद शामली व रिहान उर्फ काला पुत्र खुर्शीद निवासी घण्टे वाला मन्दिर कस्बा थाना थानाभवन जनपद शामली हैं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**बिजनौर।** स्योहारा क्षेत्र में एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता ने 27 दिसंबर को स्योहारा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि नूरपुर थाना क्षेत्र के गांवड़ी पनिआला निवासी शुएब पुत्र बहाजुद्दीन ने उससे शादी का वादा कर कई बार दुष्कर्म किया। युवती द्वारा शादी के लिए कहने पर आरोपी शुएब ने इनकार कर दिया। आरोप है कि उसने शादी से मना करने के साथ ही युवती को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## रालोद सर्वसमाज की पार्टी

**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के जनपद में लगातार मजबूत होने पर हर्ष जताते हुए जिला महासचिव डा. विपिन तोमरने कहा कि आने वाले समय मे हमारी पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि रालोद से युवाओं का जुड़ना ही चौधरी जयंत सिंह की बढ़ती लोकप्रियता व उनके अच्छे विचारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रालोद ही सर्वसमाज की हितैषी पार्टी है। उन्होंने कहा कि रालोद मुखिया व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने हमेशा ही सर्वसमाज को जोड़कर राजनीति की है।

# ट्रक ने विद्युत पोलों में टक्कर मारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव भैंसवाल में रविवार की देर रात अज्ञात ट्रक द्वारा दो विद्युत पोलों में टक्कर मार देने से एक पोल टूट गया जबकि दूसरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई राहगीर या वाहन इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार रविवार की रात क्षेत्र के गांव भैंसवाल में एक अज्ञात ट्रक द्वारा दो विद्युत पोलों में जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक पोल टूट गया जबकि दूसरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित थी, अन्यथा जानमाल का बडा नुकसान हो सकता था। शोर सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक अज्ञात ट्रक चालक मौके से फरार हो चुका था। सोमवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत विभाग व विजीलेंस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पडताल शुरू की। दूसरी ओर ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की समस्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में विफल रहा है। ओवरलोड वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की आशंका बनी रहती है। गांव के ही मुकेश, आदेश, कृष्णापाल, प्रवीण कुमार, उदयवीर और प्रहलाद सिंह ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड गन्ने के वाहनों की संख्या बहुत अधिक है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। बार-बार शिकायतें करने के बावजूद न तो वाहनों की चेकिंग की जाती है और न ही कोई ठोस कार्रवाई होती है। वहीं अभी तक इस संबंध में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

----ग्रामीणों ने देर रात दो विद्युत पोलों में अज्ञात ट्रक द्वारा टक्कर मारने की सूचना दी थी, उनके पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक फरार हो चुका था। विजिलेंस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की है।

**-अवी कुमार, अवर अभियंता विद्युत विभाग**

## भाकियू किसानों की आवाज : रवि चौधरी

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) किसानों के हित की लड़ाई में सबसे आगे रहा है और हमेशा ही किसानों की हर समस्या, हर परेशानी में किसान के साथ खड़ा है। मण्डल अध्यक्ष मुरादाबाद रवि चौधरी ने कहा कि हमारा संगठन केवल एक नाम नहीं, बल्कि देश के अन्नदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए एक समर्पित आंदोलन है। हमारी सरकार से लड़ाई केवल और केवल किसान हितों की रक्षा के लिए है। संगठन का हर कार्यकर्ता स्वयं के हित को त्याग कर समाज और किसान की बेहतरी के लिए मैदान में खड़ा है। खाद, बीज, फसलों के दाम से लेकर कर्ज और नीतिगत समस्याओं तक किसान की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) सदैव तत्पर है।

# कानूनगो के पद पर तैनात अमित कुमार की सिलिंडर फटने से हुई मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** तहसील में कानूनगो के पद पर तैनात अमित कुमार गौड की सिलिंडर फटने से हुए हादसे में मौत हो गई। अमित गौड करीब सात माह से देवबंद तहसील में तैनात थे। उनकी मौत की खबर से तहसील में शोक की लहर दौड गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने शोक जताया है।

जनपद मुजफ्फरगनर निवासी अमित कुमार गौड देवबंद तहसील में तैनात थे और वे शीतलाखेड़ा क्षेत्र का कार्य देखते थे। सोमवार को हुए हादसे में अमित और उनके पिता की मौत हो गई। मौत की खबर से तहसील में शोक की लहर दौड गई।

तहसीलदार पुष्पांकर देव ने बताया कि करीब सात माह पूर्व अमित गौड की यहां तैनाती हुई थी, उनका स्वभाव सौम्य था और हर किसी से लगाव रखते थे। हादसे में हुई उनकी और पिता की मौत से गहरा आघात पहुंचा है।

उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष कन्हैया लाल, जिला मंत्री संजीव शर्मा समेत नीरज तायल, प्रवेश त्यागी, गौरव, विनय शर्मा, तसलीम अहमद, यजपाल सिंह, पाल सिंह, मो. फैसल और निशांत समेत तहसील स्टाफ व लोगोने शोक व्यक्त किया है।

# दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का भव्य शुभारम्भ






शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ग्रामीण क्षेत्रों के युवा खिलाडियों की प्रतिभा को उजागर करने के लिए उत्तर प्रदेश खेल लीग के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का सोमवार को भव्य शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाडियों ने भाग लिया।

मेपल्स एकेडमी में प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश की योगी सरकार के लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, देवबंद पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग, ब्लाक प्रमुख प्रति. निधि विजय त्यागी, संजय चौहान व प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं ध्वज फहराकर किया। इस दौरान राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी खिलाडियों को निरंततर परिश्रम, सकारात्मक सोच और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एकेडमी द्वारा मंत्री जी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। दो दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता के प्रथम दिन ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाडियों ने एथलेटिक्स, रिले रेस, कबड्डी, वालीबॉल, बैडिंटन आदि गेमों में बढ़ चढकर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान एकेडमी के समस्त स्टाफ समेत काफी संख्या में नगर व देहात के लोग मौजूद रहे।

# आईआईएचटी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन






शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आईआईएचटी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। पैरामेडिकल के छात्र आर्यन कौशिक व नर्सिंग के सलमान मिस्टर एवं पैरामेडिकल की छात्रा प्रतीक्षा व नर्सिंग की पारुल मिस फ्रेशर चुने गए। इस दौरान राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कॉलेज द्वारा संचालित मोतियाबिंद मुक्त विधानसभा अभियान का उद्घाटन भी किया।

मुजफ्फरनगर रोड स्थित आईआईएचटी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल क्षेत्र मानव सेवा से जुड़ा है, इसमें विद्यार्थियों की भूमिका अहम है। कालेज चेयरमैन डा. कुलद. ीप राणा ने कहा कि आईआईएचटी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरो. कारों को भी प्राथमिकता देता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। संचालन आलिया सिद्दीकी व रमशा मुर्तजा ने किया। इस दौरान एडीजे हरदोई मनमोहन सिंह, पैरामेडिकल के प्रधानाचार्य डा. सौरभ मित्तल, नर्सिंग के प्रधानाचार्य लोकेश सैनी, हेमंत अरोड़ा, विनोद सक्सेना, डा. आलम त्यागी, डा. रवि गौतम, शिवांशु, अक्षय कुमार, कल्पना सैनी, अनुराधा, पूजा, कनिष्का आदि समेत सभी छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# प्रभात फेरी का लोगों ने फूलों की वर्षा कर किया स्वागत



**देवबन्द।** साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का दूसरे दिन लोगो ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकलने वाली 6 दिवसीय प्रभात फेरियों के दूसरे दिन प्रभात फेरी प्रात: काल गुरूद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, रेलवे रोड़, कैलाशपुरम कालोनी, ब्रहमपुरी कालोनी, लाजपत नगर कालोनी होते हुए वापिस गुरूद्वारा पहुंची जहां राजेश भटेजा परिवार ने फूलों की वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। भाई गुरदयाल सिंह, चंद्रदीप सिंह, भोली कौर मनचंदा, चन्नी बेदी,बिट्टू कपूर, रोजी बेदी, हरप्रीत कौर ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया।

# ट्यूबवैलों की मोटर हुई चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**देवबन्द।** चोरों ने तीन किसानों के ट्यूबवैलों पर रखी मोटर चोरी कर ली। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। रविवार की रात चोरों ने घ्याना गांव निवासी मोहित त्यागी, सचिन धीमान और बेगमपुर निवासी जयपाल के खेतों में बने कमरों के ताले तोड़कर ट्यूबवैल की पांच मोटर चोरी कर लिए। सवेरे किसान खेतों पर पहुंचे तो उन्हें घटना का पता चला। किसानों की ओर से पुलिस मामले में तहरीर दी गई है। बता दें, कि चार दिन पूर्व भी चोरों ने खेड़ामुगल क्षेत्र में आठ किसानों के ट्यूबवैलों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसमें चोरी से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ था।

# पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन टूटने से लोगों को हो रही असुविधा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर के मोहल्ला लहसवाड़ा में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन पिछले काफी समय से टूटी पड़ी है। इससे निकलने वाला पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका परिषद के जल विभाग की लापरवाही के कारण मोहल्ला लहसवाड़ा के लोग परेशान हैं। यहां पिछले काफी समय से पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन टूटी हुई है, इससे निकलने वाला पानी लगातार सड़क पर बह रहा है। जिस कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लहसवाड़ा निवासी मोहम्मद असगर, रिजवान और साइम का कहना है कि अनेक बार वह पालिका अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा चुके हैं।

लेकिन उसके बावजूद आज तक टूटी पाइप लाइन को ठीक नहीं किया गया। बताया कि पाइप लाइन टूटने के कारण लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। उन्होंने पालिक. ाध्यक्ष से जनहित को ध्यान में रखते हुए समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई है।

# पूरा प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी की चपेट में: भगत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के भाई मौलाना मोदूद मदनी से भेंट कर पश्चिम प्रदेश निर्माण आंदोलन में सहयोग की अपील की।

ईदगाह रोड स्थित मौलाना मोदूद मदनी के आवास पर मुलाकात के दौरान भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा राज्य है। कानून व्यवस्था चौपट है और पूरा प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी एवं अव्यवस्था की चपेट में है। इतने बड़े राज्य का संचालन लखनऊ से बैठकर नहीं किया जा सकता है। छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति भी संभव है। बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करके उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिम उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराने की भी मांग की है। इस दौरान मौलाना मोदूद मदनी ने भी उत्तर प्रदेश के विभाजन को जरूरी बताया। इस मौके पर हाफिज मुर्तजा त्यागी, समरपाल सिंह, मालू चौधरी, नीतू त्यागी आदि शामिल रहे।

# इंजीनियर के घर लाखों की चोरी

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया है। अज्ञात चोर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। मकान मालिक परिवार सहित अपने ग्राम गया हुआ था।

इंद्रलोक कॉलोनी के गेट नंबर चार में रहने वाले कामेन्द्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह जो कि पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, के घर में यह वारदात हुई। कामेन्द्र सिंह मूल रूप से नहटौर के सलारपुर ग्राम के निवासी हैं और हाल ही में सिंगापुर से लौटे थे। उनका परिवार ग्राम गया हुआ था, जिसके कारण घर पर ताला लगा था। कल सुबह जब दूध देने वाला व्यक्ति मकान पर पहुंचा, तो उसने मुख्य दरवाजे के ताले टूटे देखे। उसने तत्काल इसकी सूचना फोन पर मकान मालिक कामेन्द्र सिंह को दी। जानकारी मिलते ही कामेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। घर पहुंचने पर कामेन्द्र सिंह ने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से करीब 10 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेव. रात चोरी कर लिए थे।

# अवैध खनन पर शिवसेना में उबाल



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** शिवसेना की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय ग्राम बागडपुर में डा. पुलकित की अध्यक्षता में व कृष्णा वीर के संचालन मे बैठक हुई।

बैठक में जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि जनपद में अवैध खनन माफियाओं का बोलबाला है। दिन छिपते ही अवैध खनन का काम शुरू हो जाता है। पोपलेन जेसीबी लोडर से अवैध खनन चालू हो जाता है जो पूरी रात सड़कों पर मिट्टी रेत भरी ट्रैक्टर ट्रालियां और बड़े वाहन डंपर आदि दौड़ लगाते हुए सीएम और डीएम के सख्त आदेशों को दफन करते हुए अपना कार्य तेजी से शुरू कर देते है। चौधरी वीर सिंह ने कहा कि चांदपुर क्षेत्र मे खनन अधिकारी, तहसील एवं कुछ पुलिसकर्मी राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से रात के अंधेरे में खनन माफिया अपना खेल चालू कर देते है। इनके डंपर व ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा दुर्घटना से जनपद में हर महीने लगभग 10 मौते होती हैं। शिव सैनिकों का आरोप है कि इन डंपर और ट्रैक्टर ट्रालियों के चालकों द्वारा तेजी और लापरवाही से अपने भरे हुए वाहनों को चलाने से हर समय दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

शिवसेना ने चेतावनी दी है अगर अवैध खनन चांदपुर तहसील क्षेत्र के अंदर नहीं रुका तो शिवसेना एसडीएम चांदपुर का घेराव करेगी और धरना प्रदर्शन करेगी।

बैठक में आंतरिक कौशिक, कमल प्रजापति, नाजिम भाई, अशोक, सचिन कुमार, धर्मेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# टोली बनाकर पुलिस के साथ गश्त कर रहे युवा

## रात में आ रहे कोहरे में आपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश





शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** ठंड के चलते रात्रि में आ रहे कोहरे में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिये थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने लोगों को जागरूक कर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर नगर के मौहल्लों में युवाओं की टोली बनाकर स्वयं पुलिस के साथ रात्रि में पैदल गश्त करने की चारों तरफ सराहना हो रही है।

मालूम हो कि नगर व क्षेत्र को अपराधों व चोरियों से सुरक्षित रखने को लेकर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने ठंड में रात्रि में लगातार आ रहे कोहरे के मद्देनजर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों मे लोगों के साथ बैठक कर उनसे अपने व आसपास के लोगों के घरों को सुरक्षित रखने के लिए मौहल्लों व ग्रामीण क्षेत्रों मे युवाओं की टोली बनाकर उनसे पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि आमजन के आपसी तालमेल से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने विशेष रूप से रात्रि के समय सतर्क रहने, संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिये। वहीं नगर के विभिन्न मौहल्लों के युवाओं की टोली रात्रि में गश्त कर पुलिस का सहयोग कर रही है। जबकि थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार भी पुलिस कर्मियों के साथ रात्रि में पैदल गश्त करते दिखाई दे रहे है।

### बैठक कर जागरूक करने पर थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार की सराहना



**शेरकोट।** अपराधों व चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाये जा रहे कदम व लगातार पूरी रात पैदल गश्त कर ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी को चैक करने सहित अन्य मामलों को गम्भीरता से लेने को लेकर थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। वहीं लोगों का कहना है थाना प्रभारी समय-समय पर लोगों को जागरूक करते रहते है, जो अपने आप में सराहनीय कार्य है।

# फादरसन में साइबर सुरक्षा कार्यशाला



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज शिक्षकों के लिए आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं साइबर सुरक्षा पर आधारित कार्यशाला का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस कार्यशाला का संचालन विद्यालय के आईटी हेड कपिल चौधरी द्वारा उनकी टीम के सदस्यों आशु राजपूत एवं प्रियंका तोमर के सहयोग से किया गया। इस चरण में शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग, डिजिटल टूल्स, ऑनलाइन प्लेटफार्मर्स की सुरक्षा तथा साइबर खतरों से बचाव के व्यावहारिक तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और बदलते डिजिटल युग के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# कड़ाके की सर्दी, घना कोहरा छाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिले में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शीतलहर के कारण न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आज सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। जिससे लोग घरों में रहने को मजबूर हुए। जिले का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

हल्की ठंडी हवा के कारण ठंड का असर लगातार बना हुआ है। घने कोहरे के कारण दृश्यता (विजिबिलिटी) बेहद कम हो गई है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम VIMLA DEVI से बदलकर VIMLA रख लिया है अब भविष्य में मुझे VIMLA नाम से ही जाना जाये (मेरे बेटे की मार्कशीट में मेरा नाम VIMLA DEVI जबकि उसके पासपोर्ट में मेरा नाम VIMLA है जो सही है मेरे बेटे के पासपोर्ट में मेरा नाम VIMLA ही रहने दिया जाये।

VIMLA W/O SHYAM SINGH R/O VPO-BHAILA KALAN (SRE) UP

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो0 आजम को उसके गलत आचरण व चाल चलन के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

श्रीमती खुर्शीदा पत्नी तजम्मुल निवासी ग्राम फुलास अकबरपुर थाना देवबंद जिला सहारनपुर



# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की बैठक का आयोजन महासंघ के संयोजक डॉ. रवेंद्र सिंह के आवास पर किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया गया।

इस अवसर संयोजक डा. रवेंद्र सिंह ने घोषित किया कि लगातार दूसरी बार दीपेंद्र सिंह चौहान को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ का अध्यक्ष, धनंजय सिंह को महासं. चव चयनित किया गया है। अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने भूपेंद्र सिंह चौहान को भी महामंत्री के पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की जिसको सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनसे यह अपेक्षा व्यक्त की कि वे समाज और संगठन की सेवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करेंगे तथा क्षत्रिय समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह चौहान द्वारा किया गया, जबकि बैठक की अध्यक्षता नारायण सिंह ने की। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य डा. एन.पी. सिंह ने संगठन का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. रवेंद्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, नारायण सिंह, डा. एन.पी. सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, आशीष राजपूत, डा. मनोज प्रताप सिंह, धनंजय सिंह, डा. एस.एस. राजपूत, अनिल कुमार सिंह, अरविंद वत्स ठा. रविकांत, नीरज कुमार एडवोकेट, जयवीर सिंह एडवोकेट, मदन पाल सिंह, संतोष राजपूत, प्रीतम सिंह, डा. वी. के. रघुवंशी, डा. नागेंद्र शेखावत, ऋषि राज सिंह एवं शिवराज सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने सहभागिता की। अंत में नव चयनित अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए



## 10000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय व दुनिया की चौथी बल्लेबाजी बनी स्मृति मंधाना

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय तथा दुनिया की चौथी बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 में हासिल की। मंधाना से पहले मिताली राज यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं। मिताली राज 10868 रनों के साथ वह सबसे जडादा रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे हैं। सूजी बेट्स 10652 रन के साथ दूसरे और शार्लेट एडवड्र्स 10273 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मांधना इस मुकाम तक पहुंचने वाली सबसे तेज बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों की 281वीं पारी में 10 हजार रन पूरे किए। राज ने यह उपलब्धि 291 पारियों में हासिल की थी, जबकि एडवड्र्स और बेट्स को ऐसा करने में क्रमशः 308 और 314 पारियां लगी थीं। श्रीलंका के खिलाफ चौथे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से पहले मंधाना इस आंकड़े से मात्र 27 रन दूर थीं और उन्होंने यह उपलब्धि बाएं हाथ की स्पिनर निमाशा मीपाजे की गेंद को लॉन्ग ऑन की दिशा में एक रन के लिए ड्राइव कर हासिल किया। मंधाना के लिए 2025 अब तक एक शानदार साल रहा है। भारत की विजई महिला विश्व कप अभियान के दौरान मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार एकदिवसीय रन बनाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बनी थीं। उन्होंने साल का अंत एकदिवसीय प्रारुप में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में किया, जहां उन्होंने 1362 रन बनाए। वहीं दूसरे स्थान पर रहीं लॉरा वुलफार्ट ने 1174 रन बनाए थे। मंधाना ने इस साल पांच शतक भी लगाए, जिसकी बराबरी दक्षिण अफ्रीका की तेजमिन ब्रिट्स और लॉरा वुलफार्ट ने की। स्मृति मंधाना के इस साल 1660 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन हो गए हैं।

# आईसीसी ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान की टेस्ट पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दी

**● ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट दो दिन के अंदर समाप्त हो गया था इस कारण मेलबर्न ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला**



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की बॉक्सिग डे टेस्ट की पिच को 'असंतोषजनक' रेटिंग दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने अपने बयान में कहा कि बहुत प्रशंसकों के पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे और उसके अलावा लाखों प्रशंसक इस मैच के लिए उत्साहित थे लेकिन पिच के कारण यह दो दिन में ही समाप्त हो गया और यह निराशाजनक है।

पिछले कुछ सालों में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के स्टाफ ने बेहद शानदार टेस्ट पिच तैयार करके दी थी और हमें उम्मीद है कि अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिग डे टेस्ट और मार्च 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में बध्यिा पिच देखने को मिलेगी। आईसीसी ने पिच रेटिंग के लिए चार श्रेणी रखी है और इस मैदान की पिच को तीसरे स्थान 'असंतोषजनक' श्रेणी में रखा गया है जिसमें पिच गेंदबाजों के लिए फायदेमंद रहती है और गेंद एवं बल्ले के बीच बराबर का मुकाबला देखने को नहीं मिलता। पिछले तीन बॉक्सिग डे टेस्ट में एमसीजी को 'सबसे बढ़िया' पिच की रेटिंग दी गई थी लेकिन इस बार मामला उलट गया। यह इस ऐशेज में दूसरा दो दिन वाला टेस्ट था और सीरीज के पहले तीन टेस्ट में जीत के बाद इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पघा। मैच समाप्त होने के अगले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि वह एकदम सदमे में हैं। पेज के पिच पर 10 मीमी घास छोड़ने के फैसले की भी काफी चर्चा हो रही है। इस टेस्ट के दो दिन में समाप्त होने की वजह से सीए को बड़ा आर्थिक नुकसान (10 मिलियन ऑस्ट्रेलिया डॉलर) भी हुआ है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आखिरी और पांचवें टी-20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम क्लीन स्वीप करन साल का सफल समापन करने उतरेगी। वहीं श्रीलंका के पास इस मैच में जीत दर्ज आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होगा। भारत इस पूरी सीरीज में क्लिनिकल रहा है। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला, क्योंकि उन्होंने पहले तीन टॉस जीते। भारत ने तीनों मैचों में श्रीलंका को 130 से कम के स्कोर पर रोकते हुए और कम से कम पांच ओवर और सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। श्रीलंका कल होने वाले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की चुनौती को पार करना होगा। इस भारतीय जोड़ी ने किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी की और मेजबानों का सर्वोच्च टी-20 स्कोर खड़ा किया। भारत को इस सीरीज में अब तक केवल पांच बल्लेबाजो का ही इस्तेमाल करना पड़ा है। चाहे वे लक्ष्य तय करें या उसका पीछा करें, श्रीलंका रविवार को हसिनी परेरा की शुरुआत से प्रेरणा लेगा, जिसमें उन्होंने शुरुआती ओवरों में रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी पर आक्रामक प्रहार किया। इससे पहले कि नीलाक्षी डी सिल्वा ने लोअर ऑर्डर में आखरिकार कुछ रन जोड़े। श्रीलंका चाहेगा कि भारतीय क्षेत्ररक्षकों से मिलने वाले किसी भी जीवनदान का फायदा उठाया जाए, क्योंकि इस सीरीज में भारतीय क्षेत्ररक्षक मामले में कमजोर दिखे है। पहले मैच में उन्होंने पांच कैच छोड़े और चौथे मैच में दो जो दोनों टीमों के बीच के फासले को कम करने में मेहमानों की मदद कर सकता है। श्रीलंका बल्लेबाजी में ओपनिंग में कप्तान अटापट्टू और हिसनी से बड़ी साझेदारी की उम्मीद करेगा। रविवार को हुए मुकाबले में इस जोड़ी ने अच्छी साझेदारी कर टीम को जीत की उम्मीद जगाई थी।

# मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया

**विजय हजारे ट्रॉफी**

**जयपुर, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर (चार विकेट) और शम्स मुलानी (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 68) और सिद्धेश लाड (नाबाद 48) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में छत्तीसगढ़ को 156 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया है। यहां टॉस जीतकर मुम्बई ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शार्दुल ठाकुर 13 रन देकर (चार विकेट) और शम्स मुलानी 31 रन देकर (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ को 38-1 ओवर में 142 के स्कोर पर समेट दिया। छत्तीसगढ़ के लिए कप्तान अमनदीप खरे (68) और अजय मंडल (46) ही जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर सके। शेष नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई ने 24 ओवर में एक विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और इशान मुलचंदानी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। नौवें ओवर में हर्ष यादव ने इशान मुलचंदानी (19) को आउट कर छत्तीसगढ़ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सि(ेश लाड ने अंगकृष रघुवंशी के साथ 102 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

## मप्र ने केरल को मात दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** हिमांशु मंत्री (93) की शानदार बल्लेबाजी के बाद शुभम शर्मा (तीन विकेट), सारांश जैन और शिवांग कुमार (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में केरल को 47 रनों से शिकस्त दी। यहां केरल ने टॉस कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अंकित शर्मा (चार विकेट) और बाबा अपराजित (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर केरल ने बल्लेबाजी करने उतरी मध्य प्रदेश को 46.1 ओवर में 214 के स्कोर पर समेट दिया। मध्यप्रदेश के लिए हिमांशु मंत्री ने 105 गेंदों में सात चौकों की मदद से 93 रनों की पारी खेली। इसके अलावा त्रिपुरेश सिंह ने (37), हर्ष गवली (22), आर्यन पांडे (15) और यश दुबे ने 13 रनों का योगदान दिया। केरल के लिए अंकित शर्मा ने चार विकेट लिए।

# वनडे सीरीज हार्दिक-बुमराह को मिल सकता है आराम



**● टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 सीरीज खेली भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है।

टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी करेंगे। इनसे पहले होने वाले तीन एकदिवसीय मैच 11 जनवरी (बड़ौदा), 14 जनवरी (राजकोट) और 18 जनवरी (इंदौर) को होंगे। इनमें बुमराह और पांड्या को शामिल किए जाने की संभावना कम है। एकदिवसीय टीम की घोषणा 4-5 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है। ऐसा समझा जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि टी-20 विश्व कप के लिए अहम इन दो खिलाड़ियों को एकदिवसीय टीम से बाहर रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या, जो सिर्फ सफेद गेंद क्रिकेट खेलते हैं, फिटनेस की दिक्कतों के कारण मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद से कोई वनडे नहीं खेले हैं। जसप्रीत बुमराह, जिनके वर्कलोड पर टीम में उनकी अहमियत को देखते हुए करीब से नजर रखी जा रही है, 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से वह किसी वनडे में नहीं खेले हैं। हालांकि, उम्मीद है कि पांड्या चल रहे विजय हजारे गेम्स में बड़ौदा के लिए खेलेंगे। संभावना है कि वह घरेलू 50-ओवर के टूर्नामेंट में खेलेंगे ताकि वह बीसीसीआई के घरेलू खेल में अनिवार्य भागीदारी के फरमान का पालन कर सकें। रोहित शर्मा और विराट कोहली की तरह, जिन्होंने पहले दो खेल में मुंबई और दिल्ली के लिए खेला था, पांड्या बड़ौदा के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के आखिरी तीन लीग मैचों में से दो में खेल सकते हैं, जो 3, 6 और 8 जनवरी को राजकोट में होने हैं। इस बीच, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि कोहली, जिन्होंने 24 और 26 दिसम्बर को बेंगलुरु में दिल्ली के लिए पहले दो विजय हजारे ट्रॉफी में खेले थे, छह जनवरी को अलूर के मैदान पर रेलवे के खिलाफ खेले जाने वाले आखिरी लीग मैच के लिए वापस आएंगे। उसके बाद, वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप के लिए प्रोविजनल टीम में कमिंस-हेजलवुड को शामिल



**● सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा**

**सिडनी, वार्ता।** कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया ने चोट की चिताओं के बावजूद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रोविजनल टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड को शामिल करने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिस, जो एशेज के तीसरे टेस्ट के लिए एडिलेड में लौटे थे, लेकिन सावधानी के तौर पर बाकी सीरीज से बाहर हो गए थे, लगभग चार हफ्ते में अपनी पीठ का एक और स्कैन करवाएंगे।

सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा। मैकडॉनल्ड ने कहा कि मुझे लगता है पैट का चार हफ्ते में एक स्कैन होगा, तो उससे हमें जानकारी मिल जाएगी कि वह टी-20 विश्व कप के लिए किस स्थिति में हैं।

उन्हें 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया जाएगा। इस बीच, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और अकिलीज की समस्याओं के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। 34 साल के तेज गेंदबाज को चोटों ने परेशान किया है। हालांकि वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है और उम्मीद है कि वह जल्द ही गेंदबाजी करना शुरू कर देगा, जिससे वैश्विक टूर्नामेंट के लिए उसकी उपलब्धता की उम्मीदें बढ़ेगी। मैकडॉनल्ड ने कहा कि जॉश गेंदबाजी करने के लिए वापस आ रहा है। ऐसा लगता है कि वह संभावित समय के हिसाब से ठीक हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते समय दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट से प्रभावित मध्यमक्रम के आक्रामक बल्लेबाज टिम डेविड की फिटनेस पर भी नजर रख हुए है।

# पीएम ने कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपिशनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कोनेरू हम्पी को बधाई, जिन्होंने दोहा में फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के सेक्शन में कांस्य पदक जीता। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दोहा में फीडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीतने के लिए अर्जुन एरिगैसी पर गर्व है। उनका हौसला काबिले तारीफ है।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लिए एक दशक से भी अधिक समय खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 69 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 28 टेस्ट शामिल हैं, और उन्होंने अपने लाल-गेंद करियर में 74 विकेट लिए। ब्रेसवेल का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में 2011 में होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के लिए दर्ज है, जहां उन्होंने मैच में नौ विकेट लेकर सात रन की यादगार जीत दिलाई थी। ब्रेसवेल ने सफेद गेंद क्रिकेट में भी न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 में 41 मैच खेले। वह आईसीसीस पुरुष टी-20 विश्व कप 2012 में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे और अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के दौरान एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर नियमित रूप से योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए उनका आखिरी मैच 2023 में वेलिगटन में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट था। बाद में पसली की चोट के कारण सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ उनका घरेलू अभियान छोटा हो गया, जिसके कारण आखिरकार उन्होंने खेल से दूर होने का फैसला किया। आईसीसी ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के एक बयान के हवाले से ब्रेसवेल के हवाले से कहा कि यह मेरे जीवन का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है, और कुछ ऐसा जिसकी मैंने एक युवा क्रिकेटर के तौर पर ख्वाहिश की थी। मैं क्रिकेट के माध्यम से मिले अवसरों और अपने देश के लिए खेलने के मौके के लिए हमेशा आभारी रहूंगा, साथ ही अपने घरेलू करियर के दौरान सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी। प्रथम श्रेणी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना एक सौभाग्य की बात है, और मैं आभारी हूं कि मैंने इतने लंबे समय तक खेल खेला और उसका आनंद लिया।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा 2025

## टीम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की जीत, एशिया कप में खिताबी सफलता और इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए वर्ष 2025 का सफर काफी मिला-जुला रहा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टींम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की।

भारत ने पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की, जबकि एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत बनाम इंग्लैंड टी-20 सीरीज का सबसे बड़ा आकर्षण पल अभिषेक शर्मा का विस्फोटक शतक रहा। उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच में 135 रनों की पारी खेली, जो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय टीम ने फरवरी में पाकिस्तान और यूएई की मेजबानी में हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अपनी लय को बरकरार रखा। आठ साल बाद अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में लौटी इस प्रतिष्ठित एकदिवसीय टूर्नामेंट में भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली का शतक जीत का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा, जबकि फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा ने टीम को चैंपियन बनाया। इसके बाद भारत का अगली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज थी, लेकिन उससे पहले ही बड़ा बदलाव देखने को मिला। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके बाद चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया। हाल के वर्षों की सबसे रोमांचक टेस्ट सीरीज में से एक मानी जा रही यह सीरीज बराबरी पर खत्म हुई। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरा मुकाबला जीता, जबकि भारत ने एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट अपने नाम किया और द ओवल में खेले गए आखिरी मुकाबले में छह विकेट से शानदार जीत दर्ज कर सीरीज बराबर की। इस पूरी सीरीज में कप्तान शुभमन गिल ने 75-40 की औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक और एक दोहरा शतक शामिल रहा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए सितम्बर में यूएई में खेले गए एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म की बदौलत भारत फाइनल में पाकिस्तान को हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार महाद्वीपीय चैंपियन बना। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत धीमी रही, लेकिन नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेलने वाले तिलक वर्मा ने टीम को जीत दिलाई और फाइनल के हीरो रहे। अक्टूबर में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज की मेजबानी की और 2-0 से क्लीन स्वीप किया। यह शुभमन गिल की टेस्ट कप्तान के रूप में पहली सीरीज में जीत थी। इसी दौरान गिल को रोहित शर्मा की जगह भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान भी बनाया गया। एकदिवसीय प्रारुप में उनकी शुरुआत उतनी सफल नहीं रही।

# चोटिल गस एटकिसन एशेल के आखिरी टेस्ट से हुए बाहर



**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी को होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की एशेज सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार एटकिसन को मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट के दूसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। 27 साल के एटकिसन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर पूरा करने के बाद मैदान छोड़कर चले गए और वापस नहीं लौटे, जबकि इंग्लैंड ने इस मैच में चार विकेट से जीत हासिल की। बाद के स्कैन में हैमस्ट्रिंग की समस्या की पुष्टि हुई, जिससे एटकिसन एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट नहीं खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया अभी पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। इंग्लैंड ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड पुरुष टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिसन एशेज टूर के बाकी मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि स्कैन में पता चला है कि उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। सरे के दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने चौथे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड की जीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर फेंकने के बाद मैदान छोड़ दिया। इंग्लैंड पांचवें टेस्ट के लिए किसी रिप्लेसमेंट को नहीं बुलाएगा, जो चार जनवरी से सिडनी में शुरू होगा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटों के कारण बाहर हैं। साथी तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर और मैथ्यू पॉट्स, जो टूरिंग टीम का हिस्सा हैं, अब सीरीज के आखिरी मैच के लिए एटकिसन की जगह भरने की कोशिश में हैं।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ

# भूटान के सोनम एशे ने आठ विकेट लेकर टी-20 क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड

**भूटान, वार्ता।** भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम एशे एक टी-20 मैच में आठ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। 22 वर्षीय एशे ने यह कारनामा म्यांमार के खिलाफ तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में किया। एशे शुक्रवार को म्यांमार के खिलाफ खेले गए मुकाबले के अपने चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट झटके। इस मैच भूटान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर बनाया था।

इसके जवाब में म्यांमार की पूरी टीम को 45 रन सिमट गई। इस सीरीज में एशे अब तक चार मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। सीरीज का आखिरी मैच सोमवार को खेला जाना है। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू टी-20 क्रिकेट में यह उपलब्धि किसी भी गेंदबाजा द्वारा पहली बार हासिल की गई है। एशे से पहले पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल दो गेंदबाजो ने सात विकेट लिए थे। सयाजरुल इद्रुस ने 2023 में चीन के खिलाफ मलेशिया के लिए आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। वहीं अली दाऊद ने 2025 में भूटान के खिलाफ बहरीन के लिए 19 रन देकर सात विकेट झटके थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर भी यह कारनामा केवल दो बार हुआ है।

# 10 दिन के अंदर आवेदनों का निस्तारण करें सुनिश्चितः कमिश्नर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने निर्देश दिए कि छात्रवृति संबंधी सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए 10 दिन के अंदर आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल सम्बंधी शिकायतों का भी समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कराएं।

मंडलायुक्त रूपेश कुमार आज सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रवृति संबंधी सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए 10 दिन के अंदर आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इसके तहत जिला स्तरीय समिति शिक्षण संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों को त्वरित रूप से अनुमोदित कर पोर्टल में डाटा फीड करें।

उन्होने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षण संस्थाओं से समन्वय कर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें। व्यक्तिगत शौचालय के कार्य को 31 दिसम्बर से पहले पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं। ए रैंक वाले अपनी रैकिंग यथावत बनाए रखें। बी, सी एवं डी श्रेणी वाले विभाग कार्यशैली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें। उन्होंने शत-प्रतिशत फैमिली आई डी बनाने के कार्य में अभियान चलाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने सेतुओं एवं नई सड़कों के निर्माण संबंधी अद्यतन डाटा को निर्धारित मानक के अनुसार पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत कोई भी आवेदन पत्र अनावश्यक रूप से लम्बित न रहें। इसके लिए निरंतर एलडीएम एवं बैंकर्स के साथ समीक्षा की जाए। विद्युत संबंधी समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चिति किया जाए। पीएम पोषण विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह अनिवार्य रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा इसको समय से पोर्टल पर अपलोड करें। ऊर्जा के तहत विद्युत विभाग की वूसली बढाने तथा रैकिंग बेहतर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का लाभ दिलाया जाए। कर करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा में उन्होने निर्देश दिए कि ऊजा, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यकर, खनन, स्टाम्प, मण्डी लक्ष्य के अनुरूप वूसली करें तथा बैकलॉग को समाप्त करना सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि एसडीएम संवेदनशीलता से कुर्रा-बंटवारा का कार्य यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करें। जनपद शामली को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना में रैंकिंग सुधार करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति 5.0, यातायात व्यवस्था तथा आगामी कार्यक्रमों के दृष्टिगत तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि अपराधियों को यथाशीघ्र दण्ड मिल सके इसके लिए विवेचना के कार्यों में तेजी लाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त श्री शिपू गिरी, मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय तिवारी, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहारनपुर संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर गजेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शामली सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शामली परमानन्द झा, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, उप निदेशक पंचायत हरिकेश बहादुर, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, चिकित्सा सहित मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवाचार, नव निर्माण एवं जल संरक्षण पर नई ऊर्जा के साथ काम करेंः डा. अजय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर के महापौर डॉ. अजय कुमार ने प्रदेश महापौर सम्मेलन में निगमों के महापौर व पार्षदों को सम्बोधित करते हुए महानगरों के मूलभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, नवाचार, नवनिर्माण एवं जल संरक्षण आदि के लिए नई ऊर्जा और संकल्प के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने अन्य नगर निगमों में अध्ययन भ्रमण (स्टडी टूर) के माध्यम से वहां हुए श्रेष्ठ कार्यों को अपनाने का भी सुझाव दिया।

प्रादेशिक महापौर सम्मेलन का आयोजन अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा गत दिवस अयोध्या में किया गया था। सम्मेलन में नगर निगमों में नवाचार, आय के संसाधन बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर शहरी विकास को लेकर सार्थक और विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में लखनऊ, कानपुर, झांसी, अलीगढ़, मुरादाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर आदि निगमों के महापौरों एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सहारनपुर नगर निगम द्वारा मूलभूत ढांचे व जनहित के लिए उठाये गए ठोस कदमों से अवगत कराते हुए कहा कि सहारनपुर में वेंडरों को रोजगार के लिए सम्मानजनक स्थान दिया है। उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये गए है। वेंडरों के लिए स्ट्रीट विकसित की गयी है। साप्ताहिक बाजार लगवाया जा रहा है।

उन्होंने प्रदेश के महापौरों एवं प्रतिनिधियों को बताया कि सहारनपुर में 55000 वर्ग मीटर का सरोवर बनाया गया है तथा अतिक्रमण का शिकार हुयी 141 वाटर बॉडी को पुर्नजीवित किया जा रहा है। पार्षदों का दल अन्य जनपदों में भेजकर वहां के विकास कार्यो से सीखने का अवसर पार्षदों को दिया गया है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने समय समय पर निगमों की बैठकों में होने वाले विवादों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विवादों की यह तस्वीरें अच्छी नहीं है, इनसे बचने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# निगम के नये टैक्स में मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

**सहारनपुर।** महानगर के 72 हजार आवासीय भवनों को स्वकर मूल्यांकन प्रपत्र के साथ स्वकर नोटिस वितरित करने का काम नगर निगम द्वारा तेजी से किया जा रहा है। स्वकर नोटिस के बाद उपभोक्ता द्वारा यदि बिल प्राप्ति के 30 दिन के भीतर टैक्स जमा कराया जायेगा तो उस पर 20 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा कराये गए सर्वे के आधार पर नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर 72 हजार आवासीय भवनों के करदाताओं को स्वकर मूल्यांकन प्रपत्र के साथ स्वकर नोटिस इस उद्देश्य से भेजे जा रहे हैं कि यदि किसी करदाता को अपने भवन की पैमाइश या श्रेणी त्रुटिपूर्ण लगती है तो वह स्वकर मूल्यांकन प्रपत्र भरकर शीघ्र से शीघ्र नगर निगम कार्यालय में जमा करा दें। इसके अलावा ये प्रपत्र नगर निगम द्वारा वार्ड क्षेत्रों में लगाये जा रहे कैंपों में भी जमा कराये जा सकते है। उन्होंने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त के निर्देश पर उक्त नोटिसों के जो प्रथम बिल उपभोक्ताओं को दिए जायेंगे, बिल प्राप्ति के 30 दिन के भीतर जमा करने पर करदाता को 20 प्रतिशत की छूट दी जायेगी और उक्त आवासीय भवनों का करांकन एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होगा। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सभी आवासीय करदताओं से अपील की है कि स्वकर नोटिस व स्वकर मूल्यांकन प्रपत्र मिलने के बाद अपने भवन का बिल प्राप्त कर शीघ्र जमा कराएं ताकि उन्हें 20 प्रतिशत की छूट का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को कोई जानकार स्पष्ट न हो तो वह सीधे निगम अधिकारियों से मिलकर अपनी शंका का समाधान कर सकता है।

## 8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

**सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर में आज सुबह प्रकृति का एक अलग ही रूप देखने को मिला।

सुबह करीब 7:30 बजे तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे पूरे शहर में कड़ाके की ठंड का असर दिखाई दिया। घने को. हरे के कारण दृश्यता लगभग शून्य हो गई, जिससे सड़कों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। कोहरे की वजह से छोटे-बड़े वाहनों की रफ्तार थम सी गई। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर अत्यंत धीमी गति से आगे बढ़ना पड़ा।

# साहित्यकार वीरेन्द्र आजम ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंटकर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा देश-प्रदेश के साहित्यकारों एवं पत्रकारों को दिये जाने वाले पुरस्कार पुनः शुरु किये जाने की मांग की।

रविवार की शाम गंगोह रोड पर एमआरएस पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम ने महानगर के साहित्यकारो एवं पत्रकारों की ओर से उपमुख्यमंत्री का बुके भेंटकर स्वागत करते हुए उनसे हिंदी संस्थान के पुरस्कारों को फिर से शीघ्र शुरु करने की मांग की। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से कहा कि ये पुरस्कार गत चार वर्ष से बंद होने के कारण प्रदेश के साहित्यकार अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान पिछले कई दशक से देश-प्रदेश के साहित्यकारों एवं पत्रकारों को उनके काव्य, कहानी, गजल सहित अनेक विधाओं की पुस्तकों पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पुरस्कार प्रदान किये जाते रहे हैं। लेकिन गत 2022 के आवेदन मांगे जाने के बाद आज तक ये पुरस्कार नहीं दिए गए हैं।

## सुंदर लाल दाबसे बसपा विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश्वर बंधु ने गंगोह में सुंदर लाल दाबसे को विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया है।

जिलाध्यक्ष राजेश्वर बंधु ने बताया कि पार्टी को और अधिक गतिशील बनाने के लिए गंगा में विधानसभा अध्यक्ष पद पर परिवर्तन किया गया है। गंगोह विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र ओलरी के स्थान पर सुंदरलाल दाबसे को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने उन्हें मनोनयन पत्र देकर निर्देशित किया कि वह संगठन मजबूती के लिये पूरी निष्ठा के साथ काम करें ताकिं बहनजी को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाया जा सके।

# गुरु रविदास महाराज ने समता समानता का दिया संदेशः सुलतान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री गुरू रविदास आर्मी की बैठक में 17 फरवरी को गुरू रविदास जयंती विशाल संत समागम पर चर्चा की गयी।

आज ग्राम हलालपुर स्थित कॉलेज में श्री गुरु रविदास आर्मी की बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय रेसलर सुल्तान सिंह ने कहा कि रविदासी समाज को इस खेल में आगे आना चाहिए क्योंकि श्री गुरु रविदास महाराज ने सबको समता समानता का संदेश दिया। गुरु महाराज जी ने 650 सौ साल पहले मन चंगा का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि रविदासी समाज के युवाओं को नशा प्रवृत्ति छोड़नी चाहिए तथा अच्छे कार्यों में अपना मन लगाना चाहिए। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू खालसा ने बताया की श्री गुरु रविदास महाराज जी के पावन पवित्र जयंती उत्सव पर 17 फरवरी को विशाल संत समागम विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी यह कार्यक्रम श्री गुरु रविदास छात्रावास रिमाउंट डिपो गेट के सामने देहरादून रोड पर आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक इस कार्यक्रम में लोग पहुंचे तथा आज उन्होंने संगठन का विस्तार करते हुए अनेक पदाधिकारी को मना. नीत किया। उन्होंने महिला मोर्चा की मैनना को प्रदेश सचिव गीता को जिला सचिव दिनेश गुंथल को प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कंवरपाल को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश कुमार सैनी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सचिव डॉक्टर सुनील को राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार नौटियाल को राष्ट्रीय महासचिव आकाश कुमार को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिट्टू खालसा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह अंतर्राष्ट्रीय रेसलर प्लेयर मैनाजी प्रदेश सचिव गीता जिला सचिव दिनेश कुंतल प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश कुमार सैनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सचिव जॉनी कुमार डॉक्टर सुनील जी मुकेश नौटियाल आकाश कुमार इंद्रपाल आदि गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पुत्रवधू पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**चिलकाना।** ग्राम माहेश्वरी कलां निवासी बुजुर्ग व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू पर परिवार को प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाये।

पीड़ित बुजुर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके पुत्र की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व थाना फतेहपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी युवती के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ही पुत्र वधू ने उसके पुत्र को अपना पति मानने से इंकार करते हुए कह दिया था कि वह किसी ओर से शादी करना चाहती थी लेकिन परिजनों ने जबरन उसकी शादी यहां करा दी। पीड़ित ने बताया है कि शादी के बाद से आज तक उसकी पुत्रवधू अपनी मर्जी से कभी भी अपने घर चली जाती है।

इसी प्रकार वह लगभग आठ माह पूर्व अपने पति अथवा अन्य ससुरालियों को बिना बताये अपने मायके चली गयी थी। जो कि रिश्तेदारों के समझाने पर भी वापस नहीं आयी। परेशान होकर पीड़ित ने न्यायालय में धारा 09 के तहत वाद दायर करते हुए पुत्रवधू को भिजवाये जाने की मांग की थी ताकि पुत्र व पुत्रवधू दोनों का घर बस सके। लेकिन रविवार को पीड़ित की पुत्र वधू बिना न्यायालय के आदेश के ही पीड़ित के घर आ गयी है ओर आते ही उनको किसी बड़े मामले में जेल भिजवाने की धमकी देते हुए तरह तरह से प्रताड़ित करने लगी। पीड़ित को डर सता रहा है कि कहीं वह कुछ गलत कदम उठा कर अपने आपको अथवा पीड़ित के परिवार को किसी प्रकार की हानि न पहुंचा दे। पीड़ित का कहना है कि वह उसे न्यायालय के आदेश पर लिखा पढ़ी होने के बाद लाना चाहते थे ताकि वह और उसके परिजन भी सुरक्षित रह सकें।

# आईएएस ट्रेनर डेलिगेशन का वुडन सिटी में भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की ऐतिहा. सिक पहचान और वुडन सिटी के नाम से विख्यात खाता खेड़ी में आज आईएएस ट्रेनर का एक प्रतिनिधिमंडल पहुँचा। इस भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं ने सहारनपुर की पारंपरिक लकड़ी नक्काशी की कला और यहाँ के कारीगरों की कार्यशैली का गहराई से अवलोकन किया।

खाता खेड़ी वुड कार्विंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस भ्रमण में प्रतिनिधिमंडल को पूरी मार्केट का दौरा कराया गया। प्रशिक्षुओं ने लकड़ी की नक्काशी की बारीकियों, कला की तकनीकी समझ और इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल की। कारीगरों ने उन्हें दिखाया कि किस प्रकार लकड़ी के साधारण टुकड़ों को कलात्मक रूप दिया जाता है।

प्रतिनिधिमंडल ने केवल कला की प्रशंसा ही नहीं की, बल्कि लकड़ी नक्काशी उद्योग से जुड़े कारीगरों की वास्तविक स्थिति और उन्हें पेश आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के अधिकारीगण उपायुक्त डॉ. बनवारी लाल और अपर आयुक्त सचिन जैन आदि भी साथ रहे। इस दौरान खाता खेड़ी वुड कार्विंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी सईद, सचिव परवेज मलिक, कोषाध्यक्ष नबील आलम, और उपाध्यक्ष भूरा दीवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 1 जनवरी तक स्कूल बंद रखने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 12वीं तक के विद्यालयों को 1 जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए हैं। यह आदेश आईसीएसई व सीबीएसईएवं यूपी बोर्ड सहित सभी विद्यालयों पर लागू होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि शीतलहरी के मद्देनजर सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेंगे और ठंड से बचाव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, साफ-सफाई बनी रहे।

# सुरेन्द्र को बनाया एलजेपी राष्ट्रीय महासचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** लोक जनशक्ति पार्टी के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान चंद गौतम ने रनियाला दयालपुर गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार बौद्ध को पार्टी के अनुसू. चत जाति जनजाति प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है।

सुरेंद्र कुमार बौद्ध ने इस नियुक्ति पत्र की छायाप्रति प्रेस को जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। यह नियुक्ति अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों के उत्थान एवं पार्टी की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। नियुक्ति की खुशी में सुरेंद्र कुमार बौद्ध के समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने मालाएं पहनाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख समर्थकों में रुस्तम राज, शिवकुमार कुशवाहा, राम सूर्या रमन, संजय कुमार, आर्यन कुमार, श्याम सिंह आदि शामिल थे। सभी समर्थकों ने इस नियुक्ति को अनुसूचित समुदाय के लिए एक नई ऊर्जा और प्रतिनिधित्व का प्रतीक बताया। सुरेंद्र कुमार बौद्ध ने कहा कि वे पार्टी के माध्यम से अपने समुदाय के हितों के लिए और अधिक सक्रियता से कार्य करेंगे।

# शौचालय पर लटके ताले स्वच्छ भारत अभियान को दिखा रहे ठेंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत में राहगीरों व दुकानदारों की सुविधा के लिए बनाये गये सार्वजनिक शौचालयों पर लटके ताले प्रधानमंत्री द्वारा चलाये गये स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं।

बता दें कि चिलकाना सुल्तानपुर नगर में बने सभी सार्वजनिक शौचालयों पर नगर निकाय द्वारा ताले लगाए जाने के कारण आसपास के दुकानदार व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सम्बंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते इन शौचालयों का ठीक से संचालन नहीं किया जा हैं। जबकि इन शौचालयों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये खर्च कर इस उद्देश्य से बनाया गया था कि राहगीरों अथवा दुकानदारों को खुले में शौच न करना पड़े।

लेकिन ठीक इसके विपरीत शौचालयों पर ताला लटका होने के कारण राहगीर व दुकानदार खुले में शौच करने पर मजबूर हैं। सुल्तानपुर नगर में रैन बसेरे के समीप बने शौचालय के साथ साथ फिरोजाबाद तिराहे व मोहल्ला मजहर हसन में बनाये गए सभी शौचालय लाखो रुपए खर्च करने के बाद भी बंद पड़े रहने के कारण मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं। जो कि सरकार के स्वच्छ भारत अभियान की मजाक बनाते हुए नजर आ रहे हैं।

इस विषय में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत इन सभी शौचालयों को बनवाकर जनता के लिए खोल दिया गया था। लेकिन कुछ शरारती तत्वों द्वारा शौचालयों में लगी टोंटियां चोरी करते हुए तोड़फोड कर दी गयी थी। इन सभी शौचालयों को चलाने के लिए केयर टेकर की आवश्यकता है लेकिन नगर पंचायत के पास इतना बजट नहीं है कि अपनी ओर से केयर टेकर रख सके। उन्होंने बताया कि सरकार से मेंटीनेंस व केयर टेकर के लिए मांग की जायेगी। केयर टेकर मिलने के बाद ही इन शौचालयों को सुचारू रूप से प्रयोग में लाया जा सकेगा।

## ज्ञापन सौंपा

**सहारनपुर।** हर घर जलदृहर घर नल मिशन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत न कराए जाने के विरोध में मंगलवार को ग्राम प्रधानों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

ग्राम प्रधानों ने इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष बंसल को एक ज्ञापन भी सौंपा। इससे पहले संगठन अध्यक्ष संजय वालिया के नेतृत्व में ग्राम प्रधान हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए, जहां से नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संजय वालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जलदृहर घर नल के तहत गांवों में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की गई, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई।

# हिन्दू समाज अधिक बच्चें करे पैदाः साध्वी प्राची




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** सनातन रक्षक परिषद द्वारा सोमवार को रुड़की रोड स्थित देवरत्ना फार्म हाउस में आयोजित सनातन धर्म सम्मेलन में मुख्य वक्ता साध्वी डॉ. प्राची ने मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि के मद्देनजर हिंदू समाज से अधिक बच्चे पैदा करने और संस्कारयुक्त संतान तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हिंदू समाज समय रहते नहीं जागा तो आने वाले 10 वर्षों में स्थिति और गंभीर हो जाएगी।

सम्मेलन में साध्वी प्राची ने पश्चिम बंगाल और असम में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए केंद्र सरकार से कठोर कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंगाल में बहुसंख्यक समाज पलायन करने को मजबूर है और यह हिंदुओं के खिलाफ खुला षड्यंत्र है।

लव जिहाद के लिए विदेशी फंडिंग पर रोक लगाने की भी आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश में शांति का श्रेय देते हुए उन्होंने हिंदू एकता पर बल दिया।सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथियों में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, सनातन रक्षक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर महेशानंद गिरि, महंत सहजानंद ब्रह्मचारी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार बेरी शामिल रहे। सरस्वती शिशु मंदिर नानौता की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

महंत रविंद्र पुरी और अन्य संतों ने हिंदू समाज से मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आग्रह किया। बड़ी संख्या में उपस्थित संतों व प्रति. निधियों ने हाथ उठाकर सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया। सनातन संस्कृति के संवर्धन में योगदान देने वालों को पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को पुरुषोत्तम शर्मा, सुधांशु वत्स, अनिल शर्मा, राकेश बंसल, रमेश सैनी सहित कई पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। आयोजन में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025

# नस्लीय सोच

देहरादून में एक युवा की नस्लीय टिप्पणी के कारण हुई मौत ने देश को झकझोर दिया है। यह घटना पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति देश में मौजूद गहरी नस्लीय सोच को उजागर करती है। इस मामले में सख्त कार्रवाई और नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की जा रही है। 'मैं भारतीय हूं' देहरादून में दम तोड़ने वाले त्रिपुरा के एंजेल चकमा के ये आखिरी शब्द हर भारतीय को झकझोरने वाले होने चाहिएं। अपनी पहचान से संघर्ष करते हुए एक युवा को जान देनी पड़ी। यह शर्मनाक है कि देश के भीतर देश के ही कुछ हिस्सों के लोगों की भारतीयता पर बार-बार सवाल उठाए जाते हैं। 24 साल के एंजेल पिछले एक साल से देहरादून में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। 9 दिसम्बर को वह अपने भाई माइकल के साथ कुछ सामान लेने निकले थे, जब कुछ लड़कों ने उन पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। एंजेल ने जब विरोध किया कि हम चीनी नहीं हैं, तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस शुक्रवार को एंजेल ने दम तोड़ दिया, जबकि माइकल की हालत गंभीर है। 6 में से 5 आरोपी अरेस्ट हो चुके हैं। इस घटना से त्रिपुरा और पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में जबरदस्त गुस्सा है और यह जायज भी है। अमेरिका, यूरोप या ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों के खिलाफ नस्लभेदी अपराध होने पर जो देश विरोध जताता है, उसके भीतर ही कुछ तबकों में इतनी गहरी और खतरनाक नस्लीय सोच मौजूद है। इनके निशाने पर बार-बार पूर्वोत्तर के लोग आते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च ने 2021 में एक स्टडी के नतीजे जारी किए थे। तब सर्वे में शामिल पूर्वोत्तर के 78 प्रतिशत लोगों का मानना था कि उन्हें उनके चेहरे-मोहरे के कारण निशाना बनाया जाता है। यह बताता है कि लोगों में अपने ही देश के बारे में कितनी कम जागरूकता है। दूसरी बात, पूर्वोत्तर के लोगों को देश के कई हिस्सों में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी हर घटना के बाद कड़ी कार्रवाई की बात की जाती है, लेकिन सवाल है कि क्या उनसे कोई सबक लिया जा रहा? 2014 में दिल्ली में अरुणाचल के छात्र नीदो तानिया को इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। वहां से अभी तक, क्या कोई बदलाव आया है एंजेल की मौत के बाद कई संगठनों ने नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की है, जो बिल्कुल सही है। नस्लवाद देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि जब भी भारत के किसी शहर में किसी एंजेल के साथ भेदभाव किया जाता है, तो उससे एक बड़े वर्ग की भावनाओं को चोट पहुंचती है। देश को ऐसा कानून चाहिए, जो इन मामलों में आरोपियों के प्रति सख्ती और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाए। यदि इस तरह का कानून नहीं बन पाता है, तो देश में इस तरह की सोच रखने वाले लोग फिर किसी एक और एंजेल के साथ इसी तरह की घिनौनी वारदात अंजाम देते रहेंगे। हमें चाहिए कि हम सब मिलकर देश को आगे की ओर ले जाएं, ना कि पीछे धकेलें।

## जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बना



उप्र में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है, भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है, निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशाई हो गईं, जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है, उप्र की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**

# वनों का कटान एक गंभीर समस्या



भारत में वनों की कटाई आज के समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं में से एक बन चुकी है। भारत प्राकृतिक संसाधनों, जैव विविधता और विविध जलवायु क्षेत्रों से समृद्ध देश रहा है, जहां सदियों से वन मानव जीवन, पशु-पक्षियों और पारिस्थितिक संतुलन का आधार रहे हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और विकास की अंधी दौड़ ने वनों पर अभूतपूर्व दबाव डाला है। वनों की कटाई केवल पेड़ों के काटे जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के विनाश, मिट्टी के कटाव, जल संकट और मानव जीवन की गुणवत्ता में गिरावट जैसे गहरे संकटों को जन्म देती है।

भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल वन और वृक्ष आवरण लगभग 8.27 लाख वर्ग किलोमीटर है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत है। देखने में यह आंकड़ा संतोषजनक लगता है, लेकिन इसके भीतर छिपी सच्चाई कहीं अधिक चिंताजनक है। हाल के वर्षों में घने और प्राकृतिक वनों का क्षेत्र लगातार घट रहा है, जबकि वृक्ष आवरण में हुई वृद्धि का बड़ा हिस्सा कृत्रिम पौधारोपण या सड़क किनारे लगाए गए पेड़ों से आया है। प्राथमिक या प्राकृतिक वन, जो जैव विविधता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं, सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। वैश्विक संस्थाओं की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में ही भारत ने लगभग 18 हजार हेक्टेयर प्राथमिक वन क्षेत्र खो दिया, जो पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। वर्ष 2001 से अब तक भारत लगभग 2.3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वृक्ष आवरण खो चुका है, जिससे करोड़ों टन कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में पहुंची है। वनों की कटाई के पीछे सबसे बड़ा कारण कृषि विस्तार है। बढ़ती आबादी की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जंगलों को खेतों में बदला गया। विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत और मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में झूम खेती या स्थानांतरित कृषि के कारण बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। यद्यपि यह परंपरागत खेती पद्धति रही है, लेकिन आज बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह टिकाऊ नहीं रह गई है और वनों के पुनर्जनन का समय नहीं मिल पाता। इसके अतिरिक्त अवैध कटाई भी वनों के विनाश का एक प्रमुख कारण है। लकड़ी, ईंधन और फर्नीचर उद्योग की बढ़ती मांग ने जंगलों में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। कई क्षेत्रों में संगठित गिरोह जंगलों से कीमती लकड़ी की तस्करी करते हैं, जिससे वन विभाग की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही खनन गतिविधियां, विशेष रूप से झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, बड़े पैमाने पर जंगलों को नष्ट कर रही हैं। खनन के लिए जंगल साफ किए जाते हैं, जिससे न केवल पेड़ कटते हैं बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है। तेजी से बढ़ता शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकास भी वनों की कटाई का एक बड़ा कारण बन चुका है। सड़कों, रेल लाइनों, बिजली परियोजनाओं, औद्योगिक गलियारों और आवासीय कॉलोनियों के निर्माण के लिए हजारों हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किया गया है। विकास की ये परियोजनाएं आर्थिक दृष्टि से आवश्यक मानी जाती हैं, लेकिन इनके दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों पर अक्सर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। कई बार वन भूमि को अन्य उपयोग के नाम पर गैर-वन क्षेत्र घोषित कर दिया जाता है, जिससे जंगलों का स्थाई नुकसान होता है। वनाग्नि भी वनों के विनाश का एक बड़ा कारण बनती जा रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि और वर्षा के पैटर्न में बदलाव से जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में हर वर्ष सैकड़ों हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे न केवल पेड़ नष्ट होते हैं, बल्कि वन्यजीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है और वायु प्रदूषण बढ़ता है। वनों की कटाई का सबसे गहरा प्रभाव जैव विविधता पर पड़ता है। भारत विश्व के उन देशों में शामिल है जहां जैव विविधता अत्यधिक समृद्ध है। लेकिन जंगलों के सिकुड़ने से वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है। बाघ, हाथी, तेंदुआ, गैंडा और अनेक पक्षी प्रजातियां लगातार अपने प्राकृतिक क्षेत्रों से बाहर आने को मजबूर हो रही हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं। कई प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं, जो पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। वनों की कटाई जलवायु परिवर्तन को भी तेज करती है।

जंगल कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण को संतुलित रखते हैं, लेकिन जब पेड़ काटे जाते हैं तो यही कार्बन वातावरण में मुक्त हो जाता है। इससे वैश्विक तापमान बढ़ता है, वर्षा चक्र प्रभावित होता है और सूखा, बाढ़ तथा हीटवेव जैसी आपदाएं अधिक तीव्र हो जाती हैं। भारत में हाल के वर्षों में मौसम की चरम घटनाओं में वृद्धि इसी असंतुलन का संकेत है। इसके अलावा वनों के नष्ट होने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है और कृषि उत्पादन प्रभावित होता है। जंगल वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे भूमि में समाहित करते हैं, लेकिन उनके अभाव में वर्षा का पानी बहकर नदियों में चला जाता है, जिससे बाढ़ और भूजल स्तर में गिरावट दोनों समस्याएं पैदा होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहराता जा रहा है, जिसका एक बड़ा कारण वनों का घटता क्षेत्र है। भारत सरकार ने वनों के संरक्षण के लिए कई नीतियां और योजनाएं लागू की हैं। वन संरक्षण अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और ग्रीन इंडिया मिशन जैसे प्रयास इसी दिशा में किए गए हैं। इसके अलावा क्षतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन प्राधिकरण यानी ब्‍डच्। के तहत जंगलों की कटाई के बदले नए पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है। हालांकि आलोचक मानते हैं कि केवल पौधारोपण से प्राकृतिक वनों की भरपाई संभव नहीं है, क्योंकि प्राकृतिक जंगलों का पारिस्थितिक ढांचा अत्यंत जटिल होता है। सरकार द्वारा उपग्रह निगरानी और डिजिटल मैपिंग के माध्यम से वनों की स्थिति पर नजर रखने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अवैध कटाई को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। फिर भी जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की कमी, भ्रष्टाचार और संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। वनों की रक्षा में स्थानीय समुदायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां-जहां ग्राम वन समितियों और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया है, वहां वन संरक्षण के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। आदिवासी समुदाय सदियों से जंगलों के साथ संतुलन बनाकर रहते आए हैं, इसलिए उनकी भागीदारी के बिना कोई भी संरक्षण नीति सफल नहीं हो सकती। साथ ही लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है, ताकि वे जंगलों को केवल संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार समझें। भविष्य की दृष्टि से भारत के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाया जाए। सतत विकास की अवधारणा को अपनाते हुए ऐसी नीतियां बनानी होंगी जिनमें आर्थिक प्रगति के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा भी सुनिश्चित हो। हरित ऊर्जा, वैकल्पिक ईंधन, पर्यावरण अनुकूल निर्माण और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसे कदम इस दिशा में सहायक हो सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि वनों की कटाई केवल पर्यावरण की समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। यदि आज हमने जंगलों को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित जीवन देना कठिन हो जाएगा। वनों का संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा है और यही सच्चे अर्थों में सतत विकास का मार्ग है।

**...साभार सीजीपीटी**

# ग्लोबल वार्मिंग मापने की नई तकनीक से आस

**अब अलास्का के समुद्र के अंडर-सी पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के बारे में हमें कई सारी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब यह तरीका अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है। केबल पर पड़ने वाला दबाव, केबल का तापमान आदि कारणों से प्रकाश के संचार पर असर होता है। अतः इस अनुसंधान से विकसित की गई तकनीक की बदौलत जहां-जहां भी अंडर-सी केबल हैं वहां के समुद्र तल के बारे में नई जानकारी पाना संभव हो सकता है।**

आजकल ग्लोबल वार्मिंग यानी धरती के गर्माने की बहुत बातें हो रहीं है। औद्योगीकरण के चलते हवा में कार्बन डाईऑक्साइड जैसी गैसों की मात्रा बढ़ी है, जिससे विश्व का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। यह एक बहुत ही धीमी रफ्तार से होने वाली प्रक्रिया है तथा तापमान में बदलाव भी बहुत थोड़ा-थोड़ा करके, एकाध डिग्री सेल्सियस से भी कम, होता है। हालांकि, इतने छोटे बदलाव से भी कई जगह अलग-अलग असर देखने को मिलते हैं। ये असर क्या हैं, उनके कारण पर्यावरण को क्या नुकसान हो रहे हैं या आगे क्या हो सकते हैं, यह जानने के लिए दुनिया में कई सारे वैज्ञानिक काम कर रहे हैं।

इसी प्रयास में वैज्ञानिकों ने यह देखा है कि तापमान वृद्धि का बड़ा असर उत्तरी ध्रुव के बर्फीले प्रदेशों पर हो रहा है। बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे हैं। यह परिणाम तो प्रत्यक्ष नजर आते हैं जिन्हें देखना काफी आसान और संभव है किंतु समुद्र के पानी में जो बदलाव हो रहा है वह जानना काफी मुश्किल है। वैज्ञानिक उन प्रभावों को ढूंढने और मापने के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं। अन्य जगहों के मुकाबले आर्कटिक वृत्त के पास के समंदरों के बारे में इस तरह की जानकारी पाना तो और भी मुश्किल है। यहां के समंदर का पानी साल भर काफी ठंडा रहता है और तो और, जाड़े के मौसम में कई जगह बर्फ जम जाती है। यह हुई ऊपरी हिस्से की बात। जैसे-जैसे हम समंदर की गहराई में जाते हैं, पानी का तापमान और कम होता जाता है। ज्यादा गहराई में जाने पर कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जहां पानी साल भर पूरी तरह बर्फ के रूप में जमा होता है और कभी पिघलता नहीं है। इसे समंदर के अंदर का स्थाई तुषार पर्माफ्रॉस्ट कहते है। वैज्ञानिकों को आशंका थी कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इस पर्माफ्रॉस्ट पर असर हुआ है और उस के कुछ हिस्से पिघलने लगे हैं परंतु जहां पहुंचना भी मुश्किल है, वहां इतनी गहराई में उतरकर कुछ नाप-जोख कर पाना लगभग असंभव है। हाल ही में साइंटिफिक अमेरिकन में छपी एक रिपोर्ट में एक नई तकनीक का जिक्र है जिसकी बदौलत अब हमें पर्माफ्रॉस्ट की हालत के बारे में जानकारी मिलना संभव हो गया गया है। पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने का अध्ययन इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि यदि यह बर्फ पिघली तो इसमें कैद कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन वगैरह वातावरण में पहुंचकर ग्लोबल वार्मिंग को और बढ़ा देंगी, तो क्या है यह तकनीक?

हम लोग केबल टीवी से तो काफी परिचित है। अपने घर के टीवी तक लगाए गए केबल के जरिए हम बहुत सारे टीवी चैनल देख पाते हैं। सिर्फ टीवी ही नहीं बल्कि हर प्रकार के संचार संकेतों के प्रेषण के लिए केबल डाली जाती है, जैसे टेलीफोन, टेलीग्राफ, इंटरनेट के लिए। जिस तरह हमारे शहरों में सड़कों के किनारे जमीन में केबल डाली जाती है, उसी तरह दो शहरों के बीच या दो देशों के बीच भी केबल रहती है। अलबत्ता यह केबल थोड़ी अलग किस्म की होती है। उनमें तार की जगह प्रकाशीय रेशों ऑप्टिकल फाइबर के बहुत से तंतु होते हैं। दो देश जमीन से जुड़े हों तो उनके बीच इस तरह की केबल डाली जा सकती है परंतु यदि हमें इंग्लैंड और अमरीका के बीच केबल डालनी है तो? उनके बीच तो अटलांटिक महासागर है। यह केबल अब समंदर के पानी के अंदर अंडर-सी बिछानी पड़ेगी। इस तरह की अंडर-सी केबल पहली बार 1858 में इंग्लैण्ड और फ्रांस के बीच इंग्लिश चैनल के आर-पार डाली गई थी। उस समय यह केबल टेलीग्राफ के लिए इस्तेमाल की जाती थी और वह काफी प्राथमिक स्तर की थी। अब इनमें काफी सुधार हुए हैं। दुनिया के सभी महासागरों में इस तरह की केबल डाली जा चुकी हैं। आजकल दुनिया का अधिकतर दूरसंचार इसी तरह के केबल द्वारा होता है। अब स्कूल में पढ़े कुछ विज्ञान को याद करते हैं। हम जानते हैं कि प्रकाश किरण एक सीधी रेखा में चलती है, पर माध्यम बदलने पर यह अपनी दिशा बदल लेती है। इसे हम अपवर्तन कहते हैं। माध्यम का घनत्व बदलने से भी प्रकाश किरणें दिशा बदलती हैं। इसका सामान्य उदाहरण मरीचिका है- यह प्रभाव इस कारण होता है कि गर्मी के दिनों में जमीन के पास की हवा अधिक गरम होने की वजह से विरल (कम घनत्व वाली) होती है। सैंडिया नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने ध्यान दिया कि आर्कटिक वृत्त के समुद्र के तले में कई केबल डली हुई हैं। उसमें से कुछ अलास्का के ब्यूफोर्ट सागर के तले पर मौजूद पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र से गुजर रही है। उन्होंने अंदाज लगाया कि पर्माफ्रॉस्ट के कारण केबल पर जो दबाव पड़ा होगा उससे अंदर के तंतुओं पर कुछ असर हुआ होगा। अतः उस जगह हमें प्रकाश किरण का अपवर्तन और विक्षेपण (यानी बिखराव) दिखाई देगा। उन्होंने केबल के असंख्य तंतुओं में से एक ऐसा तंतु चुना जिसका उपयोग नहीं हो रहा था। उसमें एक लेजर बीम छोड़ा और यह नापने की कोशिश की कि बीम का कहां-कहां और कैसे अपवर्तन तथा विक्षेपण होता है। चूंकि पर्माफ्रॉस्ट के कारण केबल पर जो असर हुआ वह बहुत सूक्ष्म था, लेजर बीम में होने वाला बदलाव भी न के बराबर रहा परंतु चार साल के अथक प्रयासों के बाद वैज्ञानिक अपने मकसद में कामयाब रहे।

**-साभार प्रभा**

# बुढ़ापे को दावत देता है लेपटॉप और मोबाइल में घुसे रहना

मोबाइल फोन और लैपटॉप से निकलने वाली ब्लू वेवलेन्थस (तरंगदैर्ध्य) स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है और इनके साथ अधिक समय बिताने से मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं तथा बुढ़ापे को असमय न्यौता देती हैं। अमेरिका की ऑरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने अपने ताजा शोध में यह खुलासा किया है और चाहे अनचाहे इस नीले प्रकाश के जद में जी रही मानव जाति की नियति पर चिंता जताई है। उनका दावा है कि प्राकृतिक प्रकाश के अलावा हर प्रकार की कृत्रिम रोशनी सेहत के लिए नुकसानदायक है। इनमें मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर और अन्य उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी के अलावा एलईडी ब्लब एवं ट्यूबलाइट से निकलने वाला दूधिया उजाला भी शामिल है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के प्रोफेसर (ईएनटी विशेषज्ञ) डा. अशोक कुमार ने बताया था कि मोबाइल फोन समेत तमाम वैज्ञानिक उपकरणों ने हमारे जीवन को नया आयाम दिया है लेकिन इनके लगातार तथा अधिक समय तक प्रयोग करने का हमें खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने अपने नये शोध में साबित किया है कि ब्लू वेवलेन्थस किस तरह मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हम आज कृत्रिम रोशनी और विद्युत चुंबकीय विकिरण (इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रेडिएशन) के साए में जी रहे हैं जो हमारी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूकता नहीं होने से हमें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कुछ लोगों को



अधिकांश समय ईयरफोन लगाए देखा जा सकता है। ईयरफोन लगाकर गाना सुनने की आदत ज्यादातर स्कूल-कॉलेज के बच्चों और ऑफिस में काम करने वाले लोगी की होती है। वे लगातार इसका उपयोग करते हैं। आलम यह है कुछ लोग लिटरली कानों को बंद करके सड़क भी पार करते हैं। कई ईयरफोन ऐसे होते हैं कि आप आवाज देते रहिए, लोग सुनेंगे नहीं। इस दौरान सड़क हादसे की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि देर तक ईयरफोन का उपयोग करने से मस्तिष्क तक आवाज पहुंचाने वाली कोशिकाएं गर्म होकर क्षतिग्रस्त होती हैं और उन्हें ठीक भी नहीं किया जा सकता। कान सिर्फ 65 डेसिबल तक की आवाज को सहन कर सकता है। लगातार तेज अवाज के संपर्क में रहने से हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त होती हैं और कालांतर बहरेपन की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप लगातार 10 घंटे तक ईयरफोन का इस्तेमाल करेंगे तो बहरेपन की शिकायत भी हो सकती है। हेडफोन से निकलने वाली विद्युत चुम्बकीय तरंगे मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। कुछ लोगों को रात में सोते हुए गाने सुनने की आदत होती है जिसका दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ता है। कुछ इसी तरह की बात हमारे ताजा शोध में आई है कि ब्लू वेवलेन्थस हमारे मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाओं को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। हमें सतर्क रहने की जरूरत है। एजिग एंड मेकैनिज्म ऑफ डिजीज में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि वैज्ञानिकों ने ड्रॉसोफिला मेलानोगेस्टर (फलों पर बैठने वाली मक्खियां) पर अध्ययन के दौरान ब्लू वेवेलेन्थस के हानिकारक प्रभावों को देखा है। अनुसंधानकर्ता प्रोफसर जे गिइबुल्टोविक्स की टीम ने बताया कि इन मक्खियों की सेलुलर (जीवकोषीय) और विकासात्मक (डिवेलप्मेन्टल) प्रक्रिया मनुष्यों और पशुओं से मेल खाती है, इसलिए इस शोध के लिए ये उपयुक्त थीं। उन्होंने कहा कि इन मक्खियों का बायोलॉजिक क्लॉक का अध्ययन किया गया। इनके एक झुंड को 12 घंटे मोबाइल, टैबलेट्स, कम्प्यूटर आदि उपकरणों की ब्लू वेवलेन्थस जैसी एलईडी लाइट में और 12 घंटे अंधेरे में रखा गया और दूसरे झूंड को ब्लू वेवलेंथस फिल्टर्ड में रखा गया। हमें बेहद चौंकाने वाले परिणाम मिले। उन्होंने कहा कि नीली रोशनी में रखी गईं मक्खियों के रेटिना और ब्रेन न्यूरोंस को क्षतिग्रस्त पाया गया। मक्खियां दीवार आदि पर बैठने समेत अपनी कई स्वभाविक क्रियाएं नहीं कर पाईं और शिशु मक्खियों की आंखें खुलने की प्रक्रिया रुक गई। हमने यह भी देखा कि मौका मिलने पर मक्खियों ने नीली रोशनी से शीघ्र अति शीघ्र भागने की कोशिश की। प्रोफसर गिइबुल्टोविक्स ने कहा कि वैसे तो हर तरह की कृत्रिम रोशनी हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक है, लेकिन शोध के दौरान हमने देखा कि ब्लू वेवलेन्थस से मुक्त वातावरण के मुकाबले ब्लू वेवलेन्थस वाले क्षेत्र में रखी गई मक्खियों की एजिग प्रक्रिया तेज थी। हमारे इस शोध का निष्कर्ष मनुष्यों पर भी लागू हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्यों न हम हर संभव कोशिश करें कि ब्लू वेवलेन्थस हमारे लिए मायाजाल न बने और इस तरह के उपकरणों के लंबे इस्तेमाल से स्वयं को सुरक्षित रखने के तमाम उपायों पर अमल करें।

**इस दौरान सड़क हादसे की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि देर तक ईयरफोन का उपयोग करने से मस्तिष्क तक आवाज पहुंचाने वाली कोशिकाएं गर्म होकर क्षतिग्रस्त होती हैं और उन्हें ठीक भी नहीं किया जा सकता। कान सिर्फ 65 डेसिबल तक की आवाज को सहन कर सकता है। लगातार तेज अवाज के संपर्क में रहने से हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त होती हैं और कालांतर बहरेपन की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप लगातार 10 घंटे तक ईयरफोन का इस्तेमाल करेंगे तो बहरेपन की शिकायत भी हो सकती है।**



पश्चिम बंगाल। नादिया जिले के फुलिया स्थित बीडीओ कार्यालय में सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए अपना नाम दर्ज कराती महिलाएं मतदाता।

## इंडोनेशिया के मनाडो में नर्सिंग होम में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत की राजधानी मनाडो में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। शवों की पहचान करने के लिए इंडोनेशियाई पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को दी। पोल्डा सुलुट के जनसंपर्क अधिकारी आलमस्याह पी. हसीबुआन के अनुसार, पीड़ितों के शवों की पहचान उत्तरी सुलावेसी क्षेत्रीय पुलिस (पोल्डा सुलुट) के भायंगकारा अस्पताल में की जा रही है। हसीबुआन के अनुसार स्थानीय समयानुसार रात लगभग 8:36 बजे मनाडो जिले के पाल दुआ जिले के रानोमुट उप-जिले में स्थित पांटी वर्धा दमाई नर्सिंग होम में आग लग गई। मनाडो नगर सरकार की तीन दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और रात लगभग 9:30 बजे आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी तुरंत इलाके को सुरक्षित करने और बचाव कार्यों में सहायता करने के लिए सक्रिय हो गए।

## इस्लामिक स्टेट के खिलाफ छापेमारी में सात तुर्की पुलिसकर्मी घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत यालोवा में संदिग्ध इस्लामिक स्टेट (आईएस) सदस्यों को निशाना बनाकर किए गए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी में सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकारी प्रसारक टीआरटी की रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया कि प्रांतीय पुलिस इकाइयों ने एलमालिक गांव के एक घर पर छापा मारा, जहां छापेमारी अभियान के दौरान आईएस सदस्यों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के बाद, पड़ोसी प्रांत बर्सा से विशेष ऑपरेशन पुलिस को छापेमारी में मदद करने के लिए तैनात किया गया, जो आसपास के क्षेत्र में बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के तहत जारी है। मुठभेड़ में घायल हुए पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर बनी हुई है।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में आग लगाई

## दरवाजे बाहर से बंद थे, लोग बाड़ काटकर घर से निकले, पांच संदिग्ध गिरफ्तार किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगाने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार, 27 दिसम्बर को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है। परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे।

लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। घटना का एक वीडियो



■ आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने ईशनिंदा के झूठे आरोप में मार दिया था। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।

# पानी को हथियार बना रहा भारत: शेरी रहमान

## भारत में पर्यावरण मंत्रालय के तहत पैनल ने चिनाब नदी पर जलविद्युत परियोजना को मंजूरी पर दिया पाक सांसद ने तीखा बयान



■ भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 के पुराने सिंधु जल समझौते को निलंबित करना शामिल था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक सांसद सोमवार को भारत पर पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के संबंधों में तनाव को और बढ़ा सकता है। यह टिप्पणी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सांसद शेरी रहमान ने की। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब भारत में पर्यावरण मंत्रालय के तहत एक पैनल ने चिनाब नदी पर जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दी।

इससे पहले, अप्रैल में पहलगाम में हुए खौफनाक आतकंवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित कर दिया था। रहमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 260 मेगावाट की दुलहस्ती चरण-सेकेंड जलविद्युत परियोजना को हरित पैनल ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने इसे सिंधु जल संधि का उल्लंघन करार दिया और कहा कि पानी को हथियार बनाना न तो समझदारी है और न ही स्वीकार्य है। खासकर यह क्षेत्र पहले से ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणी दबाव में है। यह पहले से ही शत्रुता और अविश्वास से भरे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 के पुराने सिंधु जल समझौते को निलंबित करना शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में तैयार किया गया यह समझौता 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और इसकी सहायक नदियों के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करता रहा है। जलविद्युत परियोजनाओं की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने इस महीने अपनी 45वीं बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दे दी। अब इसके निर्माण के लिए निविदाओं की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 3200 करोड़ रुपये से अधिक है। पैनल ने कहा कि चिनाब बेसिन का पानी भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि के नियमों के अनुसार बांटा जाता है और इस परियोजना के नियम और योजनाएं इसी समझौते के अनुसार बनाई गई हैं। हालांकि, सिंधु जल समझौता 23 अप्रैल 2025 से निलंबित है। जब सिंधु जल संधि लागू थी, तब पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों पर अधिकार था, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलज पर अधिकार था। अब जब यह संधि निलंबित है तो भारत सिंधु बेसिन में कई जलविद्युत परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहा है।

## भारत में अल्पसंख्यकों पर हमले चिंता का विषय: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने भारत में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है। पाकिस्तान का कहना है कि ऐसी घटनाएं भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती नफरत का संकेत देती हैं और इस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को ध्यान देना चाहिए।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी के मुताबिक भारत में क्रिसमस से पहले धार्मिक प्रतीकों और सजावट को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे ईसाई समुदाय में डर का माहौल बना। अंद्राबी ने ये आरोप भी लगाया कि मुसलमानों के खिलाफ घरेलू हिंसा, घरों को गिराए जाने और भीड़ द्वारा लिंचिंग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना गहरी हो रही है। पाकिस्तान ने इस दौरान 2015 में हुए मोहम्मद अखलाक हत्याकांड का भी जिक्र किया। अंद्राबी ने कहा कि इस मामले में भारतीय अधिकारियों

■ क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई

ने आरोपियों को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि इन घटनाओं से न सिर्फ मुसलमानों बल्कि दूसरे अल्पसंख्यकों में भी डर का माहौल है। इसी वजह से पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इन मामलों को गंभीरता से देखे और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने जिस घटना का जिक्र किया, वह 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई थी। रायपुर के मैग्नेटो माल में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस के मौके पर की गई सजावट और सांता की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में पुलिस ने 27 दिसम्बर को 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया

## आपका खराब रिकॉर्ड सब बयां कर रहा भारत का पाकिस्तान पर पलटवार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत में क्रिसमस पर अपवाद के तौर पर हुई तोड़फोड़ की खबरों पर ज्ञान देने की कोशिश की। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर अब भारत सरकार ने पड़ोसी देश की सरकार को दो टूक सुना दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उस देश की कथित टिप्पणियों को खारिज करते हैं जिसका इस मामले में बेहद खराब रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है, विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों पर पाकिस्तान का भयावह और सुनियोजित उत्पीड़न एक सर्वविदित तथ्य है। किसी भी तरह के आरोप-प्रत्यारोप इसे छिपा नहीं सकते हैं। भारत में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ की छिटपुट घटनाओं और भारत में तथाकथित तौर पर मुसलमानों के खिलाफ हिंसा को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने जहर उगला था। यहां सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस तरह का ज्ञान वो पाकिस्तान दे रहा है, जहां आए दिन अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बरता के मामले सामने आते रहते हैं।

## यूक्रेन वार्ता में प्रगति हुई है, पर अभी भी कुछ जटिल मुद्दे बाकी: ट्रम्प

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद कहा कि 'फ्लोरिडा वार्ता' के दौरान यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है, लेकिन 'एक या दो बहुत जटिल मुद्दे' अभी भी बाकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सवाल टकराव वाले क्षेत्रों (जमीन) को लेकर था। रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे।

जेलेंस्की ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे 20-सूत्रीय शांति योजना के '90 प्रतिशत' हिस्से पर समझौते पर पहुंच गए हैं, वहीं ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी का काम 'लगभग 95 प्रतिशत' पूरा हो गया है। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के दल चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत करने के लिए अगले सप्ताह यूक्रेन में मिलेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बाद में टेलीग्राम ऐप पर एक बयान में कहा कि हमने सभी मुद्दों पर सार्थक बातचीत की और हम पिछले हफ्तों में यूक्रेनी और अमेरिकी दलों द्वारा की गई प्रगति को बहुत महत्व देते हैं। रूस ने फरवरी



■ रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे

2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था, और रूस ने इस समय यूक्रेनी क्षेत्र के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रम्प ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र, जिस पर रूस का काफी हद तक नियंत्रण है, उसे विसैन्यीकृत क्षेत्र में बदलने का प्रस्ताव 'अनसुलझा' बना हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उस जमीन का कुछ हिस्सा ले लिया गया है। उस जमीन का कुछ हिस्सा शायद हासिल किया जा सकता है, लेकिन इस पर अगले कुछ महीनों की अवधि में कब्जा भी किया जा सकता है। रूस ने इस समय डोनेत्स्क क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत और पड़ोसी लुहान्स्क के लगभग 99 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैक्सिको ट्रेन दुर्घटना में 13 मरे, 98 घायल

**मैक्सिको सिटी।** दक्षिणी मैक्सिको में सलिना क्रूज-कोत्जाकोआल्कोस मार्ग पर 'इंटरओशनिक ट्रेन' के पटरी से उतरने से 13 लोगों की मौत हो गई है और 98 लोग घायल हो गए हैं। मैक्सिको की नौसेना सचिवालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने एक बयान में बताया कि ओक्साका और वेराक्रूज राज्यों को जोड़ने वाली इंटरओशैनिक ट्रेन रविवार को निजांडा कस्बे के पास एक मोड़ से गुजरते समय पटरी से उतर गई थी।

### कश्मीर में हिमपात पूर्वानुमान से पहले रात के तापमान में वृद्धि

**श्रीनगर।** मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को कश्मीर घाटी में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आ सकता है जिसके कारण घाटी के इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बर्फवारी हो सकती है। मौसम संबंधी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर में रात के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यहां न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस से बहुत ज्यादा है।

### अमेरिका में सड़क हादसे में तेलंगाना की दो छात्राओं की मौत

**हैदराबाद।** अमेरिका में सड़क दुर्घटना में तेलंगाना की दो छात्राओं की मौत हो गई है। सोमवार को मिली सूचना के अनुसार, मृतकों की पहचान मेघननारानी (25) और कडियाला भावना (24) के रूप में हुई है। दोनों महबूबाबाद जिले के गरला मंडल की निवासी थीं।

## बीएनपी के नेता तारीक रहमान ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने सोमवार को आगामी चुनावों के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। 'डेली स्टार' की रिपोर्ट के मुताबिक, नामांकन पत्र सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे सेगुनबागीचा स्थित ढाका संभाग आयुक्त के कार्यालय में जमा किए गए।

बीएनपी अध्यक्ष के सलाहकार अब्दुस सलाम ने बांग्लादेश डाक्टर संघ (डीएबी) के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर डा. फरहद हलीम डोनार के साथ मिलकर तारिक रहमनान की ओर से नामांकन पत्र जमा किए। तारिक रहमान 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में ढाका-17 सीट से चुनाव लड़ेंगे। 13वें संसदीय चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। अब्दुस सलाम ने मीडिया के जरिये सभी

■ 13वें संसदीय चुनाव के लिए ढाका 17 सीट से लड़ेंगे चुनाव

का आभार जताया और कहा कि 17 साल के निर्वासन के बाद तारिक रहमान का शहरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ढाका-17 के लोग 12 फरवरी के चुनाव में अपनी इच्छा से तारिक रहमान के पक्ष में मतदान करेंगे। रविवार को बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने चुनाव से कुछ हफ्ते पहले तारिक रहमान का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अनुमति दी। एक दिन पहले तारिक रहमान ने चुनाव आयोग कार्यालय का दौरा किया था और बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए अपनी उंगलियों के निशान और आंखों की स्कैन प्रक्रिया पूरी की थी।

# चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरा

## अभ्यान शुरू, जवाब में ताइवान ने काउंटर काम्बैट एक्सरसाइज लॉन्च की, तीनों सेनाएं भी अलर्ट पर

**बीजिंग/ताइपे।** चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीनी सेना ने ताइवान के उत्तर, उत्तर-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और पूर्वी तट के पास अलग-अलग जोन बनाकर लाइव-फायर ड्रिल शुरू की है।

चीन की कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने भी काउंटर काम्बैट एक्सरसाइज शुरू कर दी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अलर्ट पर रखा गया है। चीनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। ताइवान ने अपनी सेनाओं को तैनात कर काम्बैट-रेडीनेस ड्रिल शुरू की है। ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। ताइवान कोस्ट गार्ड के मुताबिक, चीन के सैन्य अभ्यास से जहाजों की आवाजाही और मछुआरों की सुरक्षा

■ ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया

पर खतरा पैदा हो गया है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के मुताबिक, इस अभ्यास में नौसेना, वायुसेना और राकेट फोर्स को एक साथ तैनात किया गया है। ड्रिल में युद्धपोत, फाइटर जेट, बाम्बर, ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए समुद्री और हवाई टारगेट को निशाना बनाने, बंदरगाहों की नाकाबंदी और बाहरी दखल को रोकने का अभ्यास किया जा रहा है। इसके साथ ही चीनी कोस्ट गार्ड को भी ताइवान के आसपास समुद्र में एक्टिव किया गया है। इस सैन्य अभियान को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीनी सेना ने कहा है कि यह अभ्यास ताइवान की 'अलगाववादी ताकतों' और बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी है। द गार्डियन ने डिफेंस एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया है कि इस बार चीन का अभ्यास पहले से ज्यादा बड़ा है और ताइवान के बेहद करीब किया जा रहा है। खासकर पूर्वी तट के पास बनाए गए सैन्य जोन को अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी दिशा से संकट के समय ताइवान को अंतर्राष्ट्रीय मदद मिल सकती है। चीन के इस युद्धाभ्यास की वजह अमेरिका और ताइवान के बीच हुई हथियारों की डील मानी जा रही है। अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को करीब 11.1 अरब डालर के हथियार बेचने की घोषणा की थी, जो अब तक का सबसे बड़ा रक्षा पैकेज है। इसमें आधुनिक मिसाइल सिस्टम, राकेट लॉन्चर और अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। इस डील से चीन भड़क गया, क्योंकि वह ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है।







# ऑस्ट्रेलिया भेजी जाने वाली सभी चीजों पर शुल्क शून्य हो जाएगा

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के तहत होने जा रहा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत से आस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले सभी तरह के माल पर आगामी पहली जनवरी से शून्य-शुल्क दर पर प्रवेश मिलेगा। यह दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते के तहत होने जा रहा है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा) की तीसरी सालगिरह के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया, 1 जनवरी 2026 से, भारतीय निर्यात के लिए 100 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई टैरिफ लाइनें (वस्तु श्रेणियां) शून्य-शुल्क वाली होंगी, जिससे (भारत के) श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता दो अप्रैल 2022 को हुआ था और यह 29 दिसम्बर 2022 को प्रभाव में आया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच इस समय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीका) की बातचीत प्रगति



■ भारत और ऑस्ट्रेलिया साथ मिलकर साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं

पर है। भारत का कहना है कि इस समझौते से मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के सपने के साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक में भारत की आर्थिक भागीदारी को मजबूती मिल रही है। साथ मिलकर, भारत और ऑस्ट्रेलिया साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले तीन सालों में, इस समझौते से भारत के निर्यात में वृद्धि, बाजार प्रवेश में आसानी और आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती आई है तथा जिससे भारतीय निर्यातकों, सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों , किसानों और मजदूरों सभी को फायदा हुआ है। मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 8 प्रतिशत बढ़ा, जिससे भारत का आस्ट्रेलिया के साथ व्यापार संतुलन बेहतर हुआ है। इससे विनिर्माण, रसायन, कपड़ा, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोलियम उत्पाद और रत्न और आभूषण क्षेत्रों में मजबूत बढ़त देखी गई है। यह समझौता कृषि-निर्यात में व्यापक वृद्धि लेकर आया है। इससे वहां भेजे जाने वाले फल और सब्जियों, समुद्री उत्पादों, मसालों में तेजी से वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार इससे आस्ट्रेलिया को कॉफी के निर्यात में असाधारण वृद्धि हुई। अप्रैल-नवम्बर 2025 में वहां के लिए रत्न और आभूषण निर्यात में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## हूती नेता की चेतावनी: सोमालीलैंड में इजरायली ठिकाना बना, तो करेंगे सैन्य हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह ने इजरायल और सोमालीलैंड के बीच बढ़ती नजदीकियों को लेकर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगर सोमालीलैंड की धरती पर इजरायल अपनी कोई भी उपस्थिति दर्ज कराता है, तो उसे हूती सेना का 'सैन्य लक्ष्य' माना जाएगा। हूती कमांडर अब्दुलमलिक अल-हूती ने रविवार को स्पष्ट किया कि सोमालीलैंड (सोमालिया का अलग हुआ क्षेत्र) को इजरायल की दी गई मान्यता न केवल सोमालिया की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि यह यमन और पूरे अरब जगत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उसने आरोप लगाया कि इजरायल इस क्षेत्र का उपयोग अफ्रीकी देशों और यमन के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधियों के लिए एक 'लॉन्च पैड' के रूप में करना चाहता है। हूती कमांडर ने सोमालिया के लोगों के प्रति एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि उनका समूह सोमालिया की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। उसने मुस्लिम और अरब देशों से अपील की कि वे इजरायल के इस 'विस्तारवाद' के खिलाफ एकजुट होकर कड़ा रुख अपनाएं।